लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष -34, अंक -31, पृष्ठ -14+4, मूल्यः - 5 रुपये

लखनऊ, रविवार, 25 फरवरी 2024

www.amritvichar.com



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, विरासत का नायाब तोहफा हैं विंटेज कारें व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।



दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करेंगी जाह्नवी... 13

**आज का मौसम**

27.0° अधिकतम तापमान | 13.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में आंशिक बादल, धूप खिली रहेगी।

सूर्योदय 06 : 37
सूर्यास्त 06 : 07

# यात्री बसों, भारी वाहनों में भी लगानी होगी सीट बेल्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईआरएफ का राजमार्ग मंत्रालय से अनिवार्य करने का अनुरोध

सड़क सुरक्षा के वैश्विक निकाय इंटरनेशनल रोड फेडरेशन (आईआरएफ) ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) से सड़क दुर्घटनाओं में हताहतों और घायलों को कम करने के लिए यात्री बसों और स्कूल बसों सहित सभी भारी वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य करने का आग्रह किया है।

आईआरएफ के मानद अध्यक्ष केके कपिला ने मंत्रालय को लिखे पत्र में कहा कि बसों में सीट बेल्ट उपलब्ध कराने की तत्काल जरूरत है, जिसे अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल दहला देने वाली यात्री बस दुर्घटनाएं हुई हैं जिनमें निर्दोष लोगों की जान चली गई। उनमें से कई लोग बच गए होते, अगर उन्होंने सीट बेल्ट लगा रखी होती। कपिला ने बताया कि 2021 के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका में बस हादसों में केवल 14 व्यक्तियों की जान गई। 2022 में चीन में 215 मौतें हुईं। उन्होंने बताया कि विकासशील और विकसित दोनों देशों ने बसों जैसे सार्वजनिक परिवहन के लिए कड़े सुरक्षा मानकों को अपनाकर उल्लेखनीय परिणाम हासिल किए हैं।

## उप्र पुलिस में 60,244 पदों के लिए 17-18 फरवरी को हुई परीक्षा में 48 लाख अभ्यर्थी हुए थे शामिल

# सिपाही भर्ती परीक्षा निरस्त, छह माह बाद फिर से होगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- पेपर लीक होने के प्रकरण की एसटीएफ करेगी जांच
- अभ्यर्थियों को मिलेगी रोडवेज बस में मुफ्त यात्रा सुविधा

**अमृत विचार :** पेपर लीक होने की खबरों के बीच शासन ने उप्र पुलिस में सिपाही के 60,244 पदों के लिए हुई परीक्षा-2023 को निरस्त कर दिया है। 17 व 18 फरवरी को आयोजित इस परीक्षा में 48 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परीक्षा के संबंध में जारी एसटीएफ की जांच और अब तक की कार्रवाई की समीक्षा करते हुए शनिवार को मुख्यमंत्री के निर्देश पर यह फैसला किया गया। मुख्यमंत्री ने अगले छह माह के भीतर दोबारा परीक्षा आयोजित करने के निर्देश देते हुए कहा कि युवाओं की मेहनत से खिलवाड़ और परीक्षा की शुचिता से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे अराजकतत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी तय है।

शासन ने पुलिस भर्ती बोर्ड को यह निर्देश दिए हैं कि जिस भी स्तर पर लापरवाही बरती गई है, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शासन ने प्रकरण की जांच एसटीएफ से कराए जाने का फैसला किया है। दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। शासन ने छह माह में पुनः परीक्षा आयोजित करने तथा उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों से अभ्यर्थियों को निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए हैं।

## आरओ/एआरओ परीक्षा की शिकायतों की होगी जांच

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन ने 27 फरवरी तक मांगे साक्ष्य

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र. लोक सेवा आयोग द्वारा बीते 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा - 2023 से जुड़ी शिकायतों की जांच कराने का निर्णय लिया है।

इस संबंध में अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक डॉ देवेश चतुर्वेदी ने आदेश भी जारी कर दिया है। आदेश के मुताबिक बीते 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा - 2023 के संबंध में शासन को संज्ञान में लाए गए तथ्यों एवं शिकायतों के दृष्टिगत परीक्षा की शुचिता व पारदर्शिता के उद्देश्य में यह निर्णय लिया गया है कि परीक्षा के संबंध में प्राप्त शिकायतों का शासन स्तर पर परीक्षण किया जाए। आदेश में कहा गया है कि इस परीक्षा के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा इसकी शुचिता को प्रभावित करने वाले तथ्यों को संज्ञान में लाना चाहें तो वह अपना नाम तथा पूरा पता तथा साक्ष्यों सहित कार्मिक व नियुक्ति विभाग के ई-मेल आई.डी. secyappoint@nic.in पर 27 फरवरी तक उपलब्ध करा सकते हैं।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा





एम. के. बन्धानी हींग

हर समझदार गृहणी की पसन्द

51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर

फोनः 9519456555, 9695416555

# ट्रैक्टर ट्रॉली तालाब में गिरी, 23 की मौत

## मृतकों में 13 महिलाएं और 9 बच्चे, अचानक ट्रॉली के पहिए की बैरिंग टूटने से हुई दुर्घटना

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** कासगंज में गंगा स्नान के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली बैरिंग टूटने से अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गई। हादसे में 23 लोगों की मौत हो गई जबकि 20 से अधिक घायल हैं। कमिश्नर,आईजी, डीएम, एसपी, राजस्व मंत्री ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

एटा जिले के थाना जैथरा क्षेत्र के गांव नगला कसा निवासी गौरव के छह माह के बेटे का मुंडन होना था। शनिवार को माघ पूर्णिमा पर बच्चे के मुंडन संस्कार को लेकर गौरव के परिवार में भारी उत्साह था। परिजनों, रिश्तेदारों के अलावा गांव के लोगों के साथ आसपास के गांव खिड़िया, रोरी, बरार के भी कुछ ग्रामीण ट्रैक्टर ट्रॉली से गंगा घाट कादरगंज जा रहे थे। ट्रैक्टर गौरव ही चला रहे थे। पटियाली कोतवाली क्षेत्र के गांव ककराला के समीप पहुंचे कि अचानक ट्रॉली के पहिए का बैरिंग टूटने से ट्रॉली अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में पलट गई और श्रद्धालु पानी में डूब गए। आसपास के ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची इससे पहले ही ग्रामीण ट्रॉली को सीधा करने का प्रयास करने लगे। बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों ने ट्रॉली को हटाया फिर डूबे लोगों को बाहर निकालना शुरू किया। पुलिस भी मदद में जुट गई। लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया जहां एक-एक कर कई लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। दोपहर बाद तक मृतकों की संख्या 23 पहुंच गई। मृतकों में 13 महिलाएं, 9 बच्चे हैं।



तालाब में डूबे लोगों को जेसीबी से बाहर निकालती पुलिस और ग्रामीण।



घायल बालक को जिला अस्पताल लेकर जाते स्वास्थ्य कर्मी।

घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण एवं राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान को एटा के गांव कसा एवं कासगंज के गांव ककराला पहुंचने के निर्देश दिए। कमिश्नर रविंद्र कुमार, आईजी शलभ माथुर, डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक भी मौके पर पहुंचे। सांसद राजवीर सिंह के अलावा विधायकों ने भी मौके पर और अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। घटना में 20 से अधिक लोग घायल बताए गए हैं, जिनका उपचार चल रहा है।

- एटा के गांव नगला कसा से स्नान मुंडन के लिए जा रहे थे गंगा घाट

> घटना दुखद है। शाम तक 23 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। घायलों का उपचार कराया जा रहा है। एटा और कासगंज जिला प्रशासन पीड़ित परिवारों की मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। घटनास्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से पूरी जानकारी ली है। घायलों के इलाज के लिए हर पल नजर रखी जा रही है।
> -**रविंद्र कुमार**, मंडलायुक्त अलीगढ़।

### केंद्र और राज्य सरकार ने की आर्थिक मदद की घोषणा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के कासगंज में हुई दुर्घटना में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है और प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। इससे पहले मोदी ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार द्वारा मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों के परिजनों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है।

# सीएम के फ्लीट की गाड़ी कार से भिड़ी, 15 घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के अर्जुनगंज बाजार में मुख्यमंत्री सुरक्षा में चलने वाली एंटी-डेमो गाड़ी सामने जा रही कार से टकरा गई। हादसा शनिवार शाम एंटी-डेमो के सामने कुत्ते के आने के कारण हुआ। हादसे में 15 लोग घायल हो गए। इसमें 6 पुलिसकर्मी और 9 अन्य कार सवार हैं। सभी को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से ट्रामा सेंटर व राममनोहर लोहिया संस्थान रेफर कर दिया गया। सभी की हालत नाजुक बताई जा रही है।

संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल के मुताबिक, यह दुर्घटना शाम लगभग 7:45 बजे हुई। मुख्यमंत्री के फ्लीट में शामिल इंटरसेप्टर और एंटी-डेमो सहित जिला पुलिस के वाहन एयरपोर्ट से कालीदास मार्ग पर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो कैंट के अर्जुनगंज बाजार के पास एंटी-डेमो वाहन के सामने एक कुत्ता आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े कई वाहनों से टकरा गई। हादसे में पुलिसकर्मी राम सिंह, अवध नारायण, मो. सलीम, विजय प्रताप, शिवम यादव, विजय कुशवाहा और सिविलियन सुशीला पत्नी संतोष, प्रिया, अस्फाशा सिद्दीकी, हसनैन, खालिद आजम, कार्तिक त्रिपाठी, शाहनाज, एक अज्ञात महिला और मुस्तकीम शामिल हैं।



- अनियंत्रित एंटी-डेमो गाड़ी के सामने कुत्ता आने से हुआ हादसा

### प्रमुख सचिव गृह और डीजीपी पहुंचे अस्पताल

हादसे की सूचना मिलते ही प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, पुलिस कमिश्नर एसबी शिरडकर, जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार सहित कई अधिकारी पहुंचे। हादसे के बारे में जानकारी हासिल किया। प्रमुख सचिव गृह व डीजीपी ने सभी घायलों के बेहतर इलाज के इंतजाम का निर्देश दिया।

## एक नजर

### आतंकवाद मामले में चार के घर किए गए कुर्क

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मादक पदार्थों की बिक्री से अर्जित आय से आतंकी गतिविधियों के वित्त पोषण के मामले में जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शनिवार को चार आरोपियों के आवास कुर्क किए। एनआईए ने एक बयान में कहा कि यह मामला मादक पदार्थों से अर्जित धन का इस्तेमाल जम्मू कश्मीर के हंदवारा-कुपवाड़ा क्षेत्र में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और हिज्बुल मुजाहिदीन द्वारा आतंकी गतिविधियों का वित्त पोषण करने के लिए किए जाने से संबद्ध है।

### पीएम ने मंत्रियों से मांगी 100 दिन की कार्य योजना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कैबिनेट मंत्रियों से ऐसी योजना तैयार करने और उसे तीन मार्च को मंत्रिपरिषद की बैठक में पेश करने को कहा है, जिसका क्रियान्वयन व आकलन किया जा सके तथा वह स्पष्ट रूप से परिभाषित हो। सरकारी सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि मोदी ने 21 फरवरी को अपने मंत्रिमंडल के सहकर्मियों को अगले 100 दिनों के लिए एक कार्य योजना तैयार करने को कहा था।

### डीयू में छात्रों को प्रदान की गई मां के नाम वाली डिग्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने शनिवार को अपने 100वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में एक लाख से अधिक विद्यार्थियों को विशेष प्रकार के डिग्री प्रमाणपत्र प्रदान किए, जिन पर उनकी मां का नाम लिखा हुआ था। डीयू के दीक्षांत समारोह में प्रदान किए गए ये प्रमाणपत्र 'करेंसी जैसी' सुरक्षा विशेषताओं से लैस हैं। छात्रों ने कहा कि नई डिग्री में जोड़ी गई सुरक्षा विशेषता उठाया गया एक बहुत अच्छा कदम है।

## अब 'पैलेस ऑन व्हील्स' में भी हो सकेंगी 'डेस्टिनेशन वेडिंग'





- राजस्थान सरकार ने दी मंजूरी

**जयपुर।** दुनिया की सबसे खूबसूरत और शानदार ट्रेनों में शामिल 'पैलेस ऑन व्हील्स' में जल्द ही कारपोरेट बैठकें की जा सकेंगी और शादी ब्याह की फोटोग्राफी करवाई जा सकेगी। राजस्थान सरकार ने इसके लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इसके तहत 'डेस्टिनेशन वेडिंग' एवं 'वेडिंग फोटोग्राफी' जैसे कार्यक्रमों को और अधिक यादगार बनाने की चाह रखने वाले लोग इस खूबसूरत ट्रेन का इस्तेमाल कर सकेंगे। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि सोच यही है कि राजस्थान को पर्यटन का केंद्र बिंदु बनाया जाए।

## दिल्ली में आप चार सीटों पर तीन पर कांग्रेस लड़ेगी चुनाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को दिल्ली, गुजरात, गोवा और हरियाणा में सीट बंटवारे की घोषणा की जिसके तहत राष्ट्रीय राजधानी में आप चार और कांग्रेस तीन सीट पर चुनाव लड़ेगी। आम आदमी पार्टी गुजरात की भरूच और भावनगर सीट तथा हरियाणा की कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर भी चुनाव लड़ेगी। पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर दोनों पार्टियों ने अलग-अलग चुनाव लड़ने का फैसला किया है, हालांकि चंडीगढ़ लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस अपना प्रत्याशी उतारेगी। विपक्षी गठबंधन ''इंडिया'' घटक दलों के बीच पिछले कुछ दिनों के भीतर सीट बंटवारे से जुड़ी यह दूसरी महत्वपूर्ण घोषणा है। गत 21 फरवरी को उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे का ऐलान किया गया था। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से कांग्रेस 17 पर चुनाव लड़ रही है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि कांग्रेस और आपका गठबंधन एक अवसरवादी गठबंधन है।

# बदलावः 1 जुलाई से प्रभावी हो जाएंगे 3 नए आपराधिक कानून

नई दिल्ली, एजेंसी

**अधिसूचना जारी**

- हिट एंड रन मामलों के प्रावधान तत्काल प्रभावी नहीं होंगे

देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने के लिए अधिसूचित किए गए तीन नए कानून - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम - एक जुलाई से लागू होंगे। हालांकि, 'हिंट एंड रन' से जुड़े मामलों से संबंधित प्रावधान तत्काल प्रभावी नहीं होंगे। तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिल गई और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन कानून को अपनी सहमति दे दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी तीन अधिसूचनाओं के अनुसार, नए कानूनों के प्रावधान एक जुलाई से लागू होंगे। ये कानून औपनिवेशिक युग के भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे।

तीनों कानूनों का उद्देश्य विभिन्न अपराधों को परिभाषित करके उनके लिए सजा तय करके देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलना है। वहीं, सरकार ने वाहन चालक द्वारा हिट एंड रन के मामलों से संबंधित प्रावधान को लागू नहीं करने का निर्णय लिया है, जैसा कि ट्रक चालकों से वादा किया गया था।

## श्री कृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार को बम से उड़ाने की धमकी



**फतेहपुर।** श्री कृष्ण जन्मभूमि के मुकदमे की पैरवी से लौट रहे पक्षकार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी व्हाट्सएप कॉल के जरिये दी गई। फोन करने वाले ने खुद को पाकिस्तान के आतंकी संगठन का बताया है। वृंदावन श्रीमठ माहेश्वरी धाम मां शाकुंभरी पीठाधीश्वर निवासी भृगुवंशी आशुतोष पांडेय ने बताया कि वह मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट में विचाराधीन श्रीकृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही मस्जिद ईदगाह वाद के मुख्यवादी और पक्षकार हैं। वे शुक्रवार को मुकदमे की सुनवाई में हाईकोर्ट गए थे। वहां से शाम को मथुरा जा रहे थे। शाम आठ बजे उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आई। फोन करने वाले ने मुकदमा वापस न लेने पर बम से उड़ाने की धमकी दी। एसएसआई संतोष कुमार ने बताया तहरीर की जांच की जा रही है। एएसपी विजय शंकर मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर सर्विलांस के माध्यम से जांच कराई जा रही है।

# बनभूलपुरा हिंसा का मुख्य आरोपी अब्दुल गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- मलिक को लेकर शनिवार की शाम हल्द्वानी पहुंची पुलिस, बेटा और पत्नी अभी भी फरार



**अमृत विचार :** पुलिस ने बनभूलपुरा हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। बीती 8 फरवरी को हुई हिंसा के बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस मलिक को लेकर शनिवार की शाम हल्द्वानी पहुंची, देर रात मेडिकल कराने के बाद रिमांड मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मलिक की पत्नी सोफिया और बेटे अब्दुल मोईद की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने शनिवार को प्रेस वार्ता में बताया कि बनभूलपुरा बवाल के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक निवासी लाइन नंबर-8 आजाद नगर की गिरफ्तारी के लिए एसओजी समेत छह टीमें लगी हुई थीं। टीमें दिल्ली, हरियाणा, उप्र, गुजरात, बिहार, महाराष्ट्र में तलाश कर रही थीं। शनिवार को एसओजी व पुलिस की संयुक्त टीम ने मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया, जिसे लेकर टीम देर शाम हल्द्वानी पहुंची।

# लखनऊ जिले की सीमा तक होगा एलडीए का विस्तार

## स्टेट कैपिटल रीजन की तर्ज पर वाराणसी को केंद्र में रखते हुए सीमावर्ती जनपदों को जोड़कर एक रीजनल डेवलपमेंट प्लान तैयार करें: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने दिए रामनगर (वाराणसी), मुरादाबाद, हापुड़, रायबरेली, बरेली और लखनऊ के सुनियोजित विकास के निर्देश
- मुरादाबाद (गजरौला) में औद्योगिक-व्यावसायिक क्षेत्रों का होगा विस्तार, नया बस टर्मिनल और बाईपास मार्ग बनेंगे

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को उच्च स्तरीय बैठक में जनपद वाराणसी के रामनगर, मुरादाबाद के गजरौला, हापुड़, रायबरेली, बरेली और लखनऊ की महायोजना 2031 का प्रस्तुतिकरण देखा। निर्देश दिए कि सभी जगह सुनियोजित विकास समेत विस्तार की मुकम्मल योजना बनाएं। कहा कि लखनऊ विकास प्राधिकरण का विस्तार संपूर्ण लखनऊ जनपद की सीमा तक हो।

मुरादाबाद (गजरौला) के नए मास्टर प्लान में औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों का विस्तार करने के साथ नया बस टर्मिनल और बाईपास बने। स्टेट कैपिटल रीजन की तर्ज पर वाराणसी को केंद्र में रखते करीबी जिलों को जोड़कर एक रीजनल डेवलपमेंट प्लान तैयार करने का भी निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर उच्चाधिकारियों के साथ बैठक में सख्त निर्देश दिया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद कर यथाशीघ्र महायोजना लागू करें। लैंड यूज की जानकारी सार्वजनिक करें जिससे हर कोई आसानी से किसी भूमि की स्थिति जान सके। खसरे की अपडेट जानकारी ऑनलाइन हो।

उन्होंने कहा कि विकास प्राधिकरणों को नई संभावनाएं तलाशनी होंगी। नगर निगम के बाहर विस्तार लेना होगा। अपना दायरा बढ़ाएं, आय के नए स्रोत सृजित करें। धार्मिक/अध्यात्मिक स्थलों के विकास को महायोजना का हिस्सा बनाएं। इंडस्ट्रियल एरिया में काम करने वाले श्रमिकों को समीप में ही आवास देने के प्रयास होने चाहिए ।

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि मुरादाबाद (गजरौला) के नए मास्टर प्लान में औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों को और विस्तार दें। यहां बहुत संभावनाएं हैं। इससे आर्थिकी में सुधार होगा और रोजगार भी सृजित होगा। गजरौला में नवीन बस टर्मिनल और बाईपास मार्गों की आवश्यकता है। इसे महायोजना में शामिल करें। शुद्ध पेयजल के लिए पाइपलाइन और सीईटीपी की स्थापना भी की जाए।

### कोई भी गांव और आबादी नहीं घोषित होगी ग्रीन लैंड

मुख्यमंत्री स्पष्ट निर्देश दिया है कि बहुत से गांव अब नगरीय महायोजना का हिस्सा बने हैं, यह ध्यान रखें कि इन गांवों को ग्रीन लैंड के रूप में घोषित न किया जाए। किसी भी सूरत में आबादी की भूमि ग्रीन लैंड नहीं होगी।

### यातायात प्रबंधन को करें ठोस प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरों में यातायात प्रबंधन एक महत्वपूर्ण विषय है। हमें इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। टैक्सी-ऑटो स्टैंड और स्ट्रीट वेंडर ज़ोन तय होने चाहिए। महायोजना में इसके लिए स्पष्ट भूमि चिन्हित होनी चाहिए। मल्टीलेवल पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान निर्धारित करें। कहा कि रायबरेली में एम्स की सुविधा है। इसे इस बार महायोजना का हिस्सा बनाएं। नगर में नए टाउनशिप का विकास किया जाना चाहिए। तालाबों/पोखरों व अन्य जलाशयों का संरक्षण हो। सभी जनपदों की वर्तमान स्थिति व भविष्य की जरूरों का व्यापक अध्ययन होना चाहिए। वहां के पोटेंशियल को जरूर देखें। हर जिले में जो खास है, उसे प्रोत्साहित करें।

## एक नजर

### विधानमंडल का सत्रावसान

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विधानमंडल का सत्रावसान कर दिया है। विधानमंडल के दोनों सदनों विधानसभा व विधान परिषद का सत्र दो फरवरी से शुरू हुआ था, जो 10 फरवरी को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था।

### बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए प्रयास तेज

अमृत विचार, लखनऊ : गर्मी के दिनों में प्रदेश के लोगों को गुणवत्तापरक बिजली आपूर्ति मुहैया कराने के लिए प्रयास तेज हो गये हैं। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने वितरण कंपनियों को निर्देश दिये हैं की ट्रांसफार्मरों आदि का रखरखाव कार्य समय हो जाए।

### सुविधा दिवस पर होगा समस्याओं का समाधान

अमृत विचार, लखनऊ : नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए 27 फरवरी को लखनऊ विकास प्राधिकरण में नागरिक सुविधा दिवस आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मंडलायुक्त जिलाधिकारी, नगर आयुक्त और एलडीए के उपाध्यक्ष भी मौजूद रहेंगे।

# लोस चुनाव: प्रदेश में अर्धसैनिक बल की 230 कंपनी होंगी तैनात

## पुलिस की ओर से अंतिम दौर में है चुनाव को लेकर सुरक्षा तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डीजीपी ने पुलिस कप्तानों को चुनाव की तैयारी को अंतिम रूप देने का दिया निर्देश

अमृत विचार: भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की अगले माह तारीख घोषित किए जाने की संभावना को देखते हुए पुलिस महकमा सुरक्षा तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है। डीजीपी मुख्यालय इस माह के अंत तक सुरक्षा तैयारी को मुकाम देने में जोर-शोर से लगा हुआ है। सुरक्षा इंतजाम को लेकर फिलहाल जो खांका तैयार किया गया है, उसके हिसाब से उप्र के लिए 230 कंपनी अर्धसैनिक बलों की आवश्यकता होगी। इसके लिए केंद्र सरकार से मांग की जाएगी।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को कानून-व्यवस्था की समीक्षा के दौरान सभी पुलिस कप्तानों को लोकसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने का निर्देश जारी किया। दरअसल, इस माह आखिरी में केंद्रीय चुनाव आयोग की टीम भी आने वाली हैं। वह जिला पुलिस के प्रमुखो और वरिष्ठ अफसरों के साथ बैठक करेगी और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा-व्यवस्था के मसले पर समीक्षा करेगी। लिहाजा डीजीपी कार्यालय पुलिस बल की तैनाती को लेकर अपनी तैयारी कर रहा है। पुलिस मुख्यालय से जुड़े सूत्रों के मुताबिक चुनाव में करीब दो लाख पुलिसकर्मियों की तैनाती का खांका तैयार किया गया है।

## राजधानी में 129 स्थानों पर ठहरेंगे जवान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ पुलिस ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। शनिवार को जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने मातहतों के संग बैठक कर निर्देशित किया। कहा शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिये फोर्स के ठहरने के लिये 129 स्थान चिन्हित किये गये हैं। कहा इन स्थानों पर बिजली, पानी, शौचालय, रास्ते व अन्य मूलभूत सुविधाएं संबंधित विभाग के अफसरों से समन्वय कर मुकम्मल करायें।

जेसीपी ने दोपहर एक बजे लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कहा कि मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिये अभी से कमर कस लें। मतदान केंद्रों पर केंद्रीय अर्धसैनिक बल, पीएसी, समेत अन्य फोर्स रहेगा। ऐसे में इनके रात्रि विश्राम के लिये विद्यालय, स्कूल और धर्मशाला समेत 129 स्थान चिन्हित किये गये हैं। इन स्थानों पर पानी, शौचालय, स्नानागार, बिजली की समुचित व्यवस्था की जाये। इसके लिये पुलिस अफसर संबंधित विभागों के अफसरों से समन्वय स्थापित कर इन सुविधाओं को मुकम्मल करायें। खराब रास्तों की मरम्मत करायें। इसके साथ ही अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर उचित कार्रवाई करें।

# 58 जिलों से रिपोर्ट तलब, एक घंटे पहले वायरल हुई उत्तरकुंजी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उत्तरकुंजी व्हाट्सऐप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर की गई थी वायरल
- अभ्यर्थियों की ओर से उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों से सामने आई सच्चाई

अमृत विचार: समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 में पेपर लीक विवाद को लेकर यूपीपीएससी ने 58 जिलों के नोडल अफसरों से परीक्षा केंद्रों को लेकर रिपोर्ट तलब की है।

सूत्रों के अनुसार अभ्यर्थियों की ओर से उपलब्ध कराए गए साक्ष्य से सामने आया है कि दोनों पालियों के प्रश्नपत्रों की उत्तरकुंजी परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले व्हाट्सऐप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल की गई।

प्रथम प्रश्नपत्र की जो उत्तरकुंजी वायरल की गई, उसमें आधे सवालों के वैकल्पिक जवाब सही और आधे गलत हैं। जबकि दूसरी पाली में हिंदी के प्रश्नपत्र में केवल 28 सवालों के वैकल्पिक उत्तर सही हैं और बाकी सवालों के जवाब गलत हैं। सूत्रों के अनुसार अब तक हुई जांच में सामने आए इन तथ्यों के आधार पर माना जा रहा है कि पेपर आउट हुआ होता तो, यह परीक्षा केंद्र के स्तर से हो सकता है।

### धांधली को लेकर छात्रों में आक्रोश जारी

यूपीपीएससी की समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा में धांधली और पेपर लीक का आरोप लगाते हुए हजारों छात्र प्रयागराज में आयोग के गेट पर शुक्रवार से ही आंदोलित है।

# एएनटीएफ ने नशे के 31 कारोबारियों को दबोचा

अमृत विचार, लखनऊ: एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने 2024 में अब तक प्रदेश-भर के नशे के 14 कारोबारियों के खिलाफ मुकदमें दर्ज कर 31 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 13 वांछितों की गिरफ्तार के लिए छापेमारी की जा रही है। इनके पास से 1594.97 किलो. मादक पदार्थ बरामद किया गया है। इसकी कीमत 14 करोड़ 63 लाख है।

एएनटीएफ आईजी अब्दुल हमीद ने बताया कि इन आरोपियों के पास से 18,066 रुपये नगद, आठ दो पहिया, चार पहिया वाहन 4 और 2 ट्रक बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि पिछले ढाई वर्षों में अवैध नशे के सौदागरों के कब्जे से 5.31 किलो. मार्फिन, 21.33 किलो. हेरोइन (स्मैक), 115.80 किलो. चरस, 47.35 किलो. अफीम, 6155.87 किलो. (डोडा पोस्ता तृण), 5647.341 किलो. गांजा, 32 दो पहिया, 41 चार पहिया वाहन और 15 ट्रक बरामद किए गए हैं।



प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संत रविदास की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह व अन्य। अमृत विचार

# आकांक्षी नगर योजना का पोर्टल शुरू, गाइडलाइन जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: आकांक्षात्मक जिलों की तर्ज पर प्रदेश के 100 पिछड़े नगरीय निकायों में विकास को गति देने के लिए मुख्यमंत्री अर्बन फेलोशिप योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों का शनिवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया। इसका उद्घाटन नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने किया। साथ ही आकांक्षी नगर योजना पोर्टल की शुरुआत की और योजना से संबंधित गाइडलाइंस भी जारी की।

निकाय निदेशालय में आयोजित समारोह में मंत्री ने चयनित सीएम फेलोज को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि आकांक्षी नगर योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। योजना का उद्देश्य प्रदेश के 100 निकायों को आकांक्षी नगर के रूप में विकसित करना है। योजना के तहत इन नगरों में बुनियादी ढांचे का विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार और रोजगार के अवसरों का सृजन किया जाएगा। उन्होंने फेलोज से आग्रह किया कि वे इस योजना को सफल बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।

### 38 जिलों के 100 नगरीय निकाय आकांक्षात्मक श्रेणी में

ये फेलोज 20 हजार से 1 लाख तक की आबादी वाले 100 पिछड़े नगरीय निकायों में निर्धारित 32 इंडिकेटर्स के माध्यम से न केवल विकास की सभावनाएं तलाशेंगे, बल्कि अपनी शोध रिपोर्ट को सरकार के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। राज्य सरकार ने प्रदेश के 38 जिलों के 100 नगरीय निकायों को आकांक्षात्मक श्रेणी में रखा है। इनमें अलीगढ़ में 5, एटा में 1, हाथरस में 1, कासगंज में 1, अयोध्या में 2, अंबेडकर नगर में 1, बाराबंकी में 1, सुल्तानपुर में 1, आजमगढ़ में 2, बलिया में 3, मऊ में 2, शाहजहांपुर में 2, बस्ती में 9, संत कबीर नगर में 3, सिद्धार्थनगर में 4, बांदा में 1, बहराइच में 4, बलरामपुर में 1, गोंडा में 3, देवरिया में 6, गोरखपुर में 2, कुशीनगर में 5, महाराजगंज में 4, फरुखाबाद में 2, कानपुर देहात में 2, लखीमपुर खीरी में 2, लखनऊ में 2, रायबरेली में 1, उन्नाव में 2, बुलंदशहर में 1, सोनभद्र में 2, मुरादाबाद में 1, रामपुर में 3, फतेहपुर में 3, कौशाम्बी में 2, प्रतापगढ़ में 10, प्रयागराज में 1 और जौनपुर में 2 नगरीय निकायों को आकांक्षात्मक नगरीय निकाय की श्रेणी में रखा गया है।

# नौकरी देने की नीयत ही नहीं थी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**सिपाही भर्ती परीक्षा निरस्त होने पर अखिलेश ने सरकार पर साधा निशाना**

लखनऊ: समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त किए जाने के मामले को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। अखिलेश ने कहा सरकार की नौकरी देने की नियत ही नहीं थी। सुरक्षा का दावा करने वाली सरकार इतनी लापरवाह निकली जिसकी वजह से पेपर लीक हुआ है। अगर इनकी नियत साफ होती तो, जिस समय पहला पेपर लीक हुआ था उसी समय सख्ती से कार्रवाई होती तो, इस तरह आज करोड़ों परिवार प्रभावित न होता।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त किए जाने को लेकर एक्स पर पोस्ट किया है, यूपी पुलिस आरक्षी परीक्षा का निरस्त होना युवाओं की जीत है और भाजपा सरकार के प्रपंचों की हार। पहले तो भाजपाई कह रहे थे पेपर लीक ही नहीं हुए तो अब कैसे मान लिया। इसका मतलब अधिकारी और अपराधी मिले हुए थे और सरकार भी पीछे से अपना हाथ उनके सिर पर रखे हुई थी लेकिन तमाम सबूतों के आगे चुनाव में ऐतिहासिक हार से बचने के लिए सरकार झुकने पर मजबूर हुई है। भाजपा सरकार नौकरियों के नाम पर जो खेल बेरोजगार युवक-युवतियों से खेल रही है, उसका सच अब सब समझने लगे हैं।दिखावे के लिए नौकरियां निकालना, अरबों रुपये की फीस ले लेना, पेपर लीक होने देना फिर निरस्त करने का नाटक करना..., ये खेल भाजपा को इस बार बहुत महंगा पड़ेगा। इस बार युवाओं ने ठान लिया है कि न बहकावे में आएंगे न किसी भाजपाई झांसे में। युवा अगले हर चुनाव में भाजपा को बुरी तरह हराएंगे और हमेशा के लिए हटाएंगे।

युवा कह रहे हैं कि फीस के नाम पर जो पैसा लिया गया है कहीं वो भाजपा का चुनावी फंड न बन जाए, इसीलिए अभ्यर्थियों का फार्म जमा रहे लेकिन भाजपा सरकार फीस का पैसा अभी लौटाए और जब कभी दुबारा परीक्षा हो तो ऑनलाइन डिजिटल पेमेंट से तुरंत फिर से फीस ले ले।

## अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री के निर्णय पर जाहिर की खुशी

अमृत विचार, लखनऊ: पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के मामले का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री द्वारा शनिवार को परीक्षा निरस्त करने फैसले पर अभ्यर्थियों ने खुशी जाहिर की। सोशल मीडिया पर भी छात्रों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सीएम योगी के समर्थन में दर्जनों हैशटैग वायरल होने लगे। इनमें #YogiWithYouth ट्रेंड लिस्ट में टॉप पर आ गया। लखनऊ में एक छात्र ने कहा कि मुख्यमंत्री ने लाखों छात्रों की बात को सुना है, इसके लिए हम उनके आभारी हैं। हमारी मांग है कि 6 महीने में सरकार न सिर्फ पारदर्शी तरीके से पुनः परीक्षा आयोजित करे, बल्कि पेपर लीक करने वालों को कड़ी सजा भी दिलाए।

# पेपर लीक मामला नकल माफिया को संरक्षण का परिणाम: कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**भर्ती परीक्षा में शामिल नौजवानों के परिवारों को दिया जाए मुआवजा: अंशू**

अमृत विचार: प्रदेश कांग्रेस ने सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक होने पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह प्रदेश सरकार का नकल माफिया को संरक्षण का परिणाम है।

पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी प्रदेश में भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिर्फ मंचों से भाषणों में नकल को रोकने की बात करते रहे। प्रदेश के 50 लाख परिवारों ने अपने पेट काट-काट कर अपने बच्चों को परीक्षा की तैयारी कराई, अपनी आजीविका से पैसे बचाकर कोचिंग कराई, नौजवान सुबह चार बजे उठकर दौड़ लगा रहे थे कि उनको नौकरी मिलेगी, लेकिन प्रदेश सरकार ने नौकरी देने के बजाय प्रदेश में नकल माफिया के राज को बढ़ावा दिया, इसलिए प्रदेश में अधिकांश भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो गए। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षा में शामिल नौजवानों के परिवारों को मुआवजा दिया जाए, क्योंकि परीक्षा रद होने के कारण उनकी कई प्रकार से क्षति हुई है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा: शासन स्तर से जांचें गए सात हजार परीक्षा केंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की नकल विहीन परीक्षा कराने को लेकर शनिवार को हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा नहीं होने के बावजूद भी बोर्ड मुख्यालय से प्रदेश भर के जिला विद्यालय निरीक्षकों के ऑनलाइन बैठक हुई। बाराबंकी के राजकीय इंटर कालेज में केंद्र व्यवस्थापक की नियुक्ति की एक शिकायत मिलने पर शासन ने तत्काल संज्ञान में लिया है। कंमाड सेंटर से अब सात हजार परीक्षा केंद्रों की मॉनीटिरिंग की जा चुकी है। वहीं सौ से अधिक परीक्षा केंद्रों की कमियों को कंट्रोल रूम ने सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से पकड़ा और कमियों को दूर कराया।

यूपी बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ला के अनुसार कुछ परीक्षा केंद्रों में स्ट्रांग रूम पर सुरक्षा कर्मियों की लापरवाही दिखी। इसे दूर करने का निर्देश दिया गया है।

### जिलों में गठित है विशेष निगरानी दस्ता

बोर्ड के सचिव ने बताया कि परीक्षा केंद्रों में प्रश्नपत्र की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिलों में विशेष जांच दस्ता गठित किया गया है। इस दस्तें के अफसरों का नाम गोपनीय रखा गया है। यह दस्ता किसी भी समय परीक्षा केंद्रों पर जांच के लिए पहुंचने के लिए अधिकृत है। हालांकि जांच के लिए जाने के पहले जिलाविद्यालय निरीक्षक को इसकी जानकारी दी जाएगी।

## छह डिप्टी एसपी का हुआ तबादला

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र शासन ने शनिवार को छह पीपीएस अफसरों का तबादला किया है। डिप्टी एसपी स्तर के इन अफसरों की विभिन्न एडीजी जोन के स्टाफ अफसर के रुप में तैनाती दी गई है। 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर के सहायक सेनानायक संजय कुमार सिंह को एडीजी जोन गोरखपुर का स्टाफ अफसर बनाया गया है, जबकि राकेश प्रताप सिंह को पीएसी लखनऊ से एडीजी जोन लखनऊ का स्टाफ अफसर और परमानंद पाण्डेय को पीएसी मिर्जापुर से एडीजी जोन वाराणसी का स्टाफ अफसर के पद पर तैनाती दी गई है। ओजस्वी चावला को डिप्टी एसपी एसटीएफ से एडीजी जोन आगरा का स्टाफ अफसर, कुशल पाल सिंह पीएसी प्रयागराज से एडीजी जोन प्रयागराज का स्टाफ अफसर तथा सूक्ष्म प्रकाश को एलआईयू कानपुर नगर से एडीजी जोन मेरठ का स्टाफ अफसर बनाया गया है।




शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि टयूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत नि:शुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षो से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)

ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

## अमृत विचार आपके द्वार

'अमृत विचार, आपके द्वार' टीम आपकी समस्याएं जानने रविवार को कदम रसूल वार्ड में करीब 12 बजे पहुंचेगी। स्थानीय लोग व व्यापारी क्षेत्र की समस्याएं टीम के सदस्यों से साझा कर सकते हैं। आपकी दिक्कतों को अमृत विचार समाचार पत्र प्रमुखता से उठाएगा।

## शहर में आज

- महानगर पालिका स्कूल, हुसैनगंज में स्वास्थ्य शिविर- 11:00 बजे।
- गोमतीनगर स्थित इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन सभागार में विनायक सावरकर की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम- 3:30 बजे।
- सिंचाई विभाग के आफिसर्स क्लब में सांगीतिक श्रद्धार्पण चौपाल-3:30 बजे।
- ऐशबाग रामलीला मैदान में 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह- 5:00 बजे।

# अपने ही दे रहे बिजली चोरी का झटका

## वैवाहिक समारोह के साथ अन्य आयोजनों में बिना कनेक्शन दिए ही करते हैं खेल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- कार्रवाई के नाम पर होता है कर्मचारियों का निलंबन फिर बाद में कर दिया जाता है बहाल

अमृत विचार : पावर कारपोरेशन को अपने ही बिजली चोरी का झटका दे रहे हैं। वहीं, उपभोक्ताओं को कनेक्शन देने के नाम पर मोटी रकम वसूली जा रही है। पावर कारपोरेशन का खजाना खाली करने में जुटे कर्मचारी अपनी जेब भरने में जुटे हैं। इस तरह के कई मामले अब तक सामने आ चुके हैं। जिसके बाद कई कर्मचारियों पर निलंबन की कार्रवाई की जा चुकी है। यह कार्रवाई भी चोरी रोकने में नाकाम रही है। हालांकि विभागीय अधिकारियों द्वारा चोरी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने संबंधी निर्देश दिये गये हैं।

शहर में बिजली चोरी रोकने के लिए पावर कारपोरेशन ने एबीसी लाइनों का जाल बिछाया है। कारपोरेशन चेकिंग कर बिजली चोरी रोकने को अभियान भी चला रहा है। इसके बावजूद चोरी से बिजली जलाने वाले उपभोक्ताओं की संख्या काफी ज्यादा है। राजधानी के विभिन्न उपकेंद्रों पर तैनात कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से ऐसा हो रहा है।

वैवाहिक व अन्य आयोजनों के लिए कनेक्शन देने के बजाय बिजली चोरी करवा कर अपनी जेब भरने का काम किया जा रहा है। घरों में कनेक्शनों को चेक करने के लिए जाने वाले कर्मचारी उपभोक्ताओं पर चोरी का आरोप लगाकर हजारों रुपये की वसूली करने में जुटे हैं। ऐसे मामले सामने आने के बाद अधिकारी भी आरोपी को निलंबित कर सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं।

> वैवाहिक व अन्य आयोजनों को लेकर बिजली कर्मचारियों से निरीक्षण करने को कहा गया है। उपभोक्ताओं से अपील है कि किसी भी तरह की असुविधा होने पर इसकी जानकारी निकट के अधिकारी को जरूर दें। किसी कर्मचारी को काम करने के एवज में रुपये न दें।
>
> –सुनील कपूर, मुख्य अभियंता, ट्रांसगोमती

### इन मामलों में हुई कार्रवाई

- 19 फरवरी को अलीगंज के पटेल पार्क में शादी समारोह के दौरान बिजली चोरी का मामला सामने आया था। एलटी लाइन से कटिया डालकर पार्क को रोशन किया जा रहा था। मामला पकड़ में आने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने जेई, एसडीओ, लाइनमैन को निलंबित कर दिया।
- चिनहट के कमता उपकेंद्र के पंचवटी इलाके में उपभोक्ता ग्यास अहमद के यहां गए संविदा कर्मियों ने चोरी का आरोप लगाकर 20 हजार रुपये वसूल कर लिए। उपभोक्ता की शिकायत के बाद हुई जांच में संविदा कर्मियों को दोषी पाया गया और उसके बाद उन्हें बर्खास्त कर दिया गया। वहीं, जेई, एसडीओ की भूमिका को लेकर जांच की जा रही है।
- कुर्सी रोड स्थित एक महिला से कनेक्शन जारी करने के नाम पर तीन बार धनराशि ली गई। जब इसकी शिकायत अधिकारियों तक पहुंची तो मामले की जांच की गई। आनन–फानन लाइन मैन और अन्य कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

## अनुदेशक मुख्य परीक्षा में शामिल होंगे 3428 परीक्षार्थी

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी में रविवार को अनुदेशक भर्ती की मुख्य परीक्षा आठ केन्द्रों पर आयोजित होगी। इस परीक्षा में 3438 परीक्षार्थी बैठेंगे। परीक्षा से पहले शनिवार को जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने शनिवार को बैठक कर तैयारी की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षा के दौरान सभी केंद्र व्यवस्थापकों व सेक्टर, पर्यवेक्षण स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से पूरी सुचिता और पारदर्शिता के साथ नकलविहीन परीक्षा को सम्पन्न कराया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल आठ केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा रविवार को होनी है। प्रत्येक केंद्र पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट और एक पर्यवेक्षण स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि परीक्षा एक पाली में सम्पन्न कराई जाएगी। परीक्षा की शुरुआत सुबह 10 बजे से होगी और दोपहर 12 बजे समाप्त होगी। केन्द्रों पर जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, उनको दो घंटा पहले पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, कंट्रोल रूम को प्रात: 5 बजे से एक्टिवेट कर दिया जाएगा और अतिरिक्त मजिस्ट्रेट वहां उपस्थित रहेंगे। जिलाधिकारी ने किसी भी तरह की शिथिलता को बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

# पान मसाला कंपनी की जांच कर जमा कराया एक करोड़ टैक्स

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उत्पादन कम दिखा कर सरकार को चूना लगा रही थी पान मसाला कंपनी
- जीएसटी टीम की जांच में हुआ खुलासा

अमृत विचार : उत्पादन कम दिखा कर सरकार को राजस्व का चूना लगा रही पान मसाला कंपनी की जांच में जीएसटी टीम के हाथ एक बड़ी सफलता लगी। कागजों में टर्नओवर कम दिखा कर चोरी का मामला पकड़ में आया। देर रात तक चली जांच के बाद विभाग के अधिकारियों ने संबंधित कंपनी से एक करोड़ रुपये की वसूली की।

अपर आयुक्त ग्रेड-1 कैलाश नारायण, विशेष अनुसंधान शाखा के एडीशनल कमिश्नर धीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर ज्वाइंट कमिश्नर प्रकाश यादव के नेतृत्व में दल ने नादरगंज क्षेत्र की पान मसाला एवं तम्बाकू निर्माण करने वाली कंपनी की जांच की। जांच में उपायुक्त अजीत कुमार सिंह, उत्तम कुमार तिवारी, सतेन्द्र सिंह, विजयपाल सिंह, राखी सिंह, कुंवर सिंह, सहायक आयुक्त विशाल सिंह, राज्य कर अधिकारी हर्षित श्रीवास्तव, भावेश तिवारी आदि अधिकारी के दल ने विभागीय आईटी टूल्स का उपयोग करते हुए बड़ी कर चोरी पकड़ी। उपायुक्त अजीत सिंह ने बताया कि कंपनी द्वारा टर्नओवर कम दिखाते हुए कुल आउटवर्ड आपूर्ति की वास्तविक मात्रा को दर्शाया नहीं गया था। कंपनी द्वारा दाखिल रिटर्न के परीक्षण पर पाया गया कि कंपनी द्वारा रॉ मेटेरियल एवं पैकिंग मैटेरियल की तुलना में उत्पादन को कम कर दिखाया गया है। कंपनी के रिटर्न में व्यापक कमियां पाई गईं। साथ ही कंपनी की कैश प्रोफाइल तैयार करने एवं व्यापार स्थल और निर्माण स्थल की रेकी करने के निर्देश दिए गए। संयुक्त आयुक्त ने पांच टीम बनाकर सघन जांच कराई। जांच के दौरान 1.00 करोड़ रुपये व्यापारी द्वारा जमा किया गया।

## एक नजर

### नवयुग में संस्थापक दिवस कल

अमृत विचार, लखनऊ : नवयुग कन्या महाविद्यालय का संस्थापक दिवस सोमवार को मनाया जाएगा। प्रात: 11बजे से महाविद्यालय प्रांगण में भजन सरिता एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन होगा। महाविद्यालय के संस्थापक दीनदयाल की 110वीं जन्म जयंती के अवसर पर 61वां संस्थापक दिवस आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह रहेंगे। कार्यक्रम में सभी संकायों की 60 मेधावी छात्राओं को तथा सर्वश्रेष्ठ छात्रा को नवयुग रत्न प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका जागृति का विमोचन भी होगा।

### कई इलाकों में प्रभावित रही बिजली आपूर्ति

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी के ट्रांसगोमती के कई इलाकों में शनिवार को बिजली आपूर्ति बाधित रही। महानगर के घोसियाना, गोपालपुरवा, अलीगंज के ततारपुर, पांडेटोला, मेंहदीटोला, जानकीपुरम, गोमतीनगर विस्तार, चिनहट सहित इंद्रिरा नगर के कुछ इलाकों में घंटों बिजली गुल रही। महानगर जेई ने बताया कि अनुरक्षण कार्य बिजली की आपूर्ति को बंद किया गया था।

# अप्रैल में लांच होगी पूरक योजना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- मोहनलालगंज में नई जेल के सामने 265 एकड़ में प्रस्तावित है आवास विकास की योजना
- लैंड पूलिंग पर काश्तकारों से ली गयी है जमीन, 14 काश्तकारों की आपत्तियों की हुई सुनवाई

अमृत विचार : मोहनलालगंज में नई जेल के सामने स्थित आवास विकास की पूरक योजना अप्रैल में लांच की जाएगी। 265 एकड़ की यह योजना लैंड पूलिंग पर आधारित है। परिषद अधिकांश भूमि का अधिग्रहण भी कर चुका है। इस योजना के बीच में छूटी 58 एकड़ भूमि का परिषद अधिग्रहण करने जा रहा है। इसके लिए परिषद ने धारा 28 की नोटिस जारी की थी। शुक्रवार को आवास विकास मुख्यालय में 14 काश्तकारों की आपत्तियों की सुनवाई में निस्तारण कर दिया गया।

आवास विकास इन काश्तकारों के साथ जल्द अनुबंध करेगा। आवास विकास अगले महीने से यहां विकास कार्य शुरू कर देगा। अप्रैल में परिषद योजना में भूखंड और मकान के लिए पंजीकरण खोलेगा। लगभग 4,000 लोगों को योजना में आशियाना मिलेगा।

**परिषद ने जारी की है धारा 28 की नोटिस :** योजना में 58 एकड़ छूटी भूमि अधिग्रहित करने के लिए परिषद ने धारा 28 की नोटिस जारी की थी। यह भूमि ई-स्क्वायर होम ने काश्तकारों से खरीदी थी। योजना की अधिकांश भूमि अधिग्रहित करके परिषद ने काश्तकारों से अनुबंध कर लिया है। इस भूमि के मिल जाने से योजना के संचालन का रास्ता साफ हो जाएगा। जिससे राजधानी वासियों को एक नई आयावसीय योजना का उपहार मिल जाएगा।

### किसानों को 25 प्रतिशत विकसित भूखंड देगा परिषद

लैंड पूलिंग पर आवास विकास की यह पहली योजना है। योजना में भूमि देने वाले किसानों को परिषद बदले में 25 प्रतिशत विकसित भूखंड देगा। योजना शुरू होने तक परिषद किसानों को प्रतिमाह 5,000 रुपये भुगतान करेगा। आवास विकास भूमि के बदले किसानों को मुआवजा नहीं देगा।

# अधिकारी पल–पल लेते रहे घायलों का हालचाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अर्जुनगंज बाजार के पास कुत्ते को बचाने में एंटी डेमो वाहन की दो कारों से हुई टक्कर, कई घायल
- हादसे के बाद घायलों को पहुंचाया गया अस्पताल, वरिष्ठ अधिकारियों ने जाना हाल



एम्बुलेंस से सिविल अस्पताल लाए गए घायल को उतारते कर्मचारी। अमृत विचार

अमृत विचार : अर्जुनगंज बाजार के पास शनिवार शाम को कुत्ते को बचाने में एंटी डेमो वाहन अनियंत्रित होकर दो कारों से टकरा गया। हादसे में पांच पुलिसकर्मियों समेत 15 लोग घायल हो गए। घायलों को केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर और लोहिया अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां सभी का इलाज चल रहा है।

हादसे की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। जहां, पुलिस ने राहगीरों को हटाते हुए घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल में पहुंचाया। जहां, बाद में सूचना पाकर शासन-प्रशासन और पुलिस के अधिकारी भी पहुंच गए। इसके बाद घायलों को प्राथमिकी उपचार के बाद शहर के दो प्रमुख अस्पतालों में पहुंचाया गया। वहीं, अस्पताल में भर्ती मरीजों के तीमारदार अचानक पुलिस बल को देख हैरत में पड़ गए।

**मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी किया गया बयान :** मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से हादसे को लेकर बयान जारी किया गया है। इसमें बताया गया है कि एंटी डेमो (प्रदर्शन) वाहन का एक्सीडेंट हुआ है। यह जिला प्रशासन की गाड़ी है जो सीएम रूट पर कोई प्रदर्शन न हो, इसके लिए पहले से ही रवाना हो जाती है। दुर्घटना का सीएम फ्लीट से कोई संबंध नहीं है।

**सुरक्षा को देखते हुए नहीं रोकी गई फ्लीट :** संयुक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री की फ्लीट में उनकी सुरक्षा की 14 गाड़ियां रहती हैं। इसके अलावा शहर में आते-जाते 7 गाड़ियां आगे-पीछे रहती हैं। इस तरह कुल मिलाकर 21 गाड़ियां रहती हैं। हादसे के वक्त सीएम फ्लीट काफी पीछे थी, लेकिन सुरक्षा को देखते हुए मुख्यमंत्री के काफिले को नहीं रोका गया। सीएम अपने आवास की ओर चले गए थे।

### जिंदगी के सवाल पर जुमलेबाजी नहीं करनी चाहिए : अखिलेश

हादसे को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट अपलोड की है। जिसमें उन्होंने लिखा कि अनाथ पशुओं की समस्या को गंभीरता से नहीं लेने की वजह से शनिवार को स्वयं मुख्यमंत्री का काफिला हादसे का शिकार हुआ है और कई लोग घायल हुए हैं। यह दुखद भी है और चिंतनीय भी है। आगे लिखा कि भाजपा इस हादसे से सबक ले कि जहां जिंदगी का सवाल हो वहां जुमलेबाजी नहीं करनी चाहिए।



बसंत कुंज योजना स्थित प्रेरणास्थल के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण करतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब, साथ में अन्य। अमृत विचार

## झुग्गी झोपड़ी में बसे लोगों को किया जा रहा पुनर्स्थापित

अमृत विचार, लखनऊ : मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने कहा कि बटलर पैलेस और कुकरैल नदी के आसपास झुग्गी झोपड़ियों में बसे लोगों को अलग–अलग टॉवर चिह्नित कर उन्हें बसंत कुंज (प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना) में पुनर्स्थापित किया जा रहा है। डॉ. रोशन जैकब ने उक्त बात बसंत कुंज योजना स्थित प्रेरणास्थल में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों के निरीक्षण के दौरान कही। मंडलायुक्त ने लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रमिकों और मशीनों की संख्या बढ़ाकर प्रेरणास्थल के संपूर्ण निर्माणाधीन कार्य युद्धस्तर पर कराये जाएं। उन्होंने कहा कि हॉर्टिकल्चर, वाक–वे, लाइटिंग और मूर्ति के कामों में तेजी लाएं। निरीक्षण के दौरान प्रेरणा स्थल में कैफेटेरिया, योग सेंटर और शौचालय के सिविल काम पूरे हो गए हैं। निर्माणधीन म्यूजियम का काम भी तेजी से हो रहा है। इस दौरान लखनऊ विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# एलडीए ने विभूति खंड में सील किया कॉम्प्लेक्स

- स्वीकृत मानचित्र के विपरीत किया गया था निर्माण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



विभूति खंड में सील किया गया निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स। अमृत विचार

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने शनिवार को गोमती नगर के विभूति खंड में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माणाधीन व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स सील कर दिया।

जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन एक प्रिया सिंह ने बताया कि अर्चना वर्मा व अन्य द्वारा विभूतिखण्ड में भूखण्ड संख्या बी-78 पर लगभग 2,500 वर्ग फिट क्षेत्रफल में प्राधिकरण से स्वीकृत व्यावसायिक मानचित्र के विपरीत सेटबैक को कवर्ड करते हुए निर्माण कराया जा रहा था। जिसके विरुद्ध विहित न्यायालय से सीलिंग का आदेश पास था। सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता सत्यवीर सिंह व सुरेन्द्र द्विवेदी ने प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाना पुलिस बल के सहयोग से निर्माणाधीन बिल्डिंग को सील कर दिया।

### सीजी सिटी में 28 अतिक्रमण ध्वस्त

एलडीए ने सीजी सिटी योजना में शनिवार को अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाकर सुल्तानपुर रोड के किनारे अतिक्रमण ध्वस्त करके सर्विस लेन खाली करायी। अवर अभियंता आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि सीजी सिटी में एचसीएल के गेट नंबर एक के पास कुछ लोगों ने सड़क के किनारे अवैध रूप से अस्थायी निर्माण करके दुकानें खोल ली थीं। इससे क्षेत्र में गंदगी फैलने के साथ यातायात प्रभावित हो रहा था। टीम ने टीनशेड व झुग्गी बनाकर किए गए 28 अस्थायी निर्माण ध्वस्त कर दिए।

## सिपाही भर्ती परीक्षा रद होने से अभ्यर्थियों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

अमृत विचार, लखनऊ : सरकार ने शनिवार को सिपाही भर्ती परीक्षा निरस्त कर दी। इसको लेकर ईको गार्डन में परीक्षा निरस्त करने की मांग कर रहे अभ्यर्थियों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। परीक्षा निरस्त होने की खबर सुनते ही दूर दराज के जिलों से आकर ईको गार्डन में जुटे अभ्यर्थी अपने-अपने गंतव्य की तरफ रवाना हो गये। बता दें कि प्रदेश में 17 व 18 फरवरी को दो पालियों में सिपाही भर्ती परीक्षा आयोजित हुई थी। इसमें करीब 48 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परीक्षा में 200 से अधिक सॉल्वर पकड़े गये थे।

सख्ती | सीएम डैशबोर्ड से और जुड़ेंगी नौ विभागों की योजनाएं व कार्य

# फसल बीमा, मनरेगा और हाजिरी में नहीं चलेगा खेल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- बेसिक शिक्षकों की हाजिरी, मानव दिवस, खसरा-खतौनी आदि होंगे लिंक

अमृत विचार : फसल बीमा, सम्मान निधि, मनरेगा के मानव दिवस या फिर बेसिक विभाग के शिक्षकों की हाजिरी आदि में अब विभाग खेल नहीं कर पाएंगे। मार्च में नौ विभागों के करीब 22 कार्य व योजनाएं सीएम डैशबोर्ड से लिंक की जाएंगी।

इससे प्रगति में अंतर नहीं होगा और फर्जी आंकड़े विभाग वाहवाही के लिए ऊपर नहीं दर्शा पाएंगे। जो विभाग की वास्तविक प्रगति होगी, उनकी वेबसाइट से सीएम डैशबार्ड पर दिखेगी और मॉनीटरिंग की जाएगी। वैसे ये वो योजनाएं व कार्य हैं, जिसमें अक्सर हेरफेर रहता है। इसके अलावा राजस्व विभाग से ऑनलाइन खसरा फीडिंग, खतौनी आधार सीडिंग को भी लिंक किया जाएगा। इसी तरह कृषि विभाग की पीएम कुसुम, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के सैंपल, समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण की पोस्ट मैट्रिक स्कालरशिप व उद्यान विभाग के पर ड्राप मोर क्राप, माइक्रो इरिगेशन (वित्तीय), एकीकृत बागवानी मिशन भी सीएम डैश बोर्ड से जुड़ेगा।

### 16 विभागों की प्रगति खराब

सीएम डैशबोर्ड में लखनऊ के 16 विभागों की प्रगति खराब मिली है। इसमें पीडब्ल्यूडी, जल निगम ग्रामीण, उद्योग, समाज कल्याण, पशु पालन, राष्ट्रीय आजीविका ग्रामीण मिशन, श्रम, पंचायती राज, मत्स्य, डेयरी, बेशिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, कौशल विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, पर्यटन, सहकारिता शामिल हैं। अधिकारियों को बीते गुरुवार को सीडीओ ने बैठक कर सुधार के निर्देश दिए हैं।

### और 11 विभागों को जोड़ने की तैयारी

मार्च के बाद सीएम डैशबोर्ड में और 11 विभाग की योजनाओं को जोड़ा जाएगा। इसमें कृषि, पशुपालन, गन्ना, दुग्ध विकास, ऊर्जा, वित्त, मत्स्य, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, श्रम, नगर विकास, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास को सम्मलित किया जाएगा। दरअसल, सीएम डैशबोर्ड पर विभागों की प्रगति दिखती है। इसमें टॉप व बाटम पांच–पांच जिलों को रखकर मूल्यांकन कर सुधार किया जाता है। इस व्यवस्था से विभागों की पोल खुलने लगी है और पारदर्शिता आने लगी है।

### गृह विभाग और चिकित्सा व स्वास्थ्य

गृह विभाग में गंभीर अपराधों के विवरण के अलावा 69 चिन्हित माफिया, महिलाओं के खिलाफ गंभीर अपराधों व आरोपियों को देय सम्मन/वारंट का मासिक विवरण भी शामिल है। वहीं, चिकित्सा व स्वास्थ्य में स्वास्थ्य एवं वेलनेस सेंटर, पीएमजेवाई के तहत संबंधित संस्थानों द्वारा धन आहरण, कुल पंजीकृत लोगों को देय गोल्डन कार्ड व व्यक्तियों द्वारा पेमेंट को किए क्लेम का विवरण है।

## नगर निगम कर्मियों ने मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी का किया घेराव

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम कर्मचारियों ने शनिवार को मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय का घेराव किया। भविष्य निधि धनराशि का आवश्यकता पर भुगतान न किए जाने से कर्मचारी नाराज हैं। नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनन्द वर्मा के नेतृत्व में संघ कार्यकारिणी सहित सैकड़ों कर्मचारियों ने मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी नंदराम कुरील को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र भुगतान कराए जाने की मांग की। उपाध्यक्ष शमील अखलाक ने बताया कि प्रकरण के निराकरण के लिए मंत्री नगर विकास, महापौर, मंडलायुक्त, प्रमुख सचिव नगर विकास, निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय को भी पत्र के माध्यम से हल कराने की मांग की है। मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी ने संघ को प्रकरण पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय कराने के लिए आश्वस्त किया।

# एयरपोर्ट पर पकड़ा गया दो करोड़ का सोना, 12 गिरफ्तार

निज संवाददाता, सरोजनीनगर

- कस्टम अधिकारियों को चकमा देकर आरोपी निकल गए थे बाहर

अमृत विचार : चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर शनिवार को सोने की तस्करी करने वाले 12 आरोपियों को सरोजनीनगर पुलिस ने एयरपोर्ट के बाहर पकड़ लिया। खास बात यह है कि आरोपी कस्टम अफसरों को चकमा देकर बाहर निकल आए थे। शनिवार सुबह 7:30 बजे दो अलग-अलग विमानों (शारजहां व जेद्दा से आने वाले) से विदेश से लखनऊ पहुंचे यात्री जब एयरपोर्ट से बाहर निकल रहे थे।

इसी दौरान सरोजनीनगर पुलिस को सूचना मिली कि विमानों से आए 12 यात्री चोरी से सोना लेकर एयरपोर्ट बिल्डिंग से बाहर निकलने वाले हैं। पुलिस ने संदिग्ध यात्रियों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने खुद को रामपुर जिला निवासी बताया। सरोजनी नगर पुलिस मामला एयरपोर्ट पर मौजूद कस्टमर अधिकारियों को बताया। तब उनकी स्कैनिंग कराई गई। जहां पता चला कि सभी यात्रियों के मलाशय में कैप्सूल के रूप में भारी तादाद में सोना मौजूद है। जिसकी कीमत लगभग 2 करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस मामले में आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई कर रही है।

## एक नजर

### लविवि के छात्रों को प्लेसमेंट व इंटर्नशिप का अवसर

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा निजी कंपनियों में विश्वविद्यालय कैंपस के छात्रों के प्लेसमेंट एवं इंटर्नशिप के लिए रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि कंपनी में एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के पद पर एमबीए के छात्र लिये जाएंगे। साथ ही अन्य कंपनी में प्रबंधन और इंजीनियरिंग छात्रों के लिए इंटर्नशिप के अवसर भी आयोजित किये जा रहे हैं। एमबीए के छात्र फाइनेंस, मार्केटिंग, ऑपरेशन्स, एनालिटिक्स, एचआर में इंटर्नशिप के लिए और बीबीए, बीएमएस, बी कॉम, बीएससी, बीजेएमसी के छात्र सामान्य प्रबंधन मे इंटर्नशिप व बीटेक, एमएससी, एमकॉम के छात्र बिजनेस एनालिटिक्स मैनेजमेंट में इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# नवयुग कॉलेज में फंसा लविवि के अनुमोदन का पेंच

## प्राचार्या बोलीं- आब्जर्वर का हवाला देते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन कर रहा रोक-टोक

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ में दो हजार से अधिक छात्राओं की संख्या वाले नवयुग कन्या महाविद्यालय के दो संकायों में इन दिनों अध्ययन पर संकट गहराया हुआ है। कारण, लखनऊ विश्वविद्यालय से स्थाई संबद्धता को लेकर अनुमोदन कराया न जाना है।

महाविद्यालय की प्राचार्या का मानना है कि केवल आब्जर्वर की उपस्थित न होने को आधार बनाना न्यायसंगत नहीं है। वहीं लखनऊ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार



**▸▸ लविवि रजिस्ट्रार बोले- कॉलेज में स्थाई संबद्धता न होने के कारण आ रही हैं परेशानियां**

कहते हैं कि महाविद्यालय की स्थाई संबद्धता नहीं कराना नियम विरोधी है।

नवयुग कन्या महाविद्यालय में विभिन्न संकायों में लगभग दो हजार से अधिक छात्राएं अध्ययनरत हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध इस महाविद्यालय में एमए कॉमर्स विषय पर संकट छाया हुआ है। लखनऊ विवि के रजिस्ट्रार का कहना है कि नवयुग महाविद्यालय द्वारा स्थाई संबद्धता को लेकर औपचारिकताएं पूरी नहीं की गई हैं, पत्राचार किया जा चुका है। ऐसे में एमए कॉमर्स पाठ्यक्रम पर संकट आ सकता है।

उधर, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजुला उपाध्याय का कहना है कि बीते दिनों महाविद्यालय में चुनाव कराया गया था। इस पर लखनऊ विवि प्रशासन द्वारा ये कहते हुए आपत्ति जताई गई कि प्रबंधन चुनाव में विवि के आब्जर्वर को शामिल नहीं किया गया। ऐसे में एमए कामर्स के अनुमोदन पर रोक लगाई जा रही है।

### अधर में एमए इकोनॉमिक्स विषय

प्राचार्य का कहना है कि अगर विषयों को विस्तार नहीं देना हो, तो व्यवस्थाएं न कराई जाएं, एमए कामर्स में विवि प्रशासन के निर्देशों पर एक के स्थान पर दो शिक्षकों की औपचारिकताएं पूरी की जा चुकी हैं। एमए इकोनॉमिक्स में तो कई और प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई थीं, फिर भी विषयवार बाधा बरकरार है।

### नियमों के आधार पर होता है पठन- पाठन

लखनऊ में वर्ष 2017 में कार्य परिषद की बैठक हुई थी। जिसको आधार बनाते हुए महाविद्यालयों में स्थाई संबद्धता प्राप्त करना अनिवार्य किया गया। अर्थदण्ड प्रक्रिया भी सुनिश्चित हुई। बावजूद केकेसी, केकेवी, कालीचरण सहित कई अन्य महाविद्यालय स्थाई संबद्धता की औपचारिकताएं समय रहते पूरी नहीं कर पाए हैं।

# दर्शनशास्त्र की श्रृंखला में विचार हुए साझा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ दर्शन शास्त्र विभाग द्वारा व्याख्यान का किया गया आयोजन**

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा सेमिनार की विशेष श्रृंखला में विभागाध्यक्ष द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में दर्शनशास्त्र विभाग की शोध छात्रा ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

शोधार्थी प्रिया गुप्ता ने व्याख्यान में यह बताने का प्रयास किया कि किस प्रकार से सार्त ने अपनी पुस्तक में इस समस्या के समाधान के लिए तीन प्रकार के अस्तित्व संबंधी उदाहरण देते हैं। व्याख्यान के अंत में व्याख्याता ने यह भी बताने का प्रयास किया कि सार्त कहां तक इस समस्या के समाधान में सफल हुए। सेमिनार के कोऑर्डिनेटर विभाग के शोध छात्र विनीत कुमार एवं सेमिनार की रिपोर्ट लिखने का कार्य अनुज कुमार मिश्रा तथा शीतल शर्मा द्वारा किया गया। सेमिनार में दर्शनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रजनी श्रीवास्तव के साथ- साथ विभाग के प्राचार्य प्रो. राकेश चंद्रा, डॉ. प्रशांत शुक्ला एवं डॉ. ममता सिंह सहित विभाग के शोध-छात्रों के साथ स्नातक एवं परास्नातक के छात्र उपस्थित रहे।

# अपराध रोकने में विवि की भूमिका पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

**अमृत विचार :** अपराध को रोकने में विश्वविद्यालय (विवि) की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। यहां बच्चे समाज के एक जिम्मेदार नागरिक के साथ उत्कृष्ट व्यक्ति भी बनते हैं। ये बातें डीजी होमगार्ड बीके मौर्या ने कहीं।

वे शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में जेल संस्कृति सुधार पर आयोजित व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मानव केंद्रित अभिकल्पना के माध्यम से पुनर्वास को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई।

डीजी होमगार्ड्स ने कहा कि समाज कार्य विभाग में संचालित क्रिमिनोलॉजी एवं क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स के शिक्षक और छात्रों की भूमिका जेल सुधार में महत्वपूर्ण हो सकती है।



लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम का दीप जलाकर उद्घाटन करते डीजी होमगार्ड बीके मौर्या, साथ में अन्य। अमृत विचार

**▸▸ डीजी होमगार्ड बीके मौर्या ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन**

इस कोर्स के छात्र और शिक्षक अपने अनुभव द्वारा निश्चय ही सजा पूर्ण करने वाले व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए एक बेहतर व्यवस्था स्थापित कर सकते हैं।

विशेषज्ञों के उद्बोधन के पश्चात विद्यार्थियों ने डीजी होमगार्ड बीके मौर्य से अपनी जिज्ञासाओं को प्रकट करते हुए प्रश्न पूछे। जिनका उत्तर डीजी होमगार्ड ने बच्चों के मध्य सुगमता से रखा। कार्यक्रम का संचालन समाज कार्य विभाग के शिक्षक डॉ. उमेंद्र यादव द्वारा किया गया।

# छात्रों ने पढ़ाया गोहन कला में साक्षरता का पाठ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय विधि संकाय की प्रतिष्ठित संस्था प्रो. बोनो क्लब व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में बीकेटी तहसील के गोहना कला ग्राम में विधिक सहायता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. बोनो क्लब के संकाय प्रभारी डॉ. आलोक कुमार यादव ने किया।

शिविर में उच्च न्यायालय इलाहाबाद के वरिष्ठ अधिवक्ता देश दीपक सिंह व हर्ष वर्धन सिंह ने शिविर में आये हुए लोगों से उनके विधिक समस्याओं को सुना और उचित सलाह दी।

### तहसीलदार ने निकाला विवादों का हल

कार्यक्रम के दौरान नायब तहसीलदार आकाश पांडे उपस्थित रहे। मौके पर ही कुछ विवादों का निस्तारण कराया। एसोसिएट प्रो. डॉ अभिषेक तिवारी ने महिला संबंधी मामलों को प्रस्तुत किया। जिसमें यौन उत्पीड़न सहित अन्य प्रकरण शामिल हुए।

मुख्य अतिथि डॉ. अभिषेक कुमार तिवारी ने सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय की बात की। इस मौके पर प्रो बोनो क्लब के एसोसिएट और विधिक सेवा प्राधिकरण के छात्र सुमित, रवि, आदित्य, काव्यांजलि, यश, तेजस्वी, वंशिका, मीमांसा शिविर के दौरान उपस्थित रहे।



लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी की परीक्षा देते अभ्यर्थी। अमृत विचार

# कैमरों की निगरानी में हुई पीएचडी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ एक हजार से अधिक छात्र परीक्षा में हुए सम्मलित**

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी परीक्षा कैमरों की निगरानी में आयोजित हुई। दो पालियों में आयोजित परीक्षा के दौरान सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त देखने को मिले।

शनिवार को लखनऊ विवि में पीएचडी परीक्षा के आयोजन हुए। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को समय से पहले इण्ट्री दी गई। ऐसे में विवि स्टाफ द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। पीएचडी परीक्षा में अंग्रेजी, भूगोल, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान सहित अन्य विषयों से जुड़े अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। दोपहर बाद दूसरी पाली का आयोजन हुआ। दोनों ही पालियों में परीक्षा के दौरान कैमरों से निगरानी की जाती रही। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि रविवार को भी परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

## सार-संक्षेप



महिला को प्रशस्ति पत्र देते केनरा बैंक के उप महा प्रबंधक, साथ में अन्य। अमृत विचार

### जूट से बनने वाले उत्पादों का दिया गया प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** वित्त मंत्री सीता रमन ने संसद मे वार्षिक बजट पेश करते समय लखपति दीदी बनाने मे सरकारी मदद का लक्ष्य रखा है। केंद्र सरकार की लखपति दीदी बनाने के 3 करोड़ का लक्ष्य प्राप्त करने की योजना के अंतर्गत केनरा बैंक रसूलपुर सादात शाखा और जूट आर्टिजंस गिल्ड संगठन के संयुक्त तत्वावधान मे पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे जूट से बनने वाले उत्पादों का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र की 25 महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर केनरा बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय प्रथम के उपमहाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना ने सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र दिया। इस अवसर पर केनरा बैंक रसूलपुर शाखा की प्रबंधक आंचल श्रीवास्तव, अधिकारी विकास और शाखा के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जयपुरिया में संपन्न हुआ आईआईसी सम्मेलन

**अमृत विचार, लखनऊ :** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट लखनऊ में दो दिवसीय 18 वें आईआईसी सम्मेलन का शनिवार को समापन हुआ। इस वर्ष आईआईसी सम्मेलन का विषय इंडस्ट्री 5.0 तथा उससे जुड़े अवसर और चुनौतियां था। आईआईसी सम्मेलन में उद्योग 5.0 के विभिन्न पहलुओं, इससे मिलने वाले अवसरों और चुनौतियों पर चर्चा की गई। इसमें सेवाओं में उभरती प्रौद्योगिकियों में नवाचार पर सत्र, सतत विकास के लिए विनिर्माण के भविष्य पर पैनल चर्चा आदि शामिल थी। इस मौके पर आईबीसीएसडी लैब कंपनी के संस्थापक और इंडस्ट्री 5.0 के संस्थापक माइकल राडा द ऑनेस्ट होम कंपनी के संस्थापक मयंक सिसौदिया उपस्थित रहे।

### तलत महमूद की जन्मशती पर भातखंडे ने दी स्वरांजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में प्रख्यात पार्श्व गायक तलत महमूद की जन्मशती पर गीत-संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के सुजान सभागार में यहां के विद्यार्थियों ने तलत महमूद की गई गजलों को गाकर उन्हें अपनी स्वरांजली पेश की। उल्लेखनीय है कि तलत महमूद भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे और यहीं से उन्होंने संगीत की शिक्षा हासिल की। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहीं। तलत महमूद को स्वरांजली देने वालों में अंजली पटेल, अंशुमान मौर्या, मानसी भारद्वाज, नमन सिंह और शिवराम कृष्णन शामिल रहे। तबले पर मोहित दुबे और हारमोनियम पर दिनकर द्विवेदी ने संगत दी। इस मौके पर विश्वविद्यालय की कुलपति ने विद्यार्थियों से कहा कि वे तलत महमूद से प्रेरणा लेकर संगीत के क्षेत्र में आगे बढ़ें। कार्यक्रम में गायन विभाग की अध्यक्ष प्रो. सृष्टि माथुर ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

### अंत्येष्टि सहायता योजना से श्रमिकों की हो रही मदद

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रमिकों की मृत्यु पर उनके अंतिम संस्कार के लिए परिवार को सरकार 25 हजार रुपये की सहायता दे रही है। इसके लिए अंत्येष्टि सहायता योजना श्रम विभाग की तरफ से संचालित है। इसके लिए श्रमिकों का पंजीकरण जरूरी है। सहायक श्रमायुक्त शिप्रा चतुर्वेदी ने बताया कि इस योजना के तहत पंजीकृत श्रमिकों को मृत्यु के बाद अंतिम संस्कार के लिए विभाग 25 हजार रुपये की सहायता करता है। योजना के तहत श्रमिक, उसकी पत्नी, माता-पिता व दो बच्चों का पंजीकरण जरूरी है। इनमें से किसी की भी मृत्यु होने पर यह सहायता दी जाती है। तेलीबाग के रमेश ने बताया उनकी पत्नी की मृत्यु के बाद विभाग ने 25 हजार रुपये धनराशि प्रदान की गई थी। इसी तरह मटियारी के कल्लू को 6 महीने पहले पिता की मृत्यु पर विभाग ने सहायत की थी। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि अंत्येष्टि सहायता योजना 40 तरह के पंजीकृत कामगार श्रमिकों के लिए हैं। इस योजना में श्रमिकों का श्रम विभाग में एक वर्ष का पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। आवेदन मृत्यु के 6 माह के भीतर प्रस्तुत करना होता हैं।

### महंगी कलाकृतियों ने कलाकार को बाजार में बिकाऊ माल बना दिया

**अमृत विचार, लखनऊ :** लेखक व पत्रकार अनिल सिन्हा के स्मृति दिवस की पूर्व संध्या पर गांधी भवन के करण भाई सभागार में जन संस्कृति मंच ने अनिल सिन्हा स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया। इस मौके पर चित्रकार और कला समीक्षक अशोक भौमिक ने भारतीय चित्रकला का सच विषय पर अपने विचार व्यक्त किये, साथ ही उन्होंने अनिल सिन्हा से जुड़े कई अनुभव भी सुनाये। भारतीय चित्रकला से सन्दर्भ में अशोक भौमिक ने कहा कि भारतीय कला परम्परा का विकास संकीर्णता के दायरे में नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हजार वर्षों की कला परम्परा में कलाएं अलग-थलग होकर नहीं बल्कि समाज और समय के साथ अन्य कलाओं के सम्पर्क में आगे बढ़ी हैं। आर्ट्स कालेज के शिक्षक और मूर्तिकार धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन में भगवान स्वरूप कटियार ने अनिल सिन्हा पर कविता प्रस्तुत की।

# ताइवान में चमकेगा लविवि का 'सितारा'

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय का शोधार्थी विदेश में जाकर अपना झंडे गाड़ेगा। ताइवान में 1 मई से शोधार्थी को इंटर्नशिप की जिम्मेदारी मिली है। ऐसे में उद्यम और समृद्धि को लेकर जानकारियां भी साझा होंगी।

लविवि के रसायन विज्ञान विभाग में एक शोधा प्रखर मिश्रा द्वारा किया जा रहा है। इस क्रम में शोधार्थी को ताइवान के नेशनल यूनाइटेड विश्वविद्यालय में ऊर्जा इंजीनियरिंग विभाग में इंटर्नशिप का मौका मिल रहा है। जो 1 मई से शुरू होगा। प्रवक्ता डॉ. नरेन्द्र



प्रखर मिश्रा

**▸▸ नेशनल यूनाइटेड विश्वविद्यालय में प्रखर को मिली इंटर्नशिप**

कुमार सिंह बताते हैं कि ताइवान की राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (एनएसटीसी) सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय इंटर्नशिप पायलट कार्यक्रम (आईआईपीपी) के माध्यम से संभव हुई है।

शोधार्थी द्वारा जिंक-एयर बैटरी और क्षारीय जल इलेक्ट्रोलिसिस को असेंबल करने में शामिल किया जाएगा। बाद में उनके इलेक्ट्रोकेमिकल प्रदर्शन का सावधानीपूर्वक माप होगा। इस शोध से पर्यावरणीय चुनौतियों में मदद मिलेगी।

### प्रो. त्जु ह्वेन चियांग की प्रयोगशाला में होगा कार्य

शोधार्थी, प्रो. त्जु ह्वेन चियांग की प्रयोगशाला में काम करेंगे और अनुसंधान पर ध्यान देंगे। जिसका उद्देश्य एक इलेक्ट्रोकैटलिस्ट का निर्माण करना है। ये ऑक्सीजन रिडक्शन रिएक्शन (ओआरआर), ऑक्सीजन इवोल्यूशन रिएक्शन (ओईआर), हाइड्रोजन इवोल्यूशन रिएक्शन (एचईआर) जैसी महत्वपूर्ण प्रतिक्रियाओं के लिए अपने इलेक्ट्रो केमिकल प्रदर्शन का गहन विश्लेषण करेगा।

# रजिस्ट्रार के निरीक्षण में गायब मिले कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

**▸▸ छात्रवृत्ति आवेदन को लेकर कई दिनों से आ रही है समस्या**

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति आवेदन को लेकर बढ़ती समस्याओं पर विश्वविद्यालय प्रशासन गंभीर हुआ है। रजिस्ट्रार ने कार्यालय का निरीक्षण किया, इस दौरान वहां कोई कर्मचारी नहीं मिला। इस पर नाराजगी जाहिर की। कर्मचारियों को रजिस्ट्रार ने चेतावनी देते हुए काम को समय से निस्तारित करने का निर्देश दिए।

लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति आवेदन को लेकर कई दिनों से समस्या चली आ रही है। इसको लेकर छात्र संगठनों द्वारा धरना प्रदर्शन भी किया गया। बीते दिन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने हस्ताक्षर अभियान चलाया। विवि रजिस्ट्रार डॉ. विनोद सिंह ने शनिवार दोपहर कार्यालय का निरीक्षण किया। मौके पर कुछ अधीनस्थ नदारद मिले। रजिस्ट्रार ने आवेदनों के निस्तारण को लेकर निर्देश दिए।

### आंगनबाड़ी में नहीं शुरू हुई प्री नर्सरी की पढ़ाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर संचालित प्राथमिक विद्यालयों के प्रांगण में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर प्री नर्सरी की पढ़ाई नही शुरू हो सकी है। जब कि पूरा सत्र बीतने को है। 1 अप्रैल से नया सत्र शुरू हो जायेगा। ऐसे में विभाग की सत्र 2024-25 में क्या तैयारियां हैं इसे भी अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है। राजधानी सहित प्रदेश के 80 हजार सरकारी विद्यालयों के प्रांगण में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। इन केन्द्रों पर प्रत्येक विद्यालय से एक शिक्षक की भी तैनाती की जानी थी।





इको गार्डन में मांगों को लेकर धरना देते स्मारक संरक्षण कर्मचारी। अमृत विचार

# आश्वासन के बाद भी नहीं पूरी हुईं मांगें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ स्मारक संरक्षण कर्मचारियों को मुख्यमंत्री के ओएसडी ने दिया था आश्वासन**

**अमृत विचार :** स्मारक संरक्षण कर्मचारी पिछले 69 दिनों से अपनी मांगो को लेकर इको गार्डन में धरना दे रहें है। कर्मचारियों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों से लेकर शासन स्तर तक के अधिकारियों से विगत दिनों में वार्ता हो चुकी है। लेकिन अभी तक कोई हल नहीं निकला।

कर्मचारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री के विशेष कार्य अधिकारी द्वारा स्पष्ट आश्वासन दिया गया आश्वासन दिया गया कि 3 से 4 दिन के अंदर संबंधित अधिकारी धरना स्थल पर भेजा जाएगा और धरना समाप्त कराया जाएगा। लेकिन अभी तक कोई भी अधिकारी नहीं आया। कर्चारियों ने कहा कि अभी तक इन लंबित मांगों को लेकर कोई आदेश क्यों नहीं जारी किया गया जबकि कर्मचारियों के साथ अन्याय पूर्ण रवैया अपनाते हुए अधिकारियों द्वारा निलंबन, ट्रांसफर व वेतन कटौती जैसी कार्रवाई बढ़ती जा रही है। यदि उनके आदेशों को जल्द ही निर्गत नहीं किया गया तो मुख्यमंत्री के आवास का घिराव एवं विधानसभा का घेराव हो सकता है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है :

**ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2024-11, कार्य का नाम :** लखनऊ मंडल के गोरखपुर-गोंडा खंड में समपार संख्या-248/सी और आनंद नगर-गोंडा खंड में समपार संख्या-52/सी एवं 58/सी, पर एयर पुशिंग तकनीक द्वारा LHS निर्माण का कार्य। **अनुमानित लागत :** रु. 18,00,56,206.86, **अग्रिम धन :** रु. 10,50,300.00, **समापन अवधि :** 12 माह।

1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2024-11** तक के लिए ई-निविदा दिनांक 15.03.2024 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धिपत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग,
मुजाधि/डब्ल्यू-552 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें



**बच्चों का चश्मा हटाए**

**GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें**

**जन कल्याण आँख का अस्पताल**

ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ

मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में

स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड- II, उ0प्र0, जल निगम (नगरीय), कानपुर**

एन10आई0टी0 संख्या- 234/एम-10/17 दिनांक: : 19/2/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उत्तर प्रदेश जल निगम की ओर से जे.एन.एन.यू.आर.एम. कार्यक्रम के अन्तर्गत कानपुर नगर में पेयजल सम्बन्धी कार्यो हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 20.02.2024 से 29.02.2024 तक कार्यालय समय में कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड - II, उ0प्र0 जल निगम, 123/494, के.एन.टी. बिल्डिंग, फजलगंज कानपुर में की जाएगी तथा दिनांक 01.03.2024 को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड- II, उ0प्र0 जल निगम, 123/494, के.एन.टी. बिल्डिंग, फजलगंज कानपुर में अपरान्ह 3: 00 बजे डाली जायेगी एवं अपरान्ह 3: 30 बजे निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। कार्यो हेतु प्रति निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 3000.00 + 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 है।

**अधिशासी अभियन्ता**



**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

**ई-निविदा सूचना** - अधोहस्ताक्षरी द्वारा सम्बन्धित कार्य में दक्ष जिन्हे सम्बन्धित कार्य का पूर्व में अनुभव हो या वर्तमान में कार्य कर रहे हो, आयकर तथा जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र धारक अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो/कार्यदायी ऐंजेन्सियो से विभागीय निविदा विशिष्टीकरण के सम्मुख अंकित कार्य/आपूर्ति हेतु ई-निविदायें अलग-अलग दो भागों में, ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा की अवधि, निविदा विस्तारण, पुर्नप्रकाशन, शुद्धिपत्र, संशोधन की सूचना UP Govermemt की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर डाउनलोड/ देखें जा सकते है, एवं डाउनलोड करते हुये मूलरूप में प्रयोग किये जायेंगे। निविदा प्रपत्रों को एडिट करके अलग से टंकित कराकर प्रयोग किये हुए मान्य नही होगें। निविदा प्रपत्र का निर्धारित मूल्य जो कि अप्रतिदेय है एवं प्रत्येक की निर्धारित धरोहर धनराशि अलग-अलग EXECUTIVE ENGINEER ELECTRICITY TEST DIVISION-II, U.P POWER CORPORATION LTD. RAEBARELI के ICICI BANK के खाता सं0 081205500344/ IFS Code ICIC0000812 में RTGS/NEFT के माध्यम से ऑन-लाइन जमा किया जायेगा एवं साक्ष्य यथा योज्य यू0टी0आर0 संख्या, पे-इन स्लिप की मूल प्रति निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा। निविदा से सम्बन्धित अन्य सम्पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। निविदा खुलने की तिथि 13.03.2024 निर्धारित है। (1) अल्पकालीन ई-निविदा सं0: 166 6/ विविमद्विरा//2023-24 विद्युत वितरण खण्ड-लालगंज, रायबरेली के भौगोलिक कार्यक्षेत्र में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों पर स्थापित 5 एमवीए एवं 10 एमवीए पावर परिवर्तकों की गैस किट, आयल सेण्ट्रीफ्यूजिंग तथा अन्य का कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित।) धरोहर धनराशि रू0 8500.00 ।(2) अल्पकालीन ई-निविदा सं0: 167/ विविमद्विरा/2023-24 विद्युत वितरण खण्ड-सलोन, रायबरेली के भौगोलिक कार्यक्षेत्र में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों पर स्थापित 5 एमवीए एवं 10 एमवीए पावर परिवर्तकों की गैस किट, आयल सेण्ट्रीफ्यूजिंग तथा अन्य का कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00 (जी0एस0टी0) सहित) धरोहर धनराशि रू0 8000.00।(3) अल्पकालीन ई-निविदा सं0: 168/ विवि मद्विरा/2023-24 विद्युत वितरण खण्ड-डलमऊ, रायबरेली के भौगोलिक कार्यक्षेत्र में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों पर स्थापित 5 एमवीए पावर परिवर्तकों की गैस किट, आयल सेण्ट्रीफ्यूजिंग तथा अन्य का कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 3000.00 ।

**अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल - द्वितीय रायबरेली ''बल्ब एवं सी0एफ0एल के स्थान पर एल0ई0डी0 जलायें । राष्ट्रहित में बिजली बचायें।''**

पत्रांक:- 3318/वि0वि0 मं0द्वि0रा0/निविदा प्रका0/ 2023-24 दिनांक:- 24.02.2024



**अमृत विचार क्लासीफाइड**

**सूचना**

LDA शारदा नगर योजना लखनऊ में एक छोटा मकान बिजली, पानी युक्त बिकाऊ है खरीददार स्वयं संपर्क करें- **7379655405**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे शैक्षिक अभिलेखों व मेरे विभागीय अभिलेखों में मेरा नाम नीरज सिंह गर्ग अंकित है। मेरे विभागीय अभिलेखों में मैं अपना नाम नीरज गर्ग अंकित करवाना चाहता हूं। उपर्युक्त दोनों नाम मेरे ही हैं भविष्य में मुझे नीरज गर्ग के नाम से जाना व पहचाना जाए

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम VAKEEL था अब मैने बदलकर अपना नाम VAKEEL AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। VAKEEL AHMAD S/O: ABDUL AJEEJ R/O: 60, SAMMANPUR MACHLI GAON SIKANDARPUR, AMBEDKAR NAGAR

**सूचना**

सूचित हो कि मै सुनीता देवी पत्नी राम वृक्ष, निवासी- ग्राम गौरा गूजर परगना व पोस्ट ब्राहिमपुर तहसील टाण्डा जिला अम्बेडकर नगर मेरी एल0आई0सी0 पालिसी सं0 216054202 में मेरा पुकारू नाम प्रमिला कुमारी अंकित हो गया है जब कि मेरे आधार कार्ड व अन्य कागजी दस्तावेज में मेरा नाम सुनीता देवी है। यह कि प्रमिला देवी व सुनीता देवी दोनो एक ही महिला के नाम है। अतः मेरी एल0आई0सी0 पालिसी में घरेलू नाम प्रमिला कुमारी के स्थान पर सुनीता देवी अंकित किया जाय

# पीएम रिपोर्ट बदलवाने के नाम पर वसूली करने के मामले में तीन संविदा कर्मी नपे

## केजीएमयू प्रशासन ने शुरू कराई जांच, संविदा कर्मियों पर कार्रवाई कर लीपापोती की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट बदलवाने के नाम पर वसूली करने के मामले की केजीएमयू प्रशासन ने जांच शुरू करवा दी है। जांच पूरी होने तक मर्च्युरी में तैनात आरोपी सहित तीन संविदा कर्मियों को हटा दिया गया है।

वहीं, यहां पर करीब दस साल से तैनात चीफ फार्मासिस्ट को हटाया तक नहीं गया। वहीं सूत्रों का कहना है यह वसूली संविदा कर्मी अकेले नहीं बल्कि स्थाई कर्मचारी की सह पर कर रहे थे। गर्दन फंसी तो संविदा कर्मियों को किनारे करके मामले में लीपापोती करने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, इस मामले में पीड़ित परिजनों ने सोमवार को लखनऊ आकर केजीएमयू प्रशासन व पुलिस कमिश्नर को लिखित शिकायत करने की बात कही है।

फॉलोअप



"मामले को गंभीरता से लिया गया है। मामले की जांच कराई जाएगी। जांच में जो भी दोषी मिलेगा उस पर कार्रवाई होगी।
-डॉ. क्षितिज, प्राक्टर, केजीएमयू

### यह था मामला

सुल्तानपुर हाईवे पर बीती 17 फरवरी को सड़क हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस की मदद से उसे अयोध्या के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां हालत नाजुक होने पर केजीएमयू ट्रॉमा रेफर कर दिया गया। 18 फरवरी को घायल की ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों में शामिल एक युवक ने बताया कि मृतक कभी -कदार शराब का भी सेवन कर लेता था। इसको लेकर वह लोग आपस में ही चर्चा कर रहे थे। तभी एक युवक उनके पास आया उसने खुद को केजीएमयू का कर्मचारी होने की बात कही। उसने दावा किया कि मर्च्युरी में जो भी रिपोर्ट बदलवानी होगी वह तुरंत बदल जाएगी। इसकी एवज में शुल्क लगेगा। दस हजार रुपए का सौदा हुआ था। इसमें दो हजार रुपए परिजनों ने दे दिए थे। बाकी बची रकम मांगने के लिए कर्मचारी ने परिजन के नंबर पर कॉल करके धमकाया था। इसका आडियो वॉयरल हुआ था। शनिवार को अमृत विचार ने मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इस मसले में अफसरों ने सख्त कार्रवाई की बजाए तीन संविदा कर्मियों को किनारे करके मामले को दबा दिया। स्वास्थ्य विभाग-केजीएमयू व पुलिस एक दूसरे की जिम्मेदारी बता कर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं।

## एक नजर

### स्वास्थ्य शिविर में 75 छात्रों व शिक्षकों का हुआ परीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के राधाकमल मुखर्जी हॉल में समाज कार्य एवं मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (कम्युनिटी मेडिसिन) द्वारा दंत शिविर का आयोजन किया गया। इसमें चार चिकित्सकों ने 75 छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों का परीक्षण किया। शिविर का आयोजन सिफ्प्सा प्रोजेक्ट इन्वॉल्वमेंट ऑफ एनएसएस वॉलंटियर्स फॉर एड्रेसिंग हेल्थ इश्यूज ऑफ यूथ विथ डिग्री कॉलेज क्यू क्लब के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नोडल कार्यक्रम समन्वयक प्रो. राकेश द्विवेदी द्वारा की गई, जिसमें क्यू-क्लब के बारे में जानकारी दी गई। डॉक्टरों की टीम ने मुख स्वास्थ्य की जांच की और मुख स्वच्छता उत्पादों के नमूने वितरित किए। डॉ. पंकज अवस्थी ने कहा कि मुख स्वास्थ्य को अच्छा बनाए रखना महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह मसूड़ों की बीमारी और कैविटी से बचाता है। कार्यक्रम में डॉ. प्रियंका अवस्थी ने मुख कैंसर के लक्षणों के बारे में जागरूक किया। डॉ. अनम फातिमा नोमानी और डॉ. साधना गौतम ने छात्रों को इस बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### केजीएमयू में नए छात्रों का किया गया स्वागत

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू पैरामेडिकल विज्ञान संकाय के द्वारा नए छात्रों (वैच 2023-24) के आगमन पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मौजूद प्रति कुलपति प्रो. अपजीत कौर तथा डीन एकेडमिक प्रोफेसर अमिता जैन ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्हें विश्वविद्यालय की गरिमा को बरकरार रखने तथा अनुशासन का वातावरण बनाए रखने के लिए भी निर्देशित किया। आयोजन में प्रो. अनिल निश्चल, प्रो. अतिन सिंघई, परीक्षक नियंत्रक प्रोफेसर ज्योति चोपड़ा, कुलानुशासक प्रो. क्षितिज श्रीवास्तव, प्रो. तुलिका चन्द्रा और प्रो. बीके ओझा मौजूद रहे।

# बाहर खाने का शौक मतलब बीमारियों को दावत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मौजूदा समय में बहुत से लोग पूड़ी, भटूरा खाने के शौकीन होते हैं, लोग अक्सर सड़क किनारे पूड़ी और छोले भटूरे का आनंद लेते देखे जा सकते हैं, वहीं कुछ लोग होटलों में बैठकर इन खाद्य पदार्थों का स्वाद लेते हैं, लेकिन यह शौक उनके लिए जानलेवा हो सकता है।

उन्हें कैंसर जैसी अन्य गंभीर बीमारी हो सकती है। यह जानकारी बनारस के डॉ. हरिशंकर शुक्ल ने शनिवार को दी। वह केजीएमयू स्थित अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में जनरल सर्जरी विभाग के 112 वें स्थापना दिवस समारोह पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान जानकारी साझा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि पूड़ी और भटूरा खाना ही है तो घर पर या फिर ऐसी जगह पर खायें जहां पर तेल एक ही बार में गर्म किया जाता है। जिन जगहों पर कड़ाही में तेल बार-बार गर्म किया जाता है। वह बहुत खतरनाक होता है। एक ही तेल में कई बार पूड़ी, भटूरा या फिर किसी भी तरह के खाने-पीने की चीजों को गर्म किया जाता है। वहां पर खाने से बचना चाहिए, नहीं तो इसके दूरगामी दुष्परिणाम व्यक्ति को झेलने पड़ सकते हैं।

**बीमारियों से बचना है तो जीभ पर रखे नियंत्रण :** डॉ. हरिशंकर शुक्ल ने बताया कि इंसान में चार तरह की शारीरिक बीमारियां होती हैं, जिसमें से अनुवांशिक, दुर्घटना, संक्रमण और जीवनशैली सें संबंधित होती हैं। इसमें 60 प्रतिशत बीमारियां अनियमित जीवन शैली से जुड़ी होती है। यदि जीवनशैली में सुधार रखा जाये तो इन बीमारियों से बचा जा सकता है। लाइफ स्टाइल यानी की जीवनशैली खराब होने से बीपी, शुगर जैसी बीमारियां तो होना आम बात है, यदि जीभ पर नियंत्रण रखा जाये तो काफी हद तक बीमारियां दूर रहेंगी।



डॉ. हरिशंकर शुक्ल



डॉ. सुनील शर्मा

केजीएमयू के सर्जरी विभाग के स्थापना दिवस पर विशेषज्ञों ने बीमारियों पर की चर्चा

### मीट के प्रयोग से बढ़ रहीं बीमारियां

नेपाल से आये डॉ. सुनील शर्मा ढकाल ने बताया कि खानपान में मीट का प्रयोग खूब हो रहा है। जो लोगों में हो रहे मोटापे का कारण हैं। मोटापा और अल्कोहल का सेवन कई बीमारियों को दावत देता है। ऐसे में इन पदार्थों का सेवन कम कर और जीवनशैली में योग, व्यायाम को शामिल कर बीमारियों से बचाव निश्चित तौर पर संभव है। इसके अलावा उन्होंने दूध को स्वास्थ्य के लिए अच्छा बताया है। हालांकि उन्होंने बटर और घी के इस्तेमाल पर संयम रखने की बात कही है। कार्यक्रम में केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानन्द ने डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को सम्मानित भी किया है।

# कई क्षेत्रों में बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आरडीएसएस योजना के तहत सिस गोमती के कई इलाकों में अनुरक्षण कार्य कराया जायेगा। जिसके चलते 33 केवी विद्युत उपकेंद्र से पोषित 11 केवी अमेठिया फीडर पर कार्य किया जायेगा। इससे अमेठिया फीडर से होने वाली विद्युत आपूर्ति फरीदपुर, लालाबाग, भुहर अयोध्यापुरी, शाहपुर, भमरौली, दुबग्गा चौराहे के आसपास के इलाके व कानपुर बाईपास में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी अधिशासी अभियंता सेस-दो ने दी।

### अलीगंज में ट्रांसफॉर्मर की खराबी से गुल रही बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज के बड़ा चांदगंज क्षेत्र में शनिवार को दिनभर बिजली की आवाजाही बनी रही। इस दौरान लोग उपकेंद्र के चक्कर लगाने के साथ वहां का फोन मिलाते रहे। कर्मचारियों की ओर से बिजली आपूर्ति के सामान्य होने की जानकारी न मिलने से उपभोक्ता इधर-उधर भटकते रहे। निरालानगर उपकेंद्र के कर्मचारियों ने बताया कि छप्परतला चौराहे पर लगे ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई थी।

# ...एक दौर था जब हाथ से पल्स का करते थे सटीक आकलन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के एनेस्थीसिया विभाग की तरफ से शनिवार को एक निजी होटल में पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें केजीएमयू एनस्थीसिया विभाग से पीजी की पढ़ाई पूरी करने वाले छात्र-छात्राओं ने शिरकत की।

रियाद से आए डॉ. ज्ञानेंद्र ने कहा 1985 में केजीएमयू एनेस्थीसिया विभाग से पीजी किया था। उन्होंने बताया कि उस दौरान में न तो वेंटीलेटर होते थे। न ही पल्स ऑक्सीमीटर। हालात यह थे कि ऑपरेशन के दौरान व बाद में हाथ से पल्स का आकलन किया जाता था। मरीज को राहत भी मिलती थी।





केजीएमयू के एनेस्थीसिया विभाग के स्थापना दिवस पर कुलपति सोनिया नित्यानन्द को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते प्रो. डॉ. दिनेश कौशल, साथ में अन्य। अमृत विचार

केजीएमयू के एनेस्थीसिया विभाग के सम्मेलन में पुराने छात्रों ने साझा की यादें

### मरीजों को दे रहे नया जीवन

एनेस्थीसिया विभाग का स्थापना दिवस समारोह भी मनाया गया। विभाग की अध्यक्ष डॉ. मोनिका कोली ने प्रगति रिपोर्ट पेश की। डॉ. तन्मय तिवारी ने कहा कि एनस्थीसिया की भूमिका ऑपरेशन के साथ इलाज में बढ़ी है। क्रिटिकल केयर में गंभीर मरीजों को एनस्थीसिया विशेषज्ञ नया जीवन दे रहे हैं।

### एनेस्थीसिया जादू है

लोकबंधु अस्पताल में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. रुपेंद्र अग्रवाल ने केजीएमयू से वर्ष 2016 में पीजी की पढ़ाई की। उन्होंने बताया कि एमडी में दाखिला लेने के बाद मुझे एनेस्थीसिया का मोल समझ आया। इमरजेंसी में एक मरीज बेहद नाजुक हाल में आया। उसका तुरंत ईसीजी कराया गया। ईसीजी की लकीरे एकदम सीधी आईं। इसका मतलब मरीज की सांसें जा चुकी हैं। इसी दौरान एक सीनियर डॉक्टर ने मरीज को सीपीआर दिया। कुछ दवाएं दीं। कुछ देर बाद मरीज की सांसें चलने लगीं। उसके बाद मुझे एनस्थीसिया का जादू समझ आया।

# गोमतीनगर रेलवे स्टेशन का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे मोदी



कैसरबाग स्थित भाजपा महानगर कार्यालय में बैठक करते महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी व साथ में अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी को वर्चुअली गोमतीनगर रेलवे स्टेशन का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण कार्यक्रम को एलईडी के माध्यम से कार्यकर्ताओं और लोगों को दिखाया जाएगा।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने शनिवार को इस संबंध में बैठक की। कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी वर्चुअली इस कार्यक्रम में जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रयासों से ही गोमती नगर रेलवे स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर बनाया गया है। जिसके प्रथम चरण का कार्य पूरा हो चुका है। गोमती नगर रेलवे स्टेशन के साथ ही अन्य स्टेशनों के सौंदर्यीकरण, फ्लाईओवर एवं अंडरपास का भी लोकार्पण होगा।

बैठक में मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, मेयर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी मुकेश शर्मा, विधायक डॉ. नीरज बोरा, मोहसिन रजा, रजनीश गुप्ता, अंजनी श्रीवास्तव, महामंत्री राम अवतार कनौजिया, उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल, विवेक सिंह तोमर, सौरभ वाल्मीकि, टिंकू सोनकर आदि मौजूद रहे।

### रविदास जयंती पर हुआ भंडारा

**अमृत विचार, लखनऊ :** रविदास जयंती पर भाजपा लखनऊ महानगर अनुसूचित मोर्चा की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि गुरु रविदास ने समाज को समानता और न्याय के लिए प्रेरित किया। उनका योगदान समाज सुधार में महत्वपूर्ण रहा। भेदभाव, जातिवाद और सामाजिक असमानता को दूर करने में अहम योगदान दिया। इस दौरान भाजपा नेता नीरज सिंह, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कन्नौजिया, अनुसूचित मोर्चा के महानगर अध्यक्ष विपिन सोनकर, कार्यक्रम संयोजक इंदल गौतम आदि मौजूद रहे।

# डॉ. ओपी शुक्ला की एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर प्रोन्नति

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के मंथन सभागार में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में कार्य परिषद की बैठक संपन्न हुई। बैठक में वाणिज्य विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर (संविदा) के पद पर पांच और विधि संकाय में असिस्टेंट प्रोफेसर (नियमित) के पद पर कुल 12 एवं व्यवहारिक अर्थशास्त्र विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के नियमित पद पर कुल एक नियुक्ति को अनुमोदन प्रदान किया गया। इसी प्रकार कार्यपरिषद ने सैन्य अध्ययन विभाग में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ओपी शुक्ला को कॅरियर एडवांसमेंट योजना के तहत एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर प्रोन्नति का अनुमोदन प्रदान किया।

# बैठक न हो पाने से नहीं मिल रही सहायता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रानी लक्ष्मी बाई योजना का लाभ एक वर्ष के भीतर 450 पीड़ित महिलाओं को मिला। योजना के तहत एक से दस लाख की आर्थिक सहायता महिलाओं को दी जाती है, मगर बैठक न होने के कारण हाल में चयनित सात महिलाओं को अभी भी आर्थिक मदद का इंतजार है।

रानीलक्ष्मी बाई योजना की शुरुआत प्रदेश सरकार की ओर से एसिड अटैक, दुष्कर्म और पाक्सो समेत अन्य गंभीर घटनाओं का शिकार हुईं महिलाओं को लाभ दिए जाने को लेकर हुई थी। आईपीसी की नौ अलग-अलग गंभीर धाराओं का उल्लेख इसमें किया गया है। इसमें एक लाख से दस लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। एक वर्ष में 450 पीड़ित महिलाओं को उक्त योजना के तहत आर्थिक सहायता दी गई है। सरकार की मंशा है कि महिलाओं को आर्थिक सहायता देकर उनको समाज में सम्मान दिया जाए। आर्थिक सहायता से वे अपना बेहतर जीवन यापन कर सके। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि सात आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं। विभागीय बैठक में इसको अनुमोदन मिल जाएगा। आर्थिक सहायता की राशि पीड़ित महिलाओं के खाते में भेज दी जाएगी।

रानी लक्ष्मी बाई योजना में आए थे 19 आवेदन

### मिली धनराशि, खिले चेहरे

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत पंजीकृत 1,800 बच्चों को आर्थिक मदद मिल गई है। अक्टूबर से जनवरी तक का बजट मिलने के बाद धनराशि पात्रों के खातों में भेज दी गई है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत पात्रों के दो बच्चों को शिक्षा के लिए 2500-2500 रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं। सितंबर माह में पंजीकृत 900 से अधिक बच्चों को धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। योजना का लाभ लेने के लिए लोग तेजी से पंजीकरण करा रहे हैं। अभी तक जिले में 1,800 से अधिक पंजीकरण करा चुके हैं। किसी माता-पिता की अगर चार संतानें हैं और वे योजना के दायरे में आ रहे हैं तो लाभ सिर्फ दो ही बच्चों को मिलेगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि अक्टूबर से जनवरी तक के लिए चार माह का बजट लगभग पौने दो करोड़ रुपये मिल गया है। राशि पात्रों के खातों में भेज दी गई है।

# निलंबित पूर्व रजिस्ट्रार पर शिकायत करा वसूली करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

मदरसा बोर्ड : फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी करने वालों को बचाने में हुए थे निलंबित

मदरसा संचालकों पर दबाव बनाकर करोड़ों रुपये की वसूली का है आरोप

**अमृत विचार :** मदरसा बोर्ड के निलंबित पूर्व रजिस्ट्रार व अल्पसंख्यक कल्याण के उप निदेशक प्रयागराज जगमोहन सिंह पर गंभीर आरोप लगा है। उनके खिलाफ शिकायत करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है।

आरोप है कि वह मदरसा संचालकों के खिलाफ फर्जी शिकायती पत्र बनाकर जांच करते थे। इसके नाम पर मोटी रकम वसूलते थे। वसूली की रकम से उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में होटल व प्रॉपर्टी का कारोबार भी करीबी लोगों के साथ मिलकर शुरू किया है।

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल सिंह को हलफनामे के साथ एक शिकायती पत्र भेजा गया है। गोरखपुर के उर्दू बाजार निवासी एजाज अहमद ने यह शिकायती पत्र भेजा है। इसमें आरोप लगाया है कि मदरसा शिक्षा बोर्ड के पूर्व रजिस्ट्रार व अल्पसंख्यक विभाग के उप निदेशक प्रयागराज जगमोहन सिंह ने एक अन्य अधिकारी सहित तीन लोगों के साथ मिलकर अवैध वसूली की। हलफनामे पर एजाज अहमद ने लिखा कि अल्पसंख्यक विभाग के निलंबित उप निदेशक प्रयागराज भ्रष्ट अधिकारी हैं। उन्होंने झूठ बोलकर दो-दो शादियां कर रखी हैं और बतौर मदरसा बोर्ड के रजिस्ट्रार कथित तौर पर 20 करोड़ से ज्यादा की अवैध कमाई की है। बता दें कि उप निदेशक प्रयागराज को फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी करने वाले शिक्षकों को बचाने के आरोप में बीती 12 फरवरी को शासन ने निलंबित किया था।

एजाज अहमद ने शिकायती पत्र में लिखा कि उप निदेशक मेरे नाम से कोई जाली चिठ्ठी तैयार करके खुद बलरामपुर के किसी मदरसे की जांच कर रहे हैं। साथ ही जांच के नाम पर कथिततौर पर धन उगाही कर रहे हैं। एजाज के इस शिकायती हलफनामे के साथ कैबिनेट मंत्री को सम्बोधित एक पत्र भी लिखा है। इसमें कहा गया है कि फर्जी पत्र को तैयार कर दो करीबी कर्मचारी मुख्य वक्फ निरीक्षक अफजल फरीद खान तथा अमरेंद्र वर्मा के माध्यम से जांच के नाम पर बलरामपुर के मदरसा प्रबंधकों से भारी धन उगाही के लिए दबाव बनाया। उनसे रुपये न मिलने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। इसके अलावा वर्तमान में ग्राम्य विकास विभाग में समीक्षा अधिकारी के रूप में सेवा दे रहे सुधीर वर्मा की भी संदिग्ध भूमिका है। जो पूर्व में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में समीक्षा अधिकारी के रूप में तैनात रहे। शिकायतकर्ता ने इस मामले की गंभीरता से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## सार-संक्षेप





आलमबाग नटखेड़ा रोड पर बंदरों से परेशान व्यापारी हाथों में तख्ती लेकर प्रदर्शन करते हुए।

### बंदरों की दहशत से परेशान व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** आलमबाग स्थित नटखेड़ा रोड पर बंदरों के उत्पात से कारोबार करना दुश्वार हो गया है। व्यापारी, बच्चों और महिलाओं पर आए दिन हो रहे बंदरों के हमलों से लोग परेशान और दहशत में हैं। नाराज व्यापारियों ने शनिवार को आलमबाग नटखेड़ा बाजार के पास हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। कारोबारियों का कहना है कि बंदरों को पकड़ने के लिए जिला प्रशासन, वन विभाग और नगर निगम से बंदरों को पकड़वाने की अपील की गई है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा ने बताया कि क्षेत्र में बंदर आए दिन दुकानों से कभी कपड़ा, कभी अंडा, कभी ब्रेड लेकर भाग जाते हैं। खासतौर पर महिला ग्राहकों के हाथ से पैकेट झपट्टा मारकर छीन लेते हैं। इससे वह चोटिल होती हैं। बंदरों की अधिक संख्या होने के कारण व्यापारी इनसे अपना बचाव नहीं कर पा रहे हैं। कुछ दिन पहले जय प्रकाश नगर में एक महिला को बंदरों ने दौड़ाया जिसकी वजह से महिला गंभीर रूप से चोटिल हो गई थी। व्यापारियों ने वन विभाग से फिलहाल दो लंगूर बाजार में भेजने की बात भी कही है। आलमबाग नटखेड़ा रोड चौराहे पर हुए प्रदर्शन में मनीष अरोड़ा, राजेश बत्रा, उपकार सिंह, राजन सोनकर, संतोष तिवारी, रोहित पंजवानी, रूबल सिंह, ऋषि अटवानी, डॉ मोनिका गुप्ता, गौतम नागपाल, विकास अरोड़ा, सचिन सोनकर, नवल अग्रवाल, पवन अरोड़ा, शिवराज भाटिया आदि ने इलाके को बंदरों से मुक्त कराने की मांग की।

### निजी आईडी पर टिकट बनाने वाला धरा गया

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ जंक्शन की अपराध आसूचना शाखा (सीआईबी) ने निजी आईडी पर रेल टिकट बना रहे बिचौलिए को गिरफ्तार किया है। निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह के अनुसार, सीआईबी की टीम को काकोरी कस्बे में स्थित जनसेवा केंद्र की जानकारी मिल रही थी। फिर योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की। जनसेवा केंद्र पर संचालक श्रीकांत सिंह अवैध रूप से रेल ई टिकट बनाता मिला। वह निजी आईडी पर रेल टिकट बना रहा था। यात्रियों से 100 से 150 रुपये अतिरिक्त रूप से ले रहा था। उसके पास 1251 रुपये की कीमत का एक टिकट और 7031 रुपये के छह टिकट मिले। इन पर यात्रा हो चुकी थी। कम्प्यूटर और 200 रुपये बरामद किए गए।

### ट्रेन लेट होने पर यात्रियों ने किया हंगामा

**अमृत विचार, लखनऊ :** शुक्रवार रात नई दिल्ली से लखनऊ आ रही एसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस गाजियाबाद में एक घंटे खड़ी रही। जब यात्रियों ने ट्रेन चलने के बारे में जानकारी ली तो पता चला कि तकनीकी कमियों के कारण इसे रोका गया है। रेलवे की लापरवाही पर यात्रियों ने ट्रेन से उतरकर हंगामा किया। इस बीच, इसकी शिकायत यात्री योगेश श्रीवास्तव ने एक्स पर दी। यात्री ने लिखा कि यात्रियों की सुविधा को क्या रेलवे एक लोकोमोटिव नहीं उपलब्ध करा पा रहा है। उत्तर रेलवे दिल्ली के डीआरएम ने असुविधा के लिए खेद जताया। उन्होंने लिखा कि ट्रेन संख्या 12430 तकनीकी मेंटेनेंस कार्य के चलते लेट हुई है।

### पीजीआई में दुर्लभ रोगों से पीड़ित 16 बच्चों का मुफ्त इलाज शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसजीपीजीआई में दुर्लभ रोगों से ग्रसित (रेयर डिजीज) 16 बच्चों का इलाज निशुल्क शुरू हो गया है। शासन ने रेयर डिजीज पॉलिसी के तहत पीजीआई को दुर्लभ रोगों के इलाज के लिए 6.4 करोड़ रुपये दिये हैं। यह जानकारी शनिवार को पीजीआई के मेडिकल जेनेटिक्स विभाग की प्रमुख डॉ. शुभा फड़के ने संस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम में दी। दुर्लभ रोगियों को चिह्नित करने, दुर्लभ रोगियों और देखभाल में लगे डॉक्टरों के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. शुभा फड़के ने बताया कि विल्सन रोग, टायरोसिनेमिया, ग्रोथ हार्मोन की कमी, इम्यूनोडेफिशिएंसी रोगियों को जल्द ही मुफ्त उपचार शुरू किया जाएगा। डॉ. शुभा के मुताबिक 80 फीसदी दुर्लभ बीमारियां आनुवंशिक होती है। इनके लक्षण तीन, छह व एक साल में दिखाई देने लगते हैं। डॉ. फड़के ने बताया कि पांच हजार तरह की दुर्लभ बीमारियां हैं। पीजीआई की ओपीडी में हर साल करीब तीन हजार बच्चे दुर्लभ बीमारियों के आते हैं। इनमें से 150 बच्चों का इलाज विभाग में चल रहा है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन निदेशक पिंकी जोवेल, संस्थान के डीन डॉ. शालीन कुमार व डॉ. दीप्ति सक्सेना समेत अन्य ने भी विचार रखे। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के यूपी चैप्टर और लखनऊ एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में दुर्लभ रोगों से पीड़ित करीब 100 बच्चों को सम्मानित किया गया।



एसजीपीजीआई में कार्यक्रम की दीप प्रज्जवलित कर शुरुआत करती चिकित्सक साथ में अन्य। अमृत विचार

## आयोजन

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित हुए अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष सेमिनार में शामिल हुए ज्योतिषियों ने पंचांग को लेकर की चर्चा

# सटीक गणना के बिना बनाए जा रहे पंचांग फैला रहे भ्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पंचांग अब व्यापार बन गया है। इसमें वैदिक और सामाजिक जरूरतों का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। इसके कारण व्रत, त्योहार व अन्य गणनाएं आमजन को भ्रमित कर रही हैं। सभी पंचांग के अलग-अलग मत हो रहे हैं। सटीक गणना के बिना पंचांग बनाए जा रहे हैं। ऐसी दुविधा वाली स्थिति में संस्कृत विश्वविद्यालय से प्रकाशित पंचांग पर भरोसा करें। यह चंद्रमा की स्थिति का सही आकलन कर बनाए जाते हैं। इसके निर्माण में खगोल विज्ञान का विशेष महत्व होता है। ये बातें केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने कही।

वे शनिवार को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष सेमीनार को संबोधित कर रहे थे। सेमीनार में नेपाल और मॉरीशस के ज्योतिष शामिल हुए। प्रो. सर्वनारायण झा ने कहा कि भारतीय व्रत, पर्व, त्योहार, सूर्य, चंद्रमा एवं अन्य ग्रह नक्षत्रों की स्थिति के आधार पर मनाये जाते हैं। सूर्य, चन्द्र व अन्य ग्रह -नक्षत्र सम्पूर्ण विश्व के लिए एक हैं। इनकी चाल की स्थिति पर व्रत, पर्व, त्योहार एक ही तारीख व दिन को होना स्वाभाविक है। इसमें अतिसूक्ष्म अंतर मात्र अक्षांश, देशांतर के कारण या विभिन्न ऋषि परंपरा के कारण हो सकते हैं। पर, यह बिल्कुल अलग नहीं हो सकते। इसे एक रूप बनाने के लिये केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय कार्य कर रहा है। इसमें विश्व के ज्योतिषियों को एक साथ आना चाहिए और इसके लिए काम करना चाहिए। ताकि व्रत, पर्व, त्योहार की तिथियों में विसंगतियां न हों।



सम्मेलन में शामिल ज्योतिष। अमृत विचार

### भारत-नेपाल में एक पंचांग पर आधारित हो पर्व

नेपाल पंचांग निर्णायक विकास समिति के अध्यक्ष प्रो. श्रीकृष्ण अधिकारी ने कहा कि भारत और नेपाल की संस्कृति और सभ्यता व्रत, पर्व और धर्माचरण एक जैसे हैं। इसीलिए दोनों देशों के पंचांग निर्माण का आधार ग्रन्थ और उनके अनुसार व्रत, पर्व समान तिथियों में होना चाहिए और इसके लिए दोनों देशों को सम्मिलित प्रयास करना चाहिए। प्रो. अधिकारी के साथ नेपाल संस्कृत विश्वविद्यालय के वाल्मीकि विद्यापीठ ज्योतिष विभाग के अध्यक्ष प्रो. धनेश्वर नेपाल ने भी विचार साझा किया।

### ज्योतिष गणना के लिए प्रेरित करना समय की मांग

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के उत्तराखण्ड स्थित देवप्रयाग परिसर के निदेशक आचार्य पीवीबी सुब्रह्मण्यम् ने कहा कि आलोचकों को आमंत्रित करना चाहिये। उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. देवी प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि आवश्यकता है कि भारतीय परंपरा के सिद्धांत ज्योतिष के ग्रन्थों को परिष्कृत किया जाय और सम्पूर्ण देश में पंचांग की परंपरा अलग-अलग हो किन्तु गणित तो एक ही है।

### भारतीय गणित व खगोल विज्ञान आज भी तर्क संगत

कमिन्स महाविद्यालय, पुणे के पूर्व प्राचार्य डॉ. चन्द्रगुप्त श्रीधर वर्णेकर ने कहा कि भारतीय गणित और खगोल विज्ञान आज भी पूर्व की तरह तर्क संगत है। इसे आधुनिक तकनीकी द्वारा समाज में प्रचारित-प्रसारित करने की जरूरत है। प्रो. मदनमोहन पाठक ने कहा कि आज सन्तानोत्पत्ति में बाधा और प्राकृतिक प्रसव नहीं होने में वैवाहिक विलम्ब कारण है। इसलिए उपयुक्त समय पर विवाह करना चाहिए।

## एक नजर

### सीएनजी सिलेंडर का पाइप फटने से हड़कंप

अमृत विचार, काकोरी : पारा इलाके में डीसीएम में लोड सीएनजी सिलेंडर की पाइप फट गई। चालक ने समय रहते पाइप बंद कर दी। इससे हादसा बच गया। पारा इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा ने बताया बाराबंकी के टिकैटगंज निवासी चालक रिंकू डीसीएम ट्रांसपोर्ट नगर से आरके फिलिंग स्टेशन बक्शी का तालाब लेकर जा रहा था। रास्ते में पुराना पारा थाने के पास सीएनजी गैस का पाइप फट गई। इससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। चालक रिंकू ने सूझबूझ दिखाते हुये सिलिंडर की मेन पाइप आनन-फानन बंद कर दी। इससे बड़ा हादसा टल गया।

### चौकी इंचार्ज के नंबर से एसपी सिद्धार्थ नगर को कॉल, रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : पालिटेक्निक चौकी इंचार्ज हरिओम पटेल के निजी मोबाइल नंबर को इंटरनेट के माध्यम से गलत उपयोग करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने चौकी प्रभारी के नंबर की क्लोनिंग कर सिद्धार्थ नगर की एसपी को कॉल किया था। इसकी जानकारी चौकी प्रभारी को नहीं थी। एसपी सिद्धार्थ नगर के पीआरओ ने चौकी प्रभारी हरिओम को कॉल की तब फर्जीवाड़ा का खुलासा हुआ। पीआरओ ने बताया कि इसी नंबर से एसपी के सीयूजी नंबर पर कॉल आई थी। जबकि चौकी प्रभारी ने अपने नंबर से कॉल नहीं की थी।

### डीसीपी दक्षिणी ने बंथरा थाने का किया निरीक्षण

अमृत विचार, सरोजनीनगर : डीसीपी दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह ने शनिवार को बंथरा थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। डीसीपी ने महिला हेल्प डेस्क, माल खाना, बैरक और अभिलेखों का रख रखाव देखा। प्रभारी निरीक्षक हेमंत राघव को साफ सफाई के निर्देश दिए। पुरानी शिकायतों का निस्तारण नहीं होने पर नाराजगी जताई। शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

# बंद कमरे में सिलेंडर फटा, दीवार में पड़ीं दरारें, खिड़की-दरवाजे टूटे

## कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र की एलडीए कॉलोनी में हुआ हादसा, सूचना पर पहुंची पुलिस कर रही मामले की जांच

संवाददाता, आलमबाग


हादसे के बाद घटनास्थल पर जांच करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार


दीवारों में आईं दरारें। अमृत विचार


धमाके से टूटा दरवाजा। अमृत विचार

अमृत विचार : कृष्णानगर कोतवाली इलाके में तीसरी मंजिल में बने बंद कमरे गैस सिलेंडर फट गया। जोरदार धमाके से पूरा इलाका दहल गया। जबकि कमरे की खिड़की दरवाजे और दीवार टूट गई। मलबा पड़ोसी की छत पर जा गिरा। राहत की बात है कि जनहानि नहीं हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कृष्णा नगर कोतवाली के एलडीए कॉलोनी में विरेंद्र सिंह सोढ़ी का तीन मंजिला मकान है। ग्राउंड व दूसरी मंजिल पर बने कमरों में पत्नी सुखवर्षा, बेटा नीरज, बहू संगीता दो बच्चों के संग रहते हैं। जबकि तीसरी मंजिल के कमरे में किरायेदार धनराज बत्रा, पत्नी सिमरन व दो बेटे वैभव व अमन के साथ आठ वर्ष से रहते हैं। उनका आलमबाग में होटल है। उनकी पत्नी बुटीक का काम करती हैं। बेटा वैभव व अमन पढ़ते हैं। विरेन्द्र ने बताया शनिवार शाम धनराज व सिमरन काम पर और दोनों बेटे घर में ताला बंद कर कोचिंग पढ़ने गए थे। शाम करीब करीब 4:45 बजे गैस सिलेंडर फटने का धमाका सुन भाग कर छत पर पहुंचे तो धनराज के कमरे की दीवार व दरवाजा टूटा मिला। दीवार का मलबा पड़ोसी की छत तक जा गिरा था। कमरे की दीवारों पर दरार पड़ गईं। इंस्पेक्टर कैलाश दुबे ने बताया गैस सिलेंडर फटा है, कोई जनहानि नहीं हुई। सिलेंडर फटने की वजह स्पष्ट नहीं है। जांच की जा रही है।

### नाला खुदाई के दौरान एलपीजी गैस पाइपलाइन कटी



अमृत विचार, सरोजनीनगर : लखनऊ – कानपुर एक्सप्रेसवे निर्माण में लगी पीएनसी कंपनी की लापरवाही से शनिवार सुबह सरोजनीनगर में भूमिगत एलपीजी गैस पाइपलाइन अचानक कट गई। जिससे वहां पर हड़कंप मच गया। आनन फानन इसकी सूचना पुलिस और फायर कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना पाकर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद पाइपलाइन को बंद कर दिया। हालांकि इस घटना से बड़ा हादसा होते-होते बच गया। सरोजनीनगर इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी ने बताया कि एलपीजी गैस पाइपलाइन कटने की सूचना संबंधित उच्चाधिकारियों को दे दी गई है।

# युवक को दौड़ा कर पीटा, घर पर किया पथराव, 40 पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कार से टक्कर मारने का विरोध करने पर हुआ विवाद

अमृत विचार : हजरतगंज इलाके में पैदल जा रहे युवक को कार सवार ने टक्कर मार दी। विरोध करने पर कार सवारों ने युवक को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। आरोपियों ने अन्य साथियों के संग घर का घेराव कर पथराव और घंटों हंगामा किया। पुलिस के पहुंचने पर भागे हमलावर, पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 40 के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट।

नरही निवासी वीरेंद्र चौहान ने बताया शनिवार शाम मोबाइल पर बात करते पैदल जा रहा था। इसी दौरान अक्षत तेज रफ्तार कार से आया और पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में वह घायल हो गया। विरोध करने पर आरोपी साथियों संग पीटने लगा। किसी तरह जान बचाकर वह घर पहुंचा। तब तक करीब 40 से 45 लोग पीछा करते हुये पहुंचे और घर का घेराव कर पथराव करते हुये जमकर हंगामा किया। सूचना पर डायल 112 पुलिस पहुंची तो आरोपी जान माल की धमकी देते हुये भाग निकले। पीड़ित ने तहरीर देकर आरोपियों से जानमाल का खतरा बताते हुये सुरक्षा की गुहार लगायी है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया अक्षत, रिंकू सहित आठ नामजद समेत 40 के खिलाफ बलवा समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# तेज रफ्तार वाहन ने युवक को कुचला, मौत

संवाददाता, काकोरी

अमृत विचार : काकोरी इलाके में अज्ञात वाहन से कुचल कर युवक की मौत हो गयी। पारा थाना क्षेत्र के हंसखेड़ा कॉलोनी निवासी अरविन्द चौधरी (30) शुक्रवार देर रात को किसान पथ आउटर रिंग रोड से उदित खेड़ा गांव पास गाड़ी रोककर शराब पी रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को कुचल दिया। सिर पर वाहन चढ़ने से उसकी मौके पर मौत हो गई।

अरविंद जोमेटो में डिलीवरी ब्वाय था। शनिवार सुबह राहगीरों ने शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। मौके से पुलिस ने शराब की दो बोतलें बरामद की हैं। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। अरविन्द के परिवार में पत्नी कविता व एक बच्ची है। इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

अमृत विचार, आलमबाग : कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र विजय नगर रेलवे ट्रैक पर शनिवार को ट्रेन की चपेट में आये युवक की मौत हो गयी। इंस्पेक्टर कैलाश दुबे ने बताया कि दोपहर करीब 2:30 बजे गंगा खेड़ा रेलवे लाइन की तरफ पहुंचे लोगों ने शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लिया। आसपास के लोगों ने युवक की पहचान कृष्णानगर के नारायणपुरी निवासी अनिल निगम (40) के रूप में की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

### भाई से कहासुनी कर बहन गई ससुराल, मां ने दी जान

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर इलाके में भाई से विवाद के बाद बहन ससुराल चली गयी। बेटी के नाराज होकर जाने से आहत मां ने फंदा लगाकर जान दे दी। थाना अंतर्गत शक्तिपुरम कॉलोनी निवासी ज्ञानमती (65) के बेटे सुभाष की पांच दिन पहले बहन से कहा सुनी हुई थी। इससे नाराज होकर बहन ससुराल चली गई। बेटी के जाने से ज्ञानमती आहत और परेशान थीं। सुभाष ने पुलिस को बताया शुक्रवार शाम पिता गंगाराम कश्यप टहलने निकले थे। जब लौटे तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। अनहोनी की आशंका पर पड़ोसियों को बुला दरवाजा तोड़ अंदर पहुंचे तो ज्ञानमती का शव साड़ी के फंदे से लटका मिला।

# दूसरों के दस्तावेज लगा लोन लेने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ हजरतगंज पुलिस ने किया खुलासा, अन्य की तलाश जारी

▸▸ सह- प्रबंधक समेत दो लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमृत विचार: हजरतगंज पुलिस ने आइडीएफसी फर्स्ट बैंक में जमा होने वाले दस्तावेजों पर फर्जी वाड़ा कर लोन लेने वाले सह- प्रबंधक समेत दो लोगों को शनिवार को गिरफ्तार किया। पुलिस मामले में शामिल अन्य आरोपियों को तलाश रही है।

इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया पकड़े गये आरोपी सह-प्रबंधक सआदतगंज निवासी फिजा मिर्जा और रकाबगंज निवासी विकास कुरील हैं। दोनों ने बताया कि बैंक में आने वाले दास्तावेज (आधार, पैन कार्ड, फोटो) चुपके से रख लेते थे। इन्हीं कागजात पर लंबे समय बाद लोन ले लेते थे। इंस्पेक्टर ने बताया कि ऐसे मामलों की डेढ़ साल से शिकायतें आ रहीं थी। जांच में मामले एक बैंक से जुड़े मिले। इसके बाद दोनों से पूछताछ में जालसाजी सामने आई। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# ट्रैफिक सिपाही से मारपीट

लखनऊ/ सरोजनीनगर

▸▸ पीड़ित ने सरोजनीनगर थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी

अमृत विचार: सरोजनीनगर थानाक्षेत्र अंतर्गत स्कूटर इंडिया चौराहे पर तैनात सिपाही के संग दबंग ने बदसुलूकी कर उसकी वर्दी फाड़ दी। हालांकि, ट्रैफिक सिपाही की लिखित शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफप्राथमिकी दर्ज की है।

सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी के मुताबिक, पुलिस यातायात विभाग के आरक्षी रामगोपाल की लिखित शिकायत पर कानपुर देहात के हनुमंत विहार नौबस्ता निवासी विक्रम सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। लिखित शिकायत में आरक्षी ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब साढ़े छह बजे वह स्कूटर इण्डिया चौराहे पर तैनात था। वह लखनऊ-कानपुर मार्ग पर यातायात का संचालन कर रहा था। तभी गौरी बाजार की तरफ से आरोपी यातायात नियम का उल्लंघन कर सड़क पार करने लगा। आरक्षी द्वारा रोके जाने पर वह अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर आरोपी हाथापाई करने लगा। मारपीट के दौरान आरोपी ने आरक्षी की वर्दी फाड़ दी। हंगामा बढ़ने और राहगीरों की भीड़ जुटने पर आरोपी आरक्षी को धमकाते हुए वहां से भाग निकला। फिलहाल ट्रैफिक आरक्षी रामगोपाल की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी विक्रम सिंह को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

### मामूली विवाद में डेयरी संचालक पर ताना तमंचा

अमृत विचार, लखनऊ : गाजीपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत इंदिरानगर मामूली बात पर दबंगों ने डेयरी संचालक की पिटाई कर उस पर तमंचा तान दिया। प्रभारी निरीक्षक विकास राय के मुताबिक, प्रकाश लोक कॉलोनी निवासी डेयरी संचालक रुबियान शनिवार को भाई फरहान के संग घर के पीछे बंधे मवेशियों का चारा देने गए थे। आरोप है कि पत्थर हटाने के लेकर असहाब दोनों भाईयों से अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर असहाब ने भाई शादाब और चाचा नसरुद्दीन को बुला लिया। इसके बाद दबंगों ने फरहान की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। फरहान का शोर सुनकर भाई रेहान बीच-बचाव करने आया। तब असहाब उस पर तमंचा तानकर जान से मारने की धमकी देने लगा। इसी बीच दोनों भाईयों ने किसी तरह उससे तमंचा छीन लिया। हालांकि, पकड़े जाने के भय से दबंग घटनास्थल से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि मामले की गहनता से जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जबरन स्वीपिंग मशीन ले जाने में पांच पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : एसआरजी मैनेजमेंट सर्विसेज संस्था ने पूर्व चालकों पर जबरन नगर निगम की स्वीपिंग मशीन ले जाने का आरोप लगाया है। मामले में शुक्रवार को गोमतीनगर पुलिस ने पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

डबास मेसर्स के मालिक हिमांशु ने बताया नगर निगम ने उन्हें निविदा पर मैकेनिकल स्वीपिंग कार्य के लिए रोड स्वीपिंग मशीन दी थी। उनकी संस्था के चालक चयनित थे। आरोप है कि बुधवार सुबह उनके चालक केंद्रीय कार्यशाला पहुंचे। जहां पहले से मौजूद पूर्व में कार्यरत पांच चालकों से चाभी मांगी। तो आरोपी सिक्योरिटी गार्ड के रोकने के बावजूद वाहन समेत भाग निकले। जिन्हें विक्रमादित्य चौराहे से पकड़ कार्यशाला ले आए। हिमांशु ने वाहन चोरी करने के प्रयास का आरोप लगाया है।

इंस्पेक्टर गोमतीनगर दीपक पांडेय ने बताया कपिल देव अवस्थी, कृपाशंकर अवस्थी, राम प्रताप, कुलदीप कुमार, अम्बरीश व श्याम सलोने बाजपेई पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### दो घरों का ताला तोड़ चोरों ने नकदी व गहने किए पार

अमृत विचार, काकोरी : दुबग्गा इलाके में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुये नकदी व गहने समेत लाखों का सामान पार कर दिया। अमेठिया सलेमपुर निवासी संतोष मौर्या ने बताया शुक्रवार दोपहर माल निवासी साले के लड़के दुर्गेश की शादी में परिवार के संग शामिल होने घर में ताला डाल कर गये थे। रात में चोर मकान के गेट का ताला तोड़ कर घुसे। अलमारी में रखे 45 हजार रुपये नकद, लाखों के जेवरात चुरा ले गये। चोरों ने पड़ोसी रंजीत के घर का ताला तोड़ा दिया। यहां कोई सामान नहीं चुरा सके। शनिवार सुबह पड़ोसियों ने घरों के ताले टूटे देख संतोष व रंजीत को जानकारी दी। दोनों ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच कर जल्द चोरी का खुलासा करने का आश्वासन दिया है। अंधे की चौकी प्रभारी राजू सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

अमृत विचार, सरोजनीनगर : ट्रांसपोर्ट नगर में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जीएलआरए इंडिया व डीबी शंकर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित शिविर का उद्घाटन जिला क्षय रोग अधिकारी रवि पांडेय और जीएलआरए की गीतांजलि कौशिक ने फीता काट कर किया। शिविर में आए मरीजों की विभिन्न प्रकार की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाएं वितरित की गई। इस दौरान टीबी के संभावित लक्षण वाले व्यक्तियों की मेदांता से आई ई-हॉस्पिटल वैन में एक्सरे और सैंपल जांच की गई। इसके अलावा 417 ट्रक ड्राइवरों व अन्य लोगों को प्रोटीन पाउडर, टॉवेल, कोलगेट, रैपिड व दवाओं सहित 18 वस्तुओं युक्त फर्स्ट एड किट वितरित की गई। शिविर में डॉ. राजीव विश्वकर्मा, जीएलआरए इंडिया के प्रोजेक्ट ऑफिसर आशीष कांत मिश्रा, काउंसलर हेमंत लाल मौर्या, प्रेमसागर, विकास और मो. जुबेर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### युवक की मौत पर मुआवजे को लेकर दिया ज्ञापन

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : पंजाब हरियाणा की सीमा पर चल रहे किसान आंदोलन को लेकर हरियाणा पुलिस द्वारा की गई फायरिंग व बर्बरता को लेकर अन्नदाता किसान यूनियन के प्रदेश सचिव राजेश मिश्रा ने संगठन के पदाधिकारियों संग राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सतीष चंद्र त्रिपाठी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि मृतक शुभकर्ण सिंह के परिवार को मुआवजा के रूप में 1 करोड़ की धनराशि तत्काल उपलब्ध करायी जाये तथा परिवार के सदस्यों को सरकारी नौकरी दी जाये और भारत सरकार धरनारत किसानों की मांगों को स्वीकार करे।

### इलेक्ट्रॉनिक कारोबारी से धोखाधड़ी कर हड़पे रुपये

अमृत विचार, लखनऊ : दुबग्गा थाने में इलेक्ट्रॉनिक कारोबारी ने गाजियाबाद के कारोबारी के खिलाफ दो लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। दुबग्गा थानाक्षेत्र अंतर्गत सिकरौली हरदोई रोड निवासी इलेक्ट्रॉनिक कारोबारी तलहा सादिक की अन्धे की चौकी के पास दुकान है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि गाजियाबाद के शहीद नगर साहिबाबाद निवासी मो. मोहसिन से दो लाख रुपये का सामान खरीदा था। उन्होंने मो. मोहसिन को ऑनलाइन भुगतान किया था। बावजूद इसके आरोपी ने सामान नहीं भेजा। रुपये मांगने पर आरोपी फोन पर अभद्रता करने लगा। तहरीर देने पर भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। तब पीड़ित ने कोर्ट में अर्जी दायर की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

### बुजुर्ग की गर्दन पर कैंची से हमला

अमृत विचार, लखनऊ : कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आजादनगर मोहल्ले में किरायेदार ने मकान मालिक के बुजुर्ग रिश्तेदार की गर्दन पर ताबड़तोड़ कैंची से हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक कैलाश दुबे के मुताबिक, आजादनगर मोहल्ला निवासी चंद्राकांत द्विवेदी ने किराएदार मोनू उर्फ रोहित पर एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार शाम पत्नी सिमरन द्विवेदी ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि किराएदार मोनू ने ताऊ इन्दर प्रसाद द्विवेदी की गर्दन पर कैंची से हमला कर दिया है। पीड़ित ने बताया कि ताऊ भूतल में रहते हैं। जिस वक्त किराएदार ने उन पर हमला किया तो वह अपने कमरे में आराम कर रहे थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर किराएदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे हिरासत में लिया गया है।

### महिला ने दुकान में तोड़-फोड़ कर लूट का लगाया आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : कैसरबाग इलाके में रहने वाली महिला ने 40 लोगों पर मारपीट व दुकान में लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना अंतर्गत अमीनाबाद निवासी सफिया उर्फ अर्शी ने बताया उसकी दुकान निशात सिनेमा के समीप गली में है। शाम करीब 4 बजे दुकान मालिक मोईद खान 30-40 अज्ञात लोगों के साथ पहुंचे और दुकान का सामान बाहर फेंकने लगे। विरोध करने पर आठ हजार रुपये लूट उसे दुकान से बाहर कर शटर बंद कर दिया। हमलावरों ने दुकान के आसपास दिखने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया दुकान में उसका लाखों का सामान रखा है। उसने पुलिस को तहरीर दी है। इंस्पेक्टर कैसरबाग सुनील कुमार सिंह ने बताया एक नामजद व 30 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### टेंपो में सवार महिला का पर्स चोरी

अमृत विचार, लखनऊ : हुसैनगंज से टेंपो में बैठी महिला के बैग से बगल में बैठी महिला ने पर्स चोरी कर लिया। कैंट सदर बाजार निवासी मनोहर लाल त्रिवेदी शुक्रवार को पत्नी के साथ कुछ जेवर बनवाने अमीनाबाद जा रहे थे। हुसैनगंज चौराहे से वह टेंपो में बैठ गए। उनका कहना है रास्ते में बगल की सीट पर बैठी महिला ने पत्नी के पर्स से छोटा पर्स चोरी कर लिया और उतर गई। कैसरबाग चौराहे पर उतरे मनोहर ने पत्नी से पैसे मांगे, इस दौरान पर्स गायब देख उन्हें चोरी का पता चला। पर्स में आठ कंगन और एक नाक की कील थी। प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### अश्लीलता का विरोध करने पर महिला के कपड़े फाड़े

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज कोतवाली क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष ने अश्लीलता का विरोध करने पर महिला के कपड़े फाड़ दिये। इलाके में रहने वाली महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया शनिवार शाम उसका देवर बाइक पर घर से निकला। इसी दौरान पड़ोसी ने लात मारकर उसे गिरा दिया। शोर सुनकर वह पति के संग देवर का बचाने पहुंची। आरोपियों ने पति को पीट दिया। उससे अश्लीलता करने लगे, विरोध करने पर उसके कपड़े फाड़ कर पीटा। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया सात नामजद समेत 17 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# टैक्स तो दे रहे, लेकिन कब मिलेंगी सुविधाएं

▸▸ निजाम बदले पर नहीं बदल सकी भैंसामऊ वार्ड की सूरत

▸▸ टूटीं नालियों के कारण घरों के सामने भरा है गंदा पानी

▸▸ जगह-जगह कूड़े के ढेर व दुर्गंध से लोग परेशान

राज प्रताप सिंह, बख्शी का तालाब


सड़क पर भरा गंदा पानी, आने-जाने में राहगीरों को हो रही परेशानी। अमृत विचार


खाली प्लॉट पर लगा कूड़े का ढेर। अमृत विचार


बदहाल स्थिति में सामुदायिक शौचालय। अमृत विचार

अमृत विचार : पीने के पानी की परेशानी है तो जलभराव की अलग कहानी है। तो वहीं सड़क पर गंदगी नजर आती है। कुछ ये हाल है बख्शी का तालाब नगर पंचायत के वार्ड-9 भैंसामऊ का। जहां बीते 15 वर्षों से मकान बनाकर रह रहे करीब 20 घरों में 150 लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर है। अधिकारियों व नेताओं की गणेश परिक्रमा कर थक चुके लोग अब वार्ड के विकास की आस ही छोड़ बैठे हैं।

ग्रामीणों के मुताबिक वर्ष 2012 में जब बीकेटी नगर पंचायत अस्तित्व में आई थी तभी से भैंसामऊ वार्ड के लोग शहरी क्षेत्र में मिलने वाली सुविधाओं के सपने देख रहे हैं, उन्होंने बताया कि पूरे वार्ड में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, सफाई कर्मी तो आते है मगर महज खानापूर्ति कर चले जाते है, इतना ही नहीं नालियां टूटी हुई है जिसके कारण घरों के सामने गंदा पानी जमा रहता है जिससे मच्छर पनपते हैं, जिसके बाद भी अधिकारियों द्वारा न ही फॉगिंग और न ही एंटीलार्वा का छिड़काव किया जाता है।

### पीने के पानी की किल्लत

वार्ड 9 भैंसामऊ में रहने वाले लोग अब दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। नगर पंचायत द्वारा उन्हें आजतक स्वच्छ पेयजल तक का प्रबंध नहीं कराया जा सका है। इस वार्ड में हर घर नल, हर घर जल योजना ने भी दम तोड़ दिया है। चारों तरफ दूषित जलभराव होने के कारण नलों से भी अब दूषित पानी निकलने लगा ह।

### लाखों रुपये से बना शौचालय हुआ खंडहर

भैंसामऊ वार्ड में करीब सात हजार लोग निवास करते है, जिनके लिए लाखों रुपये की लागत से एक सामुदायिक शौचालय का निर्माण नगर पंचायत द्वारा करवाया गया था। परंतु जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते शौचालय अब खंडहर में तब्दील हो गया है, और लोग अब खुले में शौच करने को मजबूर है।

## बोले लोग


वार्ड में छह बीघा श्मशान घाट की भूमि है, जिस पर लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है, कई बार अधिकारियों से इस भूमि को कब्जा मुक्त और बाउंड्रीवाल कराने की गुहार लगाई है परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई।
– अंकित तिवारी


भैंसामऊ में कुल सात तालाब है, जिनपर अवैध कब्जे हो रहे हैं। पुराने लोग इन सात तालाबों को सप्तऋषि तालाब के नाम से बुलाते थे। वहीं खलिहान की भूमि पर भी लगातार अवैध निर्माण किए जा रहे हैं।
– सर्वेश यादव


पूरे वार्ड में प्रकाश की व्यवस्था नहीं है, सूरज ढलते ही पूरे गांव की सड़कों पर अंधकार छा जाता है। सड़कों के गड्ढों में गिरकर लोग चोटिल भी हो जाते है। शिकायतों के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।
– पुतान रावत


भैंसामऊ में गोशाला का संचालन किया जा रहा है, इसके बाद भी आवारा गोवंशों की भरमार है, अपनी फसलों की निगरानी के लिए चौबीस घंटे खेत में ही रहकर फसल की निगरानी करनी पड़ रही है।
– गोपाल गौतम


एक माध्यमिक विद्यालय बना हुआ है, जिसकी बाउंड्रीवाल तक नहीं बनवाई गई है। जिसके चलते विद्यालय में अराजक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, इससे पढ़ने गई किशोरियों में भय बना रहता है।
– श्रेयांश शुक्ला


घरों के ऊपर से विद्युत विभाग द्वारा विद्युत लाईन निकाल दी गई है। जिसके कारण बरसात के मौसम में करंट का खतरा बना रहता है। कई बार लोग इसका शिकार भी हुए है, परंतु कोई ध्यान नहीं देता।
– चंद्रपाल

# एक ही खम्भे में एलटी व एचटी लाइन लगा रहे ठेकेदार को उपभोक्ताओं ने खदेड़ा

संवाददाता, मोहनलालगंज

▸▸ नियमों को दरकिनार करने का आरोप लगाकर सौंपा ज्ञापन


जर्जर खम्भे पर लगीं दो लाइनें

अमृत विचार : एक व्यवसायिक कनेक्शन लेने पर बिजली विभाग लाखों रुपये का इस्टीमेट थमा देते है लेकिन यहां तो नियमों को ताक पर रख खम्भे के ऊपर से एलटी लाईन गुजर रही तो उसी खम्भे में रॉड और इन्सुलेटर लगाकर 11 हजार वोल्टेज की लाइन को निकालने का काम शुरू कर रहे ठेकेदार को उपभोक्ताओं ने खदेड़ कर भगा दिया । उपभोक्ताओं ने अधिशाषी अभियंता को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई है ।

मोहनलालगंज के मुरलीनगर मोहल्ले के निवासी रिटायर्ड शिक्षक राकेश द्विवेदी, गोपाल शुक्ला, एडवोकेट सुशील कुमार रावत, मनोज मिश्रा, मुकेश शर्मा समेत दर्जनों लोगो ने बताया कि उनके मोहल्ले की मुख्य सड़क से गुजरी एलटी लाइन के जर्जर खम्भों के ऊपर से 11हजार केवी की हाईटेंशन लाइन दौड़ने के लिये नियमों को दरकिनार कर इंसुलेटर व राड लगा दिये गये। लोगों ने बिजली विभाग के स्थानीय अफसरों पर नियमों को दरकिनार कर अंडर ग्राउंड ले जाने की बजाय एलटी लाइन के जर्जर खम्भों से एचटी लाइन को दौड़ाये जाने को गलत बताते हुये अधिशाषी अभियन्ता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से एलटी लाइन के खम्भो से एचटी लाइन ना दौड़ाये जाने की मांग की गई। शिकायत के बाद भी शुक्रवार को ठेकेदार मजदूरों को लेकर एचटी लाइन का काम करने पहुंचे तो नाराज मोहल्ले के लोगो ने उन्हे खदेड़ दिया।

### शेयर मार्केट में घाटा होने पर साझेदार से की मारपीट

अमृत विचार, लखनऊ : हसनगंज थाने में एक युवक ने साझेदार के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह के मुताबिक, कुतुबपुर डालीगंज निवासी अल्तमश ने अल्मस सलीम, हैदर और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उसने अल्मस सलीम के साथ मिलकर शेयर मार्केट में निवेश किया था। जिसमें दोनों को घाटा हो गया और उनका पैसा डूब गया। आरोप है कि अल्मस जबरन उससे पांच लाख रुपये देने का दबाव बनाने लगा। इंकार किए जाने पर अल्मस ने साथियों संग उन्हें बेरहमी से पीटा। पीड़ित ने आरोपियों को किसी तरह 4.20 लाख रुपये दिए, शेष 80 हजार रुपये देने के लिए मोहलत मांगी। आरोप है कि गत 20 फरवरी की रात अल्मस साथी हैदर और दो अन्य के साथ उसके घर पर पहुंचा। रुपये वापस मांगते हुए मारपीट की और उस पर तमंचा तान जान से मारने की धमकी भी दी। हालांकि, पूरा प्रकरण सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## एक नजर

### फुटबॉल प्रतियोगिता आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिला फुटबाल एसोसिएशन लखनऊ और मिलानी क्लब, आरडीएसओ मानक नगर की संयुक्त देखरेख में 38वीं एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता शनिवार को आयोजित की जाएगी। मानक नगर स्थित आरडीएसओ स्टेडियम में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में दस टीमें हिस्सा लेंगी। आरडीएसओ स्थित मिलानी क्लब के सचिव निकन्जा सरदार ने बताया कि फिक्सचर्स शुक्रवार को बाबू स्टेडियम में निकाला जाएगा।

### हॉकी, कबड्डी समेत अन्य प्रतियोगिताएं 27 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 27 और 28 को जिला स्तरीय सीनियर बॉक्सिंग, कबड्डी, एथलेटिक्स और बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में विजेताओं को 500, रनर अप को 400 और तीसरे स्थान पर रहने वालें को 300 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने को इच्छुक खिलाड़ी बाबू स्टेडियम में बैडमिंटन के लिए प्रशिक्षक एआर अंसारी, बॉक्सिंग के लिए कृपा शंकर, एथलेटिक्स के लिए विभा सिंह और कबड्डी के लिए प्रशिक्षक टिंकू कुमार से संपर्क कर सकते हैं। शनिवार को यह जानकारी क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अजय कुमार सेठी ने दी।

### माघ पूर्णिमा पर हुई गोमती की महाआरती

**अमृत विचार, लखनऊ :** माघ पूर्णिमा के अवसर पर शनिवार को गोमती तट स्थित मनकामेश्वर उपवन घाट पर आदि गंगा गोमती की महाआरती का आयोजन किया गया। मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्यागिरि के मार्गदर्शन में गोमती तट पर बने सात मंचों से गोमती की महाआरती की गई। महंत देव्यागिरि ने बताया कि हर पूर्णिमा पर गोमती की महाआरती की जाती है। इस मौके पर गोमती तट पर बड़ी संख्या में दीपक जलाए गए।

# एथलेटिक्स के महिला वर्ग में लखनऊ जोन चैंपियन

## 71वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स क्लस्टर प्रतियोगिता, पुरुष वर्ग में मेरठ जोन चैंपियन

▸▸ पुरुष वर्ग में मेरठ जोन के बलराम और महिला में कुमारी योगेश सर्वोत्तम खिलाड़ी घोषित

कार्यलय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एथलेटिक्स के पुरुष वर्ग में मेरठ जोन और महिला में लखनऊ जोन की टीम ने 71वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स क्लस्टर प्रतियोगिता में चल वैजयंती पर कब्जा किया। विजेता टीम को चल वैजयंती पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने प्रदान की। कुर्सी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रतियोगिता के समापन समारोह में उन्होंने अन्य विजेता टीमों और खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

पुरुष वर्ग में मेरठ जोन के उप निरीक्षक बलराम और महिला में कुमारी योगेश को सर्वोत्तम खिलाड़ी घोषित किया गया। इसके पूर्व टीमों ने मार्च पास्ट किया। समापन समारोह में अपर पुलिस महानिदेशक सुजीत पाण्डेय ने पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर आईपीएस रघुवीर लाल, आईपीएस डी प्रकाश, आईपीएल नीलाब्जा चौधरी, आईपीएस आशुतोष कुमार, आईपीएस अपर्णा कुमार मौजूद रही। सह आयोजन सचिव और 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ के आईपीएल अतुल शर्मा ने कार्यकम में शामिल सभी को धन्यवाद दिया।



एथलेटिक्स में चैंपियन लखनऊ जोन की टीम को शील्ड प्रदान करते पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, साथ में अन्य। अमृत विचार

### पुरुष वर्ग में चार और महिला वर्ग में सात नए कीर्तिमान

इस प्रतियोगिता में 11 नए कीर्तिमान बने। इनमें चार पुरुष वर्ग में और सात महिला वर्ग के नाम रहे। महिला वर्ग में कुमारी योगेश, मनोरमा और पल्लवी ने दो-दो स्पर्धाओं में नए कीर्तिमान स्थापित किए।

**पुरुष वर्ग :**

- 1500 मीटर की दौड़ में मौजी राम का रिकार्ड तोड़ कर मेरठ जोन के बलराम ने 03 :51 .49 सेकंड में नया कीर्तिमान स्थापित किया। मौजी राम ने 03 :58 .60 सेकंड में रिकार्ड बनाया था।
- जितेंद्र सिंह के नाम पोल वॉल्ट में 4 .60 मीटर का रिकार्ड लखनऊ जोन के आलोक सिंह ने तोड़ दिया। उन्होंने नया कीर्तिमान 4 .61 मीटर का नया कीर्तिमान बनाया।
- 5000 मीटर दौड़ में बहादुर प्रसाद को 14 :34 .33 सेकंड का रिकार्ड मेरठ जोन के बलराम ने तोड़ा। उन्होंने यह दौड़ 14 :14 .07 सेकंड में पूरी की।
- 3000 मीटर स्टीपल चेज यशपाल सिंह का रिकार्ड 9 :28 .15 सेकंड प्रयागराज के सुरजीत ने तोड़ा। उन्होंने यह दौड़ 09 :14 .00 सेकंड में पूरा किया।

**महिला वर्ग :**

- 100 मीटर दौड़ में राखी तोमर के 12 :35 सेकंड का रिकार्ड मेरठ की कुमारी योगेश ने तोड़ा। उन्होंने यह दौड़ 12 .18 सेकंड में पूरी की।
- 200 मीटर दौड़ में रजनी कुमारी का 26 .52 सेकंड का रिकार्ड मेरठ की कुमारी योगेश ने तोड़ा। उन्होंने यह दौड़ 26 .37 सेकंड में पूरी कर यह कीर्तिमान बनाया।
- 800 मीटर दौड़ में सुनीता दहिया का 02 :16 .70 मिनट का रिकार्ड आगरा जोन की मनोरमा ने तोड़ा। उन्होंने यह दौड़ 02 :16 .48 मिनट में पूरी कर नया कीर्तिमान बनाया।
- 1500 मीटर दौड़ में गीता राय के 04 :41 .73 मीटर के रिकार्ड को आगरा जोन की पल्लवी ने तोड़ा। उन्होंने यह दौड़ 04 :36 .39 मिनट में पूरी कर नया कीर्तिमान बनाया।
- गोला फेंक में अनामिका के नाम दर्ज 10 .95 मीटर के रिकार्ड को बरेली की पल्लवी ने तोड़ा। उन्होंने 11 .40 मीटर दूरी गोला फेंक कर नया कीर्तिमान स्थापित किया।
- तार गोला फेंक में पल्लवी ने खुद का रिकार्ड तोड़ा। बरेली की पल्लवी ने पुराने 50 .24 मीटर के रिकार्ड को 57 .06 मीटर फेंक कर नया कीर्तिमान बनाया।
- पोल वॉल्ट में गुरुमीत कौर के 1.65 मीटर के रिकार्ड को लखनऊ की रश्मि ने तोड़ा। उन्होंने 2 .42 मीटर की दूरी तय कर नया कीर्तिमान स्थापित किया।

### अन्य रिजल्ट

- **महिला वर्ग-200 मीटर दौड़**
  कुमारी योगेश (मेरठ जोन)-स्वर्ण, शिखा सिंह (लखनऊ जोन)-रजत, आशा देवी ( लखनऊ जोन)- कांस्य
- **4 गुणे 400 मीटर रिल दौड़**
  पीएसी पश्चिमी जोन- स्वर्ण, पीएसी पूर्वी जोन-रजत, मेरठ जोन- कांस्य
- एथलेटिक्स में पुरुष वर्ग में चल वैजंयती मेरठ जोन को ट्रॉफी मिली, पीएसी पश्चिमी जोन की टीम उपेजता रही
- एथलेटिक्स महिला वर्ग में चल वैजयंती लखनऊ जोन को ट्रॉफी मिली, जबकि मेरठ जोन की टीम उपजेता बनी।
- सर्वोत्तम पुरुष एथलीट-बलराम (मेरठ जोन)
- सर्वोत्तम महिला एथलीट- कुमारी योगेश (मेरठ जोन)
- खो-खो पुरुष वर्ग में चल वजैयंती पीएसी मध्य जोन और उपजेता पीएसी पूर्वी जोन
- खो-खो महिला वर्ग में चल वैजयंती लखनऊ जोन और उपजेता मेरठ जोन
- खो-खो में सर्वोत्तम पुरुष खिलाड़ी मनु पाण्डेय (पीएसी मध्य जोन),
- खो-खो में सर्वोत्तम महिला खिलाड़ी- अनु (बरेली जोन)
- साइकिलिंग पुरुष वर्ग में चल वैजयंती पीएसी मध्य जोन और उपजेता मेरठ जोन
- साइकिलिंग महिला वर्ग में चल वैजयंती प्रयागरा जोन और उपजेता गोरखपुर
- साइकिलिंग में सर्वोत्तम खिलाड़ी- सुनील साहनी (पीएसी मध्य जोन)
- साइकिलिंग में सर्वोत्तम खिलाड़ी अनीता मिश्रा (प्रयाराज जोन)



विजेताओं को सम्मानित करते सांसद कौशल किशोर, साथ में अन्य। अमृत विचार

## दिल्ली ने जीते दो स्वर्ण, यूपी की अन्वेषा को रजत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** दिल्ली की खिलाड़ियों ने प्रथम खेलो इंडिया महिला ताइक्वांडो लीग फेज 2 में शनिवार को दो स्वर्ण पदक जीतकर अपने स्वर्ण पदकों की संख्या 5 कर ली। इस लीग में दिल्ली के खिलाड़ियों ने अब तक 5 स्वर्ण व 3 रजत पदक जीते है। चंडीगढ़ और गुजरात की खिलाड़ियों ने कुल 3-3 स्वर्ण पदक अपने नाम किए है।

केंद्रीय खेल और युवा कल्याण मंत्रालय, खेलो इंडिया व भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया व उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हाल में आयोजित लीग में मुकाबलों में उत्तर प्रदेश ने 2 रजत व 5 कांस्य जीतने में सफलता हासिल की। शनिवार को देर शाम तक चले मुकाबलों में उत्तर प्रदेश के लिए अन्वेषा जैन ने कैडेट अंडर-59 किग्रा में रजत व तूषिका वर्मा ने जूनियर अंडर-52 किग्रा में कांस्य पदक अपने नाम किए।

शनिवार को समापन समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय आवास व शहरी मामलों के राज्यमंत्री एवं सांसद कौशल किशोर व विशिष्ट अतिथि डॉ.आनन्देश्वर पाण्डेय (महासचिव, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ) ने पुरस्कार वितरित किए।

### अरुणा ने पैरा एशियन में जीता कांस्य

अरुणा तंवर ने पैरा एशियन गेम्स में कांस्य पदक सहित ओशनिया पैरा ताईक्वांडो चैंपियनशिप, ऑस्ट्रेलियन ओपन पैरा ताइक्वांडो चैंपियनशिप एवं प्रेसिडेंट कप 2023 में स्वर्ण जीते है। अरुणा टोक्यो पैरालंपिक-2020 में अंतिम आठ में रही थी। पैरा एशियन गेम्स में प्रतिभाग कर चुकी मुस्कान ने पैरा एशियन चैंपियनशिप-2023 में रजत पदक जीता है।

## सार-संक्षेप

### स्वामी अद्भूतानन्द की जीवनी पर चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वामी अद्भूतानन्द की जयंती पर निरालानगर स्थित रामकृष्ण मठ में मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने उनकी जीवनी पर विस्तार से रोशनी डाली। सुबह पांच बजे शंखनाद और मंगल आरती के बाद वैदिक मंत्रोच्चारण नारायण सूक्तम के पाठ और जय-जय रामकृष्ण भुवन मंगल के गायन के साथ यह आयोजन शुरू हुआ। स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने स्वामी अद्भूतानन्द के बारे में कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने उन्हें सन्यासी नाम अद्भुत आनंद दिया था। अद्भुत आनंद वह है जो आत्मा की अद्भुत प्रकृति में आनंद पाता है। उनका मजबूत शरीर वर्षों के आध्यात्मिक अनुशासन और भौतिक उदासीनता की वजह से कमजोर हो गया। 24 अप्रैल 1920 की दोपहर वाराणसी में उनका निधन हो गया। स्वामी तुरीयानन्द ने लिखा है कि अपनी बीमारी के दौरान उन्होंने किसी भी तरह के दर्द का कोई लक्षण नहीं दिया। मृत्यु के बाद उनके शरीर को बैठने की स्थित में रखा गया। वह चेहरे पर ऐसी चमक लेकर गए जैसे कोई आखिरी बार अपने दोस्तों से छुट्टी ले रहा हो।

### मुन्नी देवी वाल्मीकि विद्यालय को मिलेगी स्मार्ट क्लास

**अमृत विचार, लखनऊ :** वाल्मीकि विकास सेवा संस्थान ने उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में समाजसेविका मुन्नी देवी वाल्मीकि की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि यह गर्व की बात है कि नगर निगम कर्मचारी रहीं मुन्नी देवी वाल्मीकि के नाम पर विद्यालय है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में जो भी कमी मिलेगी उसे दूर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस स्कूल में स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, प्रोजेक्टर, कम्प्यूटर क्लास और फर्नीचर की सुविधाएं दिलाने का वादा करता हूं।

### नाटक दिल्ली दरबार ने दिखाई मुगलिया सल्तनत की झलक

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी ने शनिवार को भारतेन्दु नाट्य अकादमी के थ्रस्ट थियेटर में नाटक दिल्ली दरबार का मंचन किया। इस नाटक का कथानक मुगल काल के आसपास घूमता नजर आता है। पात्रों के नाम भी उसी दौर के मिलते हैं। हालांकि नाटक की कहानी का मुगल साम्राज्य से कोई लेना देना नहीं है लेकिन जहांआरा, खानखाना, सादुल्ला खां और महाराणा जसवंत सिंह जैसे नाम सुनने को मिलते हैं। इस नाटक में दरबार में संगीत का लुत्फ़ बिखरता भी नजर आता है और इबादत का दौर भी दिखता है। नाटक में अम्बुज अग्रवाल, प्रखर पाण्डेय, तरुण जलोटा, अक्षय सक्सेना, शाहबाज खां, सर्वेश कुमार और शुभांगी नारायण ने उल्लेखनीय भूमिकाएं अदा कीं। सुलेमान अली आसिफ द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन जफर संजरी ने किया।

### गुरुद्वारा नाका हिंडोला में मनी संत रविदास जयंती

**अमृत विचार, लखनऊ :** एतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिंडोला में गुरु सिंह सभा ने शनिवार को रविदास जयंती का आयोजन श्रद्धा व सत्कार के साथ किया गया। सुबह विशेष दीवान से कार्यक्रम शुरू हुआ। हजूरी जत्था भाई राजिंदर सिंह ने सुखमनी साहिब के पाठ के बाद अपने सुमधुर अंदाज में शबद कीर्तन बेगमपुरा सहर को नाउ दूखु अन्दोहु तिही ठाउ और माटी का पुतरा कैसे नाचतु है, देखौ देखौ दउरियो फिरत है प्रस्तुत किया। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी सुखदेव सिंह ने इस मौके पर शिरोमणि भक्त रविदास के जीवन पर रोशनी डालते हुए कहा कि उनका जन्म वाराणसी में हुआ था। नीची जाति में जन्म लेने के बावजूद उन्होंने ज्ञान की परम अवस्था को प्राप्त किया। उनका मानना था कि कोई भी व्यक्ति अपने जन्म की वजह से उच्च या नीची जाति का नहीं हो सकता। जूते बनाना उनका पुश्तैनी काम था और अपने काम को छुपाने की उन्होंने कभी कोशिश नहीं की। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष सरदार राजेन्द्र सिंह बग्गा ने दीवान की समाप्ति के बाद संगत को रविदास जयंती की बधाई दी।


शनिवार को डिफेंस एक्सपो में साड़ी पहनकर मैराथन में प्रतिभाग करतीं महिलाएं।

### अमिता रहीं अव्वल, जीता 31 हजार रुपये का पुरस्कार

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरोजनीनगर विधानसभा में सांसद खेल स्पर्धा के तहत शनिवार को डिफेंस एक्सपो में साड़ी युक्त महिला सेमी क्वार्टर मैराथन (5 किलोमीटर दौड़) आयोजित की गई। इस 5 किलोमीटर की दौड़ में महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर, महापौर सुषमा खर्कवाल एवं विधायक राजेश्वर सिंह, अंतरराष्ट्रीय एथलीट नीलू मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर सेमी क्वार्टर मैराथन को रवाना किया। आज आयोजित की गई सेमी क्वार्टर मैराथन में महिलाओं ने साड़ी पहन कर दौड़ लगाई। इस मैराथन में प्रथम अमिता साहू रही। दूसरा स्थान आयुषी गौतम और तीसरा स्थान अनुराधा मवई पाडियांना को मिला। प्रथम पुरस्कार के विजेता को 31 हजार, द्वितीय को 21 हजार और तृतीय पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपये देकर पुरस्कृत किया गया। विजेताओं को केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने पुरस्कृत किया।

# अब कम दरों पर समय से मिलेंगी कक्षा 9 से 12 तक की किताबें

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित हाईस्कूल व इंटर के विद्यालयों में में पढ़ने वाले बच्चों को समय से एनीसीईआरटी की किताबें सस्ती दरों पर मिल सके इसके लिए विभाग ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। बोर्ड परीक्षा समाप्त होते ही सस्ती दरों पर किताबें मुहैया कराने वाले प्रकाशकों के साथ अधिकारियों की बैठक आयोजित की जायेगी।

विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नया सत्र शुरू होने के बाद बच्चों की पढ़ाई बधित न हो और बाहर से महंगी किताबें न खरीदने पड़े इसके लिए विभाग ने अभी से अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। बोर्ड परीक्षा की बैठक के बाद उन प्रकाशकों की सूची भी फाइनल होगी जो सस्ती दरों में किताबें मुहैया करायेंगे। विभाग की ओर से इन प्रकाशकों की सूची जारी की जायेगी। सूची जारी होने के बाद जिले स्तर पर पाठ्य पुस्तक विक्रेताओं की अधिकृत दुकान का भी पता दिया जायेगा। इन दुकानों पर निधारित दरों पर किताबें बच्चों को मिल सकेंगी। इसी के साथ ही कोई दुकानदार मंहगी दामों में किताबें बेचने का प्रयास करता हे तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी भी जायेगी।

> बच्चों को इस बार सस्ती दरों पर किताबें विद्यालय खुलते ही मिल सके इसकी तैयारी की जा रही है। मौजूदा समय में यूपी बोर्ड परीक्षा चल रही है ऐसे में परीक्षा समाप्त होते ही एक बैठक आयोजित की जायेगी।
>
> -दिब्यकांत शुक्ला, माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव

### हर साल निजी प्रकाशकों को मिलता है फायदा

माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए हर साल देरी से सस्ती दरों पर किताबें मिलती थी। कई बार ऐसा होता था कि सत्र अप्रैल में ही शुरू हो जाता है और किताबें अगस्त सितंबर तक आ पाती थी। ऐसे में छात्रों पढ़ाई भी प्रभावित होती थी। इस स्थिति में अभिभावक निजी प्रकाशकों की मंहगी दामों वाली किताबें खरीदने के लिए मजबूर होते थे। लेकिन इस बार विभाग का प्रयास है कि किताबें समय से बाजार में सस्ती दरों पर पहुंच जाए।

# देर से पहुंचने वाले कक्ष निरीक्षकों की भेजें सूची

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड 10वीं 12वीं की परीक्षा में ड्यूटी पर समय से न पहुंचने वाले शिक्षकों की सूची उपलब्ध कराएं। वहीं, सभी कक्ष निरीक्षकों की उपस्थिति समय के साथ दर्ज कराएं। ताकि लापरवाहों पर कार्रवाई की जा सके। यह निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने दिया।

वे शनिवार को जुबिली कॉलेज में आयोजित परीक्षा केंद्र बनाए गए निजी विद्यालयों केकेन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक को संबोधित कर रहे थे। राजधानी में एडेड और राजकीय कॉलेजों के साथ-साथ 56 निजी कॉलेज परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। ऐसे में इन केन्द्रों प्रबंधक और प्रधानाध्यापकों को तो केन्द्र व्यवस्थापक बनाया ही गया है। सभी केन्द्र पर एक अतिरिक्त केन्द्र व्यस्थापक भी तैनात किए गए है। ताकि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने पाये।

**स्ट्रांग रूम की करते रहें निगरानी :** प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों पर सुचारू रूप से परीक्षा सम्पन्न हो इस के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया। इसके अलावा दिव्यांग एवं श्रुत लेखक परीक्षार्थियों को भी परिषद के नियमानुसार समय प्रदान करने के निर्देश प्रदान किये गये।

### केन्द्रों पर नकल हुई तो जायेगी मान्यता

डीआईओएस ने बैठक के दौरान ये भी कहा कि जिन निजी कॉलेजों को केन्द्र बनाया गया है। वहां पर नकल की शिकायत मिलती है, तो उनकी मान्यता तक रद्द की जा सकती है। मुकदमा भी दर्ज कराया जायेगा। डीआईओएस ने प्रबंधकों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी गड़बड़ी के लिए केन्द्र व्यवस्थापक ही जिम्मेदार होंगे।

### समय से प्रश्नपत्र नहीं दिए तो होगी कार्रवाई

बैठक में अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए गये कि सभी केन्द्रों पर समय से प्रश्नपत्र वितरित किए जायें। प्रश्नपत्रों के बंडल खोले जाने से लेकर वितरण तक की प्रक्रिया को कंट्रोल रूम पर लाइव देखा जा रहा है। किसी भी परीक्षार्थी को प्रश्नपत्र देने में पांच मिनट की भी देरी नहीं होनी चाहिए। साथ ही प्रश्नपत्र उतनी संख्या में रखे जाये जितने परीक्षार्थी मौजूद हों। प्रत्येक परीक्षार्थी को प्रश्नपत्र देते ही निर्देश दिया जाये कि वह अपना रोल नंबर अंकित करें।

## लखनऊ गोल्फ लीग के हाई वोल्टेज मुकाबले आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ गोल्फ लीग के दूसरे संस्करण की धमाकेदार शुरुआत लखनऊ गोल्फ क्लब में शनिवार को होगी। इस लीग में 14 टीमें खिताब के लिए दमखम दिखाएंगी। शुक्रवार को गोल्फ क्लब में लीग की भव्य ट्रॉफी का अनावरण किया गया। लखनऊ गोल्फ क्लब के सचिव रजनीश सेठी और कैप्टन आरएस नन्दा ने बताया कि 14 टीमों की तरफ से 168 खिलाड़ी दमखम दिखाएंगे। टीमों को दो ग्रुपों में रखा गया है। एक ग्रुप में सात टीमें होंगी। राउण्ड रोबिन आधार पर लीग के मुकाबले खेले जाएंगे। बारह दिनों तक चलने वाली इस लीग में कुल 45 मैच होंगे। इसमें पुरुषों के साथ डॉ. सृष्टि धवन और बबली नन्दा जैसी महिला खिलाड़ी भी खेलते दिखाई देंगे। उन्होंने बताया कि लीग की विजेता टीम को पांच लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। उपविजेता टीम को तीन और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को दो लाख रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ट्रॉफियां और अन्य आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि महिलाएं, जूनियर और वेटरन खिलाड़ियों के लिए मुकाबला नौ होल में होगा। बाकी सभी खिलाड़ी 18 होल में खेलेंगे। पहले के मुकाबले अब खिलाड़ी भी खासे अनुभवी हो गए हैं। लीग में पवन सागर, प्रेम प्रकाश, जैसे खिलाड़ी विभिन्न टीमों की तरफ से खेलते नजर आएंगे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

पत्रांक: 1745 /न0पा0प0-राठ/म्यू0सू0/2023-24 दिनॉक 23.02.2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री नरेन्द्र सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह | मॉ विराट रियल स्टेट प्रा0लि0 डारेक्टर श्री पवन कुमार पुत्र रामगोपाल | सिकन्दरपुरा -2 | 04 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, राठ - हमीरपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत दौड़ीहारा विकास खण्ड देवा-बाराबंकी**

पत्रांक मेमो- ग्रा0 पं0 वि0 कार्य-2023-024 दिनांक- 24/02/2024

अल्पकालीन निविदा टेंडर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दौड़ीहारा विकासखंड देवा बाराबंकी में निविदा वर्ष 2023 - 2024 में पंचम/पन्द्रहवां वित्त योजना से निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने हैं।

| क्र0सं0 | कार्य | लागत |
|---|---|---|
| 1 | रामनाथ के घर से इदरीस के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 3.13 लाख |
| 2 | इफ्तियार के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य ढक्कन सहित | 2.14लाख |
| 3 | धीर सिंह के घर से रमेश के घर तक नाली निर्माण कार्य | 1.12 लाख |

पाइप, भट्ठा ईट, इंटरलॉकिंग ईट,सरिया, सीमेंट, गिट्टी, मौरंग, बालू, लोकल बालू, पत्थर गिट्टी, टायल्स, व्हाईट सीमेंट, आदि की आपूर्ति करने हेतु बिक्री कर में पंजीकृत सप्लायर से निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है। निविदा बंद लिफाफे में स्वीकार की जाएगी। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री एवं एवं शर्तो का विवरण टेंडर फार्म उपलब्ध है। निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव को निहित होगा जिसके लिए कोई कारण स्व सूचित नहीं किया जायेगा। निविदा समय मात्र 15 दिन का होगा,जो 11/03/2024 को खुलेगा।

**नियम व शर्तो का विवरण निम्नवत हैं।**
(1) प्रत्येक कार्य के लिए 03 निविदाएं होना आवश्यक है।
(20 सामग्री की मात्रा / गुणवत्ता ठीक न होने पर नियमानुसार कटौती की जाएगी ।
(30 सरकारी ग्रांट आने पर भुगतान किया जाएगा।
(4) जी.एस.टी. का भुगतान जो दर से सम्मिलित है , आपूर्तिकर्ता को स्वयं जमा करना होगा तथा आयकर हेतु भुगतान से पूर्व आपूर्ति की गयी सामग्री के अनुसार जमा का चालान ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

**अल्ताफ, ग्राम प्रधान** **यशवंत सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत- दौड़ीहारा विकास खण्ड- देवा बाराबंकी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

पत्रांक: 1731 /न0पा0प0-राठ/म्यू0सू0/2023-24 दिनॉक 23.02.2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री धर्मेन्द्र सिंह पुत्र मुन्ना सिंह | श्री मुन्ना सिंह पुत्र हरदयाल सिंह ठाकुर | जुल्हैटी-1 | 15 | 257 | पंजीकृत दान पत्र |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, राठ - हमीरपुर**

## गजवा-ए-हिन्द को सही ठहराए जाने का फतवा वापस ले देवबंद

**अमृत विचार, लखनऊ :** दारुल उलूम देवबंद की ओर से जारी एक फतवे में गजवा-ए-हिन्द को सही ठहराए जाने का प्रमुख शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने विरोध किया है। उन्होंने कहा है कि देवबंद को यह फ़तवा फ़ौरन वापस लेना चाहिए। इमामबाड़ा गुफरानमआब में पत्रकारों से मुखातिब मौलाना कल्बे जवाद ने बताया कि गजवा-ए-हिन्द पर सिर्फ दो किताबें प्रकाशित हुई हैं। मुस्तनद इमाम नसाई और मुस्तनद इमाम हाकिम नाम की किताबों में कहा गया है कि जो भी गजवा-ए-हिन्द में शिरकत करेगा उस पर आग असर नहीं करेगी।

**प्रेस विज्ञप्ति**

पत्र संख्या: भ-14/2024 दिनांकरू 24/02/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि द्वितीय वाहिनी पीएसी, सीतापुर में वर्ष 2023-24 में मानक मद-29 (अनुरक्षण) तृतीय कार्य योजन वार्षिक मरम्मत के अन्तर्गत 09 आवासीय / अनावासीय कार्यो को कराये जाने हेतु निम्न शर्तो के अधीन निविदा दिनांक: 03/02/ 2024 को आमंत्रित की जाती है जो तद्दिनांक को ही अद्योहस्ताक्षरी द्वारा प्राधिकृत किये गये राजपत्रित अधिकारी द्वारा समय 16:00 बजे खोली जायेगी। इच्छुक ठेकेदार दिनांक: 02/03/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10:00 बजे से 17:00 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा की शर्ते व निविदा फार्म एवं धनराशि की जानकारी प्राप्त कर सकते है। तदानुसार सूचित किया जाता है।

**सेनानायक द्वितीय वाहिनी**
**पीएसी सीतापुर**

**जिला प्रोबेशन अधिकारी अयोध्या**

पत्रांक :- 2253/जि0प्रो0अधि0/शिशु गृह-विज्ञापन/2023-24/ दिनांक :-24/2/24

प्रेस विज्ञप्ति

किशोर न्याय (बालकों के देख-रेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 85 (1) के अन्तर्गत जनपद मे विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण स्थापित किया जाना है। जिससे जनपद में नवजात शिशुओं एवं छोटे बच्चों को आपातकाल की स्थिति में तत्काल चिकित्सा सुविधाये उपलब्ध करायी जा सके, क्रिया कलापों की निगरानी की जा सके, विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरणों को बाल देख-भाल संस्थाओ से जोड़ते हुये शिशुओ को पुनर्वासित किया जा सके तथा संबंधित अभिलेखो का अद्यतीकरण किया जा सके।

**भौतिक संरचना निम्नवत होगी :-**

01 :- किशोर न्याय (बालकों के देख-रेख एवं संरक्षण) नियमावली, 2016 के नियम-29 (6) मे 50 संवासियो वाली प्रत्येक संस्था मे भवन अथवा आवास हेतु सुझाए गये मानको के आधार 8495 वर्ग फुट जगह पर भवन के अनुरूप व्यवस्था होनी चाहिए।

02 :-उपरोक्त भवन मे दो बडी शयनशाला, 02 शिक्षण कक्ष, 01 चिकित्सक कक्ष 01, रसोई कक्ष, भोजन कक्ष, भंडार गृह, मनोरंजन कक्ष, पुस्तकालय, 05 स्नान घर, 08 शौचालय, 01 कार्यालय कक्ष, परामर्श और मार्गदर्शन कक्ष, 01 कार्यशाला, प्रभारी व्यक्ति हेतु आवास किशोर न्याय बोर्ड अथवा बाल कल्याण समिति हेतु 02 कक्ष आदि सम्मिलित होगे।

03 :-संस्था द्वारा प्रस्तावित बाल देखरेख संस्था के भवन का मानचित्र तथा जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त किराया औचित्य प्रमाण पत्न उपलब्ध कराना होगा। अत: ऐसे स्वैच्छिक संगठन जो मानक के अनुरूप विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण स्थापित करना चाहते है, वो समस्त अभिलेखो के साथ नियमानुसार जिला प्रोबेशन कार्यालय में दिनांक:-5-03-2024 तक उपलब्ध करायें।

**जिला प्रोबेशन अधिकारी**
**अयोध्या**

**कार्यालय ग्राम पंचायत- जगदीशपुर, विकास खण्ड-कसमण्डा, जिला सीतापुर**

पत्राक: मेमो /विज्ञप्ति / दिनांक 24/02/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

विक्रयोग विकास खण्ड कसमण्डा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जगदीशपुर जाने वाले कार्य पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाये गये कार्य पर सामग्री की आपूर्ति की जानी हैं। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री हेतु फर्म से अल्पकालीन निविदाये दिनांक 2/03/2024 को अपराहन 03 बजे तक ग्राम पंचायत में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें उपरोक्त तिथि को अपराहन 04 बजे पंजीकृत फर्मो के अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। किसी टेन्डर को बिना बताये अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलन के अनुसार आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | वरगदिया में सागर के घर से गुड्डू के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य | 237076.00 | ईट -3180 संख्या, इंटरलाकिंग बिक- 5269 नं0, सीमेंट - 62 बोरी, बालू - 5.15 घन मी0, मौरंग - 3.50 घन मी0 गिट्टी - 2 धनमी0, रोड़ा - 10.25 घनमी0, सरिया = 0.05 क्विंटल |
| 2 | बरगदिया में राम प्रसाद के घर से नल तक इण्टर लाकिंग कार्य | 248202.00 | ईट -3180 संख्या, सीमेंट - 62 बोरी, बालू - 5.15 घन मी0, मौरंग - 3.50 घन मी0 गिट्टी - 2 धनमी0, रोड़ा - 10.25 घनमी0, सरिया = 0.05 क्विंटल,इंटरलाकिंग बिक-5666 नं0, |

नोट-निविदा/कोटेशन से सम्बन्धित नियम व शर्ते लागू होंगी।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत- जगदीशपुर**
**विकास खंड- कसमण्डा, सीतापुर**

**ग्रा0 वि0अधि0/ ग्रा0 पं0 अधि0**
**ग्राम पंचायत- जगदीशपुर**
**विकास खंड- कसमण्डा, सीतापुर**

## एक नजर

### मां के साथ इलाज करने आई किशोरी लापता

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में मां के संग भाई का इलाज करने आई किशोरी (15) संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेश उपाध्याय के मुताबिक, गोंडा जनपद निवासी महिला बेटी (15) के संग भतीजे का इलाज कराने के लिए केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में आई थी। लिखित शिकायत में महिला ने बताया कि वह रैन बसेरे में ठहरी हुई थी। गत 19 फरवरी की रात करीब साढ़े दस बजे बेटी बाथरूम जाने की बात कहकर रैन बसेरे से निकली थी। इसके बाद वह वापस नहीं आई। खोजबीन के दौरान परिजनों को जानकारी हुई कि गोंडा के मोतीगंज पंडितपुरवा निवासी शरीफ मोहम्मद बेटी को बहला-फुसला कर अपने संग कहीं लेकर चला गया है। मां ने प्रेमी पर अपहरण का आरोप लगाते हुए चौक कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### इंटरमीडिएट की छात्रा लापता, गुमशुदगी दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** आलमबाग कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आरतीनगर गढ़ी कनौरा से एक इंटरमीडिएट की छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों से लापता हो गई। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर महादेवन के मुताबिक, आरतीनगर, गढ़ी कनौरा निवासी महिला ने बेटी (17) की गुमशुदगी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में महिला ने बताया कि उनकी बेटी नाका हिंडोला के राजेंद्र नगर स्थित कन्या इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट में पढ़ती है। गुरुवार दोपहर बेटी इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा देने घर से स्कूल गई थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। महिला ने हर जगह बेटी की खोज-खबर ली, लेकिन कहीं पर भी उसका सुराग नहीं मिला। महिला ने आलमबाग कोतवाली में बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि छात्रा के बारे सहेलियों से भी पूछताछ की जाएगी।

# आज शाम पक्का पुल की ओर जाने से बचें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शब-ए-बरात पर 25 फरवरी को पुराने लखनऊ में 15 जगहों पर डायवर्जन लागू रहेगा। यह व्यवस्था रविवार शाम से कार्यक्रम का समापन होने तक लागू रहेगी। डीसीपी ट्रैफिक सलमानताज पाटिल ने बताया कि किसी को समस्या होने पर ट्रैफिक कंट्रोल नंबर पर काल कर मदद ले सकते हैं।

## शब-ए-बरात पर 15 मार्गों पर रहेगा रूट डायवर्जन

### इन मार्गों से नहीं निकल सकेंगे

- सीतापुर से डालीगंज रेलवे क्रासिंग होकर पक्का पुल की ओर नहीं जा सकेंगे।
- हरदोई रोड से भारी वाहन दुबग्गा तिराहा होकर बालागंज व चौक की ओर नहीं जा सकेंगे।
- कैसरबाग से सीतापुर की ओर आने वाली बसें डालीगंज पुल से पक्कापुल की ओर नहीं जा सकेंगी।
- पक्का पुल खदरा साइड तिराहा से वाहन पक्कापुल होकर चौक की ओर नहीं जा सकेंगे।
- नींबू पार्क चौराहा से बड़ा इमामबाड़ और पक्का पुल की तरफ आवाजाही बंद रहेगी।

### इन रास्तों से जाएं

- सीतापुर से आने वाले वाहन चौराहा नंबर आठ निराला नगर और आइटी होकर आवाजाही करेंगे।
- हरदोई रोड से आने वाले वाहन बुद्धेश्वर और आइआइएम सीतापुर रोड होकर आवाजाही करेंगे।
- कैसरबाग आने वाले वाहन डालीगंज पुल चौराहा से दाहिने आइटी चौराहा, निराला नगर, पुरनिया पहुंचेंगे।
- पक्का पुल से आने वाले वाहन नया पुल बंधा रोड और डालीगंज बाजार होकर आवाजाही कर सकेंगे।
- नींबू पार्क की तरफ से आने वाले वाहन मेडिकल कॉलेज, चौक और नये पुल से होकर आवाजाही करेंगे।

### इन रास्तों पर भी बदलाव

कोनेश्वर चौराहे से नींबू पार्क चौराहा नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग चौक या बालागंज तय किया गया है।

रकाबगंज पुल से नादान महल रोड नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग मेडिकल कॉलेज या नाका होकर मिलेगा।

नया ओवर ब्रिज ढाल से ऐशबाग नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग चारबाग, नत्था, मवैया होकर तय किया गया है।

नाका हिंडोला चौराहा से चार पहिया वाहन ऐशबाग पुल नहीं जा सकेंगे। यह वाहन रकाबगंज पुल, नत्था, मवैया होकर निकलेंगे।

दो पहिया वाहन ऐशबाग पुल के नीचे ऐशबाग ईदगाह नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग ऐशबाग स्टेशन रोड, भूसामंडी मिलेगा।

हैदरगंज तिराहा से ऐशबाग ईदगाह, ऐशबाग पुल की ओर नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग बुलाकी अड्डा, मिल एरिया मिलेगा।

कानपुर रोड से आने वाले वाहन मवैया तिराहे नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग चारबाग या आलमबाग मिलेगा।

आलमबाग चौराहे से भारी वाहन एवरेडी, मिल एरिया नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग आलमबाग या बाराबिरवा तय किया है।

# पुलिस लाइन में बिना अनुमति न मिले प्रवेश : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक आपराधिक मामले में पारित निर्णय में टिप्पणी करते हुए कहा है कि पुलिस लाइन परिसर एक संवेदनशील स्थान होता है, जहां शस्त्रागार, वायरलेस कंट्रोल रूम व साइबर कंट्रोल रूम इत्यादि भी होते हैं, लिहाजा लोगों को पुलिस लाइन के भीतर एसपी कार्यालय की वैध अनुमति के बिना प्रवेश नहीं दिया जाना चाहिए।

यह टिप्पणी न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने प्रतापगढ़ के इसरार अहमद की याचिका को खारिज करते हुए की है। याची के विरुद्ध 29 नवंबर 2019 को प्रतापगढ़ पुलिस लाइन के आरआई शैलेन्द्र सिंह ने एफआईआर दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि याची व उसके तमाम साथी जो एआईएमआईएम पार्टी से तालुक रखते हैं, उन्होंने पुलिस लाइन के भीतर जबरन घुसने का प्रयास किया। अभियुक्तों का कहना था कि वे पुलिस लाइन परिसर स्थित मस्जिद में नमाज पढ़ने जाना चाहते हैं। आरोप है कि जब उन्हें पुलिसकर्मियों ने रोका तो उन्होंने पुलिसकर्मियों से हाथापाई भी की व सरकारी दायित्व निभाने में बाधा पहुंचाई। विवेचना के उपरांत पुलिस ने अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया, जिस पर निचली अदालत ने संज्ञान लेते हुए, अभियुक्तों को तलब कर लिया।

# 35 हजार ग्राम सभाओं में होगी नमो युवा चौपाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश की 35 हजार ग्राम सभाओं में नमो युवा चौपाल आयोजित की जाएगी। युवा चौपाल के तहत 10 हजार से अधिक वार्डों में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जाएगा।



भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता में जानकारी देते भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु द्विवेदी, साथ में अन्य।

- **900 से अधिक स्थानों पर हुआ नव मतदाता सम्मेलन**
- **नौ लाख से अधिक युवाओं ने लिया भाग, उत्तर प्रदेश रहा नंबर वन**

द्विवेदी ने उक्त बात भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश में होने वाले कार्यक्रमों में युवा बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। नव मतदाता सम्मेलन 900 से अधिक स्थानों पर हुआ। जिसमें नौ लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया। इसमें देश में नंबर वन उत्तर प्रदेश रहा। उन्होंने कहा कि चौपाल के तहत ग्राम सभा में लगभग 20 लाख युवाओं से संपर्क किया जाएगा। युवाओं को चैपाल के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी से जोड़ा जाएगा।

युवा चौपाल कार्यक्रम सफल बनाने के लिए युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री देवेंद्र पटेल को जिम्मा दिया गया है। उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुभव द्विवेदी, सोनू वाल्मीकि, प्रदेश मंत्री शिवेंद्र शाही, सोशल मीडिया संयोजक ऋचा राजपूत, अभिषेक दीक्षित, अमन मिश्रा, शनि श्रीवास्तव, सुधा पाठक को युवा मोर्चा चौपाल कार्यक्रमों में लगाया गया है।

### 4 को होगा भारतीय जनता युवा मोर्चा का राष्ट्रीय अधिवेशन

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता युवा मोर्चा का राष्ट्रीय अधिवेशन चार मार्च को नागपुर में होगा। अधिवेशन में एक लाख से अधिक युवा मोर्चा के पदाधिकारी भाग लेंगे। राष्ट्रीय अधिवेशन में राजनीतिक और आर्थिक प्रस्ताव भी पारित होंगे। उत्तर प्रदेश से भी पदाधिकारी की अधिवेशन में जाने की तैयारी कर रहे हैं।

# तीन साल से एक ही जगह नियुक्त अधिकारी हटाए जाएं : निर्वाचन आयोग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि अधिकारियों को एक ही संसदीय क्षेत्र के भीतर निकटवर्ती जिलों में स्थानांतरित व तैनात न किया जाए। तीन साल से एक ही जगह जमे अधिकारी हटाये जाएं। आयोग ने कहा कि स्थानांतरण नीति को अक्षरशः लागू किया जाए।

- **अधिकारियों को एक ही संसदीय क्षेत्र के भीतर निकटवर्ती जिलों में न किया जाए स्थानांतरित**

आयोग ने उन सभी अधिकारियों को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया है जो या तो अपने गृह जिले में तैनात थे या एक स्थान पर तीन वर्ष पूरे कर चुके हैं। इसमें वे अधिकारी शामिल हैं जो सीधे या पर्यवेक्षी क्षमता में किसी भी तरह से चुनाव कार्य से जुड़े हुए हैं। आयोग ने कहा कि जिन अधिकारियों को तीन वर्ष पूरा करने के बाद जिले से बाहर स्थानांतरित किया जाता है, उन्हें उसी संसदीय क्षेत्र के किसी अन्य जिले में तैनात न किया जाए। आयोग ने प्रदेश सरकार द्वारा अधिकारियों को एक ही संसदीय क्षेत्र के भीतर निकटवर्ती जिलों में स्थानांतरित व तैनात किए जाने की शिकायतों को गंभीरता से लिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का उत्तर प्रदेश में अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोग ने निर्देश दिया है कि दो संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों वाले राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों को छोड़कर सभी राज्य यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन अधिकारियों को जिले से बाहर स्थानांतरित किया गया है, उन्हें उसी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में तैनात न किया जाए। उन्होंने बताया कि चुनावों में खलल डालने के खिलाफ आयोग की जीरो टॉलरेंस नीति है। हाल ही में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में आयोग ने विभिन्न अधिकारियों यहां तक कि राज्य में वरिष्ठ स्तर के पुलिस अधिकारियों के स्थानांतरण का आदेश दिया था।

# दुष्कर्म के बाद कराया गर्भपात, किशोरी की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **बाजार खाला पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर शुरू की जांच**

**अमृत विचार :** किशोरी को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। गर्भवती होने पर आरोपित ने जबरन गर्भपात करवा दिया। हालत बिगड़ने पर परिवार वाले उसे इलाज के लिए बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया है। करीब 20 दिन बाद उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। परिजनों ने बाजारखाला थाने में मुकदमा दर्ज कराया हैं।

प्रभारी निरीक्षक संतोष आर्या के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली युवती (15) बहन के साथ झोपड़ी में रहती है। माता- पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। एक वर्ष पहले उसके पडोस में रहने वाले मो. आमिर से उसकी बहन की दोस्ती हुई। लिखित शिकायत में युवती ने बताया कि आरोपी उसकी बहन को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। इसी बीच वह गर्भवती हो गयी। बीते जनवरी माह में आरोपी ने उसका गर्भपात करवा दिया। कुछ दिन बाद उसकी अचानक तबीयत खराब हो गयी। बहन के पूछने पर उसने उसे पूरी बात बताई। परिजनों ने करीब 20 दिन पहले उसे बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौक पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गुलाब वाटिका पार्क के सामने से इंदिरानगर निवासी दीपक सिंह को गिरफ्तार किया। आरोपी शादी का झांसा देकर युवती के साथ किराए पर कमरा लेकर चार वर्षों तक लिव-इन-रिलेशनशिप में रहा। इस दौरान पीडिता के गर्भवती होने पर उसका गर्भपात करा दिया। पीड़िता ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं।

# इतिहास रचने से एक कदम दूर आईएएस सुहास एलवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **विश्व पैरा बैडमिंटन के फाइनल में इंडोनेशिया के फ्रेडी से होगी भिड़ंत**

**अमृत विचार :** टोक्यो ओलंपिक में रजत और हांगझोऊ एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने वाले प्रदेश के खेल सचिव सुहास एलवाई पहली बार विश्व पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गए हैं। यह सफलता उन्होंने फ्रांस के विश्व नंबर एक शटलर लुकास मजूर को 21-16, 21-19 से हराकर हासिल की। पटाया (थाइलैंड) में खेली जा रही प्रतियोगिता के फाइनल में उनका सामना इंडोनेशिया के फ्रेडी से होगा, जिसने दूसरे सेमीफाइनल में भारत के सुकांत कदम को 21-13, 21-19 से पराजित किया।

विश्व पैरा चैंपियनशिप में सुहास एलवाई ने दमदार प्रदर्शन किया। दो साल के अंतराल पर होने वाली इस प्रतियोगिता में भारतीय शटलर आज तक एक भी पदक नहीं जीत सके हैं। विश्व में नंबर तीन वरीय सुहास की भिड़त सेमीफाइनल में फ्रांस के लुकास मजूर से हुआ। पहले गेम को 21-16 से जीतने के बाद सुहास को दूसरे सेट में जीत दर्ज करने को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। लुकास ने दूसरे गेम में कड़ी टक्कर दी, लेकिन निर्णायक मौके पर सुहास ने अपने खेल में नियंत्रण रखते हुए 21-19 के स्कोर से गेम जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### जातिवादी लोगों से सावधान रहने की जरूरतः मायावती

**अमृत विचार, लखनऊः** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि बहुजन समाज को जातिवादी ताकतों से सावधान रहने की जरूरत है। संत रविदास की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए बसपा प्रमुख ने उनके उपदेशों को अपनाकर जीवन संवारने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बसपा शासनकाल में भदोही जिले का नाम बदलकर संत रविदासनगर रखा गया, पर तत्कालनीन सपा सरकार ने जातिवादी व राजनीतिक द्वेष के कारण बदल दिया, पर प्रदेश की भाजपा सरकार ने नाम बहाल नहीं है। यह साबित करता है कि दोनों पार्टियों की सोच एक जैसी जातिवादी है। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने अपना सारा जीवन इंसानियत का संदेश देने में गुजारा।

## सार-संक्षेप

### एमएसपी के विरोध में व्यापारी आज करेंगे प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल पंजाब के किसानों द्वारा एमएसपी की कानूनी गारंटी पर सवाल उठाते हुए कृषि उत्पाद से जुड़े व्यापारियों व उद्यमियों पर कानूनी कार्रवाई, मुकदमा व सज़ा के प्रावधान, डब्लूटीओ से समझौता समाप्त करने की मांग के विरोध में रविवार 25 फरवरी को दोपहर 2 बजे गांधी प्रतिमा पर प्रदर्शन करेगा। इस दौरान किसानों के एमएसपी के प्रस्तावित कानून का विरोध करते हुए इस प्रस्तावित कानून की प्रतिकात्मक प्रतियां फूंकी जाएंगी। इस आयोजन मे प्रदेश के कई जिलों व गल्ला मंडियों के कृषि उत्पाद से जुड़े व्यापारी व उद्यमी मौजूद रहेंगे।

### चार लोगों से 4.63 लाख की ठगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर अपराधियों ने इलेक्ट्रॉनिक कारोबारी समेत चार लोगों से 4.63 लाख ठग लिये। दुबग्गा के सिकरौरी गांव निवासी तलहा सादिक इलेक्ट्रॉनिक दुकानदार हैं। उनका कहना है कि गाजियाबाद के शहीद नगर स्थित दिल्ली ट्रेडिंग नामक दुकान के मालिक मोहसिन से सामान लेते हैं। आरोप है कि मोहसिन को फ्रिज खरीदने के लिए एक लाख 75 हजार रुपये दिए थे। लेकिन सामान की डिलीवरी नहीं की। उधर, राजकीय पॉलीटेक्निक में राधिका मधुकर टेक्निकल एजूकेशन विभाग में पीए से साइबर अपराधियों ने करीब एक लाख रुपये, गुडंबा निवासी उमैर खान से 99 हजार और जानकीपुरम निवासी शुभम राय से 89 हजार रुपये झांसे में लेकर हड़प लिये। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### हमला कर जान से मारने की दी धमकी

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर के अलीनगर खुर्द निवासी राहुल ने गांव के ही सूरज पर हमला व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राहुल ने बताया 14 फरवरी को वह चाचा मनोज के घर से लौट रहा था। रास्ते में सूरज ने उस पर ईंट से हमला कर दिया। ईंट लगने से राहुल घायल हो गया। तहरीर पर पुलिस आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### टाटा कंपनी के नाम से बेचा जा रहा नकली नमक जब्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुबग्गा पुलिस ने शनिवार शाम को किराना दुकान में छापा मारकर से 25 बोरी टाटा कंपनी का नकली नमक बरामद किया। पुलिस ने टाटा कंपनी के सीनियर इन्वेस्टिगेटर निखिल ठाकुर की तहरीर पर कापी राइट की धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि रहीमाबाद निवासी मो. मियां की दुकान पर निखिल को नकली नमक बेचने की सूचना मिली थी। इसके आधार पर पुलिस को सूचना दी थी। दुकानदार ने पूछताछ में बताया एक डिस्ट्रीब्यूटर से नमक ले रहा था। उसकी तलाश की जा रही है।

### फोटोग्राफर को पीटा, फायरिंग का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** मड़ियांव इलाके में हल्दी समारोह की दबंगों ने फोटोग्राफर को पीट दिया। खुद को घिरा देख आरोपी फायरिंग कर भाग निकले। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। फैजुल्लागंज के संत कबीर नगर निवासी धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया शनिवार रात एक युवक उनके ऑफिस आया और 3 मार्च को हल्दी समारोह की फोटोग्राफी करने को कहा। इस दिन बुकिंग दूसरी जगह होने से उसने असमर्थता जताई। इस पर आरोपी साथियों के साथ उसे पीटने लगे। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी हवाई फायरिंग कर भाग गए। धीरेन्द्र का आरोप है कि 21 फरवरी को आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की थी। जिसकी शिकायत थाने पर की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों में मारपीट हुई हैं। फायरिंग का आरोप गलत है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग की मौत

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** माल थाना क्षेत्र में बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। ग्रामीणों में फंदा लगाने से मौत होने की चर्चा थी। पुलिस को परिवारीजनों ने हृदयगति रुकने से मौत होना लिखकर दिया है । बताया जा रहा है कि बाजार गांव निवासी राजाराम (25) की शनिवार रात अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया घटना की सूचना पर वह मौके पर पहुंचे थे। पूछताछ में परिजनों ने बताया राजाराम लम्बे समय से बीमार थे। हार्ट अटैक से उनकी मौत हुई है। फंदा की बात से इनकार किया है। बताया कि मृतक के गले में निशान नहीं था, जीभ भी सामान्य अवस्था में थी।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** शनिवार की देर रात मोहनलालगंज के फुलवाईया मोड़ पर अज्ञात कन्टेनर ने मौरावां थाना के मवई गांव निवासी विशाल की बाइक में टक्कर मार दी। घटना में एक बाइक सवार के एक साथ की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है व घायल को सीएचसी पहुंचाया जहां से उसे ट्रामा रेफर कर दिया गया। घायल विशाल ने बताया कि वह धर्मराज स्टूडियो में वीडियोग्राफी का काम करता है। वही विशाल के परिजनों ने बताया कि बीते दस दिनों से वह काम के चलते घर नही लौटा था ।

### कार का शीशा तोड़कर बैग उड़ाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभूतिखंड पुलिस आवास निगम के पास खड़ी कार का शीशा तोड़कर पर्स चोरी हो गया। इन्दिरानगर सेक्टर -16 निवासी मनीषा निगम पत्नी बेंकट सुमित सिन्हा शनिवार की कार शनिवार को पुलिस आवास निगम के पास खड़ी थी। कुछ देर बाद जब वह कार के पहुंची, तो कार का शीशा टूटा मिला और उसमें रखा बैग गायब था। पीड़िता के मुताबिक बैग में लैपटॉप और जरूरी कागजात रखे थे।

### जवाहर भवन के 5वें तल पर लगी आग

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जवाहर भवन के पांचवे तल पर शनिवार शाम 6:45 बजे अचानक आग लग गई। मुख्य शमन अधिकारी मंगेश कुमार के मुताबिक, जवाहर भवन के पांचवें तल पर सतर्कता आयोग एवं प्रशासनाधिकरण कार्यालय के सामने कॉरिडोर में वॉल फैन की स्पार्किंग से आग लग गई। चंद मिनट में पूरे कॉरिडोर में धुएं का गुब्बार फैल गया। वहां मौजूद कर्मचारी चीख-पुकार मचाते हुए इधर-उधर भागने लगे। जवाहर भवन के फायर सेफ्टी कर्मचारी गौरव मिश्रा ने आग पर बालू डालकर कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। एफएसओ हजरतगंज राम कुमार रावत ने बताया कि आग लगने की सूचना पर हाइड्रोलिक प्लेटफार्म समेत तीन दमकल के साथ मौके पर पहुंच गए। हालांकि दमकल कर्मियों के पहुंचने से पहले ही जवाहर भवन के कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया था।

# 12 सौ आवेदन दबाए थीं एडीओ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **समाज कल्याण निदेशक ने रायबरेली पहुंचकर अपने सामने निस्तारित कराए मामले**

**अमृत विचार:** वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों से रिश्वत मांगने के आरोप में निलंबित हुईं डलमऊ (रायबरेली) की एडीओ प्रगति वर्मा अपने पास पेंशन के 12 सौ आवेदन दबाए थीं। इसका खुलासा समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत द्वारा मौके पर जाकर की गई जांच में हुआ।

बता दें कि रायबरेली में समाज कल्याण विभाग की एडीओ (डलमऊ ब्लाक) प्रगति वर्मा को वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों से पेंशन स्वीकृत करने के बदले रिश्वत मांगने के मामले में निलंबित कर दिया गया था। साथ ही जिला समाज कल्याण अधिकारी रायबरेली वैभव त्रिपाठी को मुख्यालय से संबद्ध किया गया था। समाज कल्याण निदेशक शुक्रवार को रायबरेली पहुंचे थे। निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि दोनों पक्षों की बात सुनी। इस दौरान आवेदकों ने एक मोबाइल नंबर दिया, जिसके जरिए उनसे पैसे की डिमांड की गई थी। यह नंबर एडीओ का था। उन्होंने लंबित 12 सौ आवेदनों का मौके पर ही निस्तारण किया। साथ ही उन्होंने इस पूरे मामले की जांच अयोध्या के उपनिदेशक को सौंपी है और एक सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट देने को कहा है।

### ब्राह्मण समाज के एकीकरण से होगी भारत में गौरवशाली मूल्यों की स्थापना

**अमृत विचार, लखनऊ :** जगद्गुरु आदि शंकराचार्य की प्रेरणा से भारत की सनातन संस्कृति, गौरवशाली मूल्यों की पुनर्स्थापना और ब्रह्मसमाज का एकीकरण करने के उद्देश्य से शनिवार को उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में ब्रह्मसागर ने अपने द्वितीय अधिवेशन का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक रिचाओं, दीप प्रज्ज्वलन और आदि शंकराचार्य के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इस मौके पर ब्रह्मसागर सन्देश पत्रिका का विमोचन और देश के विभिन्न हिस्सों से आये ब्राह्मण संगठनों के प्रतिनिधियों का स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्रम से सम्मान किया गया।

# सपा ने विधायकों को समझाया वोट देने का तरीका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने राज्यसभा चुनाव को लेकर शनिवार को पार्टी मुख्यालय में पार्टी विधायकों को वोट देने का तरीका बताया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की उपस्थिति में प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर राम गोपाल यादव ने मतदान की बारीकियां समझायीं। 25 फरवरी को विधायकों को डमी मत्र पत्र के जरिये मतदान का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस बीच, समर्थन जुटाने के लिए सपा प्रमुख जनसत्ता पार्टी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री राजा भैया से मुलाकात की।

राज्यसभा की 10 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें भाजपा के आठ व सपा के तीन प्रत्याशी शामिल हैं। सपा प्रमुख की ओर से बुलाई गई बैठक में दो महिला समेत चार विधायक नहीं पहुंचे। इस मौके पर सपा प्रमुख ने सभी विधायकों को एकजुट होकर मतदान करने का निर्देश दिया। सपा अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए कोशिश में जुटी है। एक प्रत्याशी को जिताने के लिए 37 विधायकों के मतों की जरूरत होती है। पिछले दिनों सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने राजा भैया से मुलाकात की थी और पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से फोन पर बात कराई थी। शनिवार को अखिलेश यादव खुद राजा भैया से मिले और उनके समर्थन मांगा।

# 10 से 15 प्रतिशत वोट बढ़वाने का लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **डालीगंज में भाजपा महानगर की ओर से आयोजित किया गया उत्तरी विधानसभा बूथ सम्मेलन**
- **सम्मेलन को भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने किया संबोधित**
- **चुनाव वाले दिन सब भाजपा के एक ही रंग में रंगे हुए नजर आएंगे**

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में प्रयास किया जाएगा कि घर से एक-एक वोटर को मतदान केंद्र तक ले जाकर मतदान कराया जाएगा। सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता 10 से 15 प्रतिशत वोट बढ़वाने का लक्ष्य रखें।

उत्तर विधानसभा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में उक्त बात भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कही। उन्होंने कहा कि उत्तर विधानसभा में 392 बूथ, शक्ति केंद्र 66 और 76 मतदान केंद्र हैं। शक्ति केंद्र संयोजक ने बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुखों को क्षेत्र की स्थिति के अनुसार समितियों का गठन किया है। उत्तर विधानसभा के विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता के कारण ही चुनाव में सबसे आगे रहे हैं। चुनाव वाले दिन सब भाजपा के एक ही रंग में रंगे हुए नजर आएंगे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने कहा कि पिछली बार संसदीय चुनाव में 58% वोट मिले थे। जिसमें उत्तर विधानसभा की अग्रिम भूमिका थी और इस बार भी उत्तर विधानसभा की अहम भूमिका रहेगी। लखनऊ के उत्तर विधानसभा में बूथ समिति, पन्ना प्रमुख, कमेटियों का गठन कर दिया है। कहा कि अब लखनऊ ब्रह्मोस मिसाइल के उत्पादन के लिए जाना जाएगा। सम्मेलन में मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, बूथ सशक्तिकरण प्रभारी चेतन बिष्ट, महामंत्री राम अवतार कनौजिया, नगर उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल, विवेक सिंह तोमर, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि, उत्तर विधानसभा मंडल अध्यक्ष रमन निगम, प्रदीप शुक्ला, लुबना अली आदि मौजूद रहे।

# बिना शीशा लगी बस से यात्रियों ने किया सफर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **ठंड से हुए परेशान, टोल फ्री नंबर पर की शिकायत**

**अमृत विचार :** रोडवेज बसों में रखरखाव का अभाव साफ नजर आ रहा है। इसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। शनिवार को लखनऊ से अकबरपुर जा रही रोडवेज बस संख्या यूपी 42 बीटी 6523 के पीछे का एक हिस्से का पूरा शीशा गायब था। अकबरपुर डिपो की बस लखनऊ से अयोध्या जाते समय हवा महल की तरह दिखाई दी। इस मामले की शिकायत एक यात्री ने टोल फ्री नंबर 18001802877 पर दी। यात्री ने यह भी कहा कि ऐसी बसें सरकार की तस्वीर बिगाड़ रही है। परिवहन मंत्री के सख्त निर्देशों के बावजूद इस तरह की बसों को सड़क पर क्यों उतारा जा रहा है। इस मामले में परिवहन निगम के प्रधान प्रबंधक प्राविधिक/जनसंपर्क अधिकारी अजीत सिंह के अनुसार ऐसा मामला संज्ञान में आया है। अकबरपुर डिपो के एआरएम को सूचना भेजकर जवाब मांगा गया है। वर्कशॉप में शीशा लगने के बाद ही अब बस को दोबारा मार्ग पर भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

### अभिषेक मिस्टर फ्रेशर और प्रियंका बनीं मिस फ्रेशर

**अमृत विचार, लखनऊ :** मानकनगर के खुशी विहार कनौसी स्थित भगवान बक्श सिंह डिग्री कॉलेज में शनिवार को म्यूजिक और मस्ती की धूम के बीच फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन धूमधाम से किया गया। विभिन्न राउंड के रैंप वॉक डांस, क्विज एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झड़ी के बीच बी. कॉम प्रथम वर्ष के अभिषेक कुमार आर्य को मिस्टर फ्रेशर एवं बीए प्रथम वर्ष की छात्रा प्रियंका को मिस फ्रेशर चुना गया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज की प्रबंधक सत्या सिंह मैम ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं उनके चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. महेश गुप्त समेत सभी प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# भविष्य के लिए सरकार से लड़ रहा युवा: अखिलेश

**कटाक्ष**

**बहराइच में बोले पूर्व मुख्यमंत्री किसानों के साथ है समाजवादी पार्टी, आंदोलन कर रहे किसानों की पीड़ा नहीं सुन रही भाजपा**

बहराइच कार्यालय

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दिल्ली में चल रहे किसानों के आंदोलन को समर्थन करते हुए कहा कि उनकी पार्टी और पीडीए किसानों के साथ है। आंदोलन कर रहे किसानों की पीड़ा भाजपा को नहीं सुनाई दे रही। चुनाव में भाजपा किसानों को ठगने का काम करती है। अखिलेश ने पुलिस भर्ती परीक्षा में भाजपा के लोगों के शामिल होने का आरोप लगाया।



पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शनिवार दोपहर एक बजे के आसपास बहराइच पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड स्थल हेलीकाप्टर से पहुंचे। इसके बाद वह शहर के मोहल्ला काजीपुरा निवासी पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह के आवास के लिए रवाना हुए। आवास रवाना होने से पूर्व पत्रकार वार्ता में पूर्व सीएम ने कहा कि दिल्ली में किसान अपने हक के लिए धरना दे रहे हैं। हम किसानों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि सरकार किसान की मांगों पर अमल करे, इसके लिए पीडीए गठबंधन पूरा सहयोग कर रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा किसानों की पार्टी है। हक और सम्मान के लिए सपा उनके साथ रहेगी। इसके बाद वह पूर्व कैबिनेट मंत्री के आवास चले गए। यहां पर सपा की पूर्व सांसद रुवाब सईदा के निधन पर शोक जताया। आधे घंटे के बाद पूर्व सीएम अखिलेश यादव सिविल लाइन स्थित सपा के वरिष्ठ नेता भगत राम मिश्रा के यहां पहुंचे। उन्होंने प्रेस वार्ता करते हुए भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि ढाई करोड़ परिवार के साथ भाजपा ने धोखा दिया है। पीएम को अपने 10 साल के कार्यकाल को देखना चाहिए कि गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती, बाराबंकी के किसानों की आय दोगुनी हुई है या नहीं। नमक की कीमत दोगुनी हो गई है। किसान दुखी होकर आंदोलन कर रहा है। पेपर लीक होने पर भविष्य को बेहतर बनाने के लिए युवा लड़ रहा है।

## एक नजर

### शिव प्रकाश अध्यक्ष तो सुरेश चुने गए महामंत्री

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** रामनगर तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर शिव प्रकाश अवस्थी एडवोकेट, महामंत्री सुरेश कुमार त्रिपाठी व वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजेश कुमार विजयी घोषित हुए। शनिवार को 127 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। 124 मत वैध तो 3 अवैध मिले। एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष राकेश कांत मिश्रा ने परिणाम की घोषणा की। अध्यक्ष पद पर शिव प्रकाश अवस्थी 85 वोट पाकर विजयी हुए। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी परमहंस मिश्रा को 45 मतों से मात दी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर बृजेश कुमार गौतम ने 93 मत हासिल कर अरविंद कुमार निगम को 60 वोटो से शिकस्त दी। महामंत्री पद पर सुरेश त्रिपाठी ने 65 वोट पाकर अपने प्रतिद्वंदी सुरेश चंद्र मिश्रा को 5 मतों से हराया। चुनाव संपन्न कराने में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राधाकांत मिश्रा, सदस्य गौरी शंकर तिवारी आदि का सहयोग रहा।

### चार तस्कर गिरफ्तार, 30 लाख की मार्फीन बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सफदरगंज व फतेहपुर थाने के पुलिस ने शनिवार को मादक पदार्थो की तस्करी में लिप्त चार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, अभियुक्त मो. मारूफ पुत्र मो.फारूख, सादाब पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम रामपुर कटरा थाना सफदरगंज को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 230 ग्राम अवैध मार्फीन (अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 23 लाख रुपये) बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया। फतेहपुर थाने की पुलिस ने भी मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त जावेद पुत्र असलम निवासी ग्राम त्रिलोकपुर थाना फतेहपुर व हनुमान पुत्र केतार निवासी ग्राम भटपुरवा मजरे भैसुरिया मुजाहिदपुर थाना फतेहपुर, बाराबंकी को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से 70 ग्राम मार्फीन बरामद की गई है। इनके खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी करते थे।

# ताना मारने पर बड़े भाई को पीट- पीटकर मार डाला

## बाराबंकी में वारदात, नशे में धुत थे दोनों भाई, आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचार :** जहांगीराबाद थाना अंतर्गत पलिया मसूदपुर में युवक ने छोटे भाई को ताना मारा तो उसने बड़े भाई को पीट-पीटकर मार डाला। घटना से पूरे गांव में दहशत जैसी स्थिति है। परिवार में कोहराम मच गया। घटना शनिवार दोपहर की है। बताया जाता है कि घटना के वक्त दोनों भाई नशे की हालत में थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पलिया मसूदपुर निवासी स्व. ढोढे बक्सोर के 8 बेटे-बेटियां हैं जिसमें से तीन बेटियों और एक बेटे की शादी हो चुकी है। तीसरे नंबर की बेटी पूनम ने बताया कि उसके भाई राहुल (25) ने अपने सबसे छोटे भाई रचित (20) से दो दिन पहले कहा था कि बिना काम के दिनभर घूमते हो, जेल से छुड़ाने में तमाम पैसा लगा है, अब कोई काम कर पैसा कमा कर दो। बस इतनी सी बात पर शनिवार को रचित ने राहुल पर हमला कर दिया। पीट-पीट कर उसे मार डाला। पूनम के मुताबिक, हत्यारोपी रचित रेप के मामले में 18 माह जेल में रहकर 6 माह पूर्व ही बाहर आया है। जेल से छूटने के दो माह बाद ही उसने राहुल का दाहिना हाथ हमला कर तोड़ दिया था। गांव वालों ने बताया कि दो दिन पहले हत्यारोपी रचित ने मसूदपुर चौराहे पर नशे की हालत में जमकर तांडव किया था। चौराहे पर दोनों भाइयों में मारपीट होती रही और पुलिस भाइयों का झगड़ा समझकर लापरवाह बनी रही। ग्रामीणों के मुताबिक, अगर दोनों में किसी एक का पुलिस शांति भंग में चालान कर देती तो आज ये वारदात न होती। बहन पूनम का आरोप है कि भाइयों में हो रहे विवाद में एक व्यक्ति ने शराब पिला कर उकसाया, इसलिए यह घटना हुई। शराब पिलाकर विवाद को हवा देने वाला हमारे परिवार का दुश्मन है जिसने घटना करा बदला लिया है।

### प्रयागराज में अनदेखी के शक में बड़े भाई को मार डाला

**प्रयागराज, अमृत विचार :** घर में सो रहे छोटे भाई ने बड़े भाई को लोहे की रॉड से सिर पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मामला कैंट थाना अंतर्गत अशोक नगर मोहल्ले में शनिवार भोर का है। अशोकनगर निवासी संदीप मिश्रा के दो बेटे बड़ा शिवम मिश्र (26) और छोटा बेटा सत्यम (22) है। शिवम मिश्र एलएलबी तृतीय वर्ष का छात्र है। छोटा सत्यम एमकॉम कर रहा है। शनिवार भोर में सत्यम ने अपने बड़े भाई शिवम के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी सत्यम को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी सुनील कनौजिया ने बताया कि आरोपी सत्यम को लगता था कि बड़ा भाई शिवम उससे ईर्ष्या रखने के साथ ही उसे पसंद नही करता था। घरवाले भी उसे प्यार नहीं करते हैं, इसलिए उसने ऐसा कदम उठाया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# एक लाख स्थानों पर होगा विहिप के संगठन का विस्तार : परांडे

**अयोध्या, अमृत विचार :** विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने शनिवार को यहां कहा कि विहिप अपने षष्ठी पूर्ति वर्ष के अंतर्गत देश के एक लाख स्थानों पर संगठन को विस्तार देगी। इसके अलावा कारसेवकपुरम् में विहिप प्रन्यासी मंडल की बैठक में हिंदू समाज को संगठित करने तथा देश में चल रहे जनसंख्या असंतुलन, लव जिहाद, विदेशी मुस्लिम घुसपैठ, गुपचुप तरीके से ईसाई मिशनरियों द्वारा चलाये जा रहे अवैध धर्मांतरण जैसे गंभीर विषयों पर चिंतन करेगी।

वो श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कार्यशाला में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा विहिप की यह प्रन्यासी मंडल की बैठक विलंब से और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विराजमान श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपरांत होने जा रही है। यहां आयोजित यह षष्ठी पूर्ति वर्ष की बैठक संगठन कार्यकर्ताओं में नवीन ऊर्जा का संचार करने के साथ आगामी कार्यक्रमों की योजना रचना को गति प्रदान करेगी। इस वर्ष भी विश्व हिंदू परिषद सहित उसके अनुसांगिक संगठनों बजरंग दल, दुर्गावाहिनी व मातृशक्ति के प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन भी होगा। कहा कि सीएए कानून का लाभ पाकिस्तान अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आये हुये निर्वासित हिन्दू, जैन, बौद्ध सिक्ख समाज के लोगों को भारत की नागरिकता दिलाने के लिये विहिप पूरी निष्ठा के साथ आगे रहेगी।

### डीएम व एसपी के समक्ष चार मामलों का निपटारा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शनिवार को जिले के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने नगर कोतवाली में मौजूद रहकर जनता की समस्याएं सुनीं और उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया। थाना कोतवाली नगर में जनसुनवाई के दौरान 6 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर ही 4 का निस्तारण कराया गया। दूसरी ओर सभी क्षेत्राधिकारियों व प्रभारी निरीक्षकों, थानाध्यक्षों ने थाना समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनका निस्तारण भी कराया।

## सार-संक्षेप

### सांसद ने किया ब्लॉक सभागार का उद्घाटन



ब्लॉक सभागार का उद्घाटन करते सांसद उपेंद्र रावत व मौजूद अन्य लोग।

**कोठी,बाराबंकी, अमृत विचार :** विकास खंड सिद्धौर मुख्यालय में क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद उपेंद्र रावत व जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधायक दिनेश रावत ने स्व. चंद्रमौलि वर्मा ब्लॉक सभागार का फीता काटकर उद्घाटन भी किया। बैठक में सपा के पूर्व सांसद रामसागर रावत भी पहुंचे। ब्लॉक प्रमुख आरती रावत की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि अभी तक क्षेत्र पंचायत को मात्र 35 से 40 लाख रुपये प्रतिवर्ष का बजट मिलता था लेकिन हमारी सरकार ने अब करोड़ों का बजट कर दिया है। यह एक ऐसा जिला है जिसे सड़क बनवाने के लिए सबसे ज्यादा धनराशि इस वर्ष दी गई है। बैठक में बीडीओ पूजा सिंह, डीडीसी हौसला प्रसाद, सत्यनाम सिंह आदि रहे।

### 5 साल के छात्र ने शराब की दुकान हटाने को लगाई याचिका

**कानपुर, अमृत विचार :** आजाद नगर स्थित एमआर जयपुरिया स्कूल के एक छात्र ने हाईकोर्ट प्रयागराज में याचिका दायर कर स्कूल के बगल से शराब की दुकान हटवाने का आग्रह किया है। पांच साल के अर्थव ने शराब की दुकान होने होने वाली समस्या से भी अवगत कराया है। इस जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए अदालत ने राज्य सरकार के वकील से पूछा कि कानपुर में वह स्कूल अस्तित्व में आने के बाद शराब की दुकान के लाइसेंस का नवीकरण क्यों किया जा रहा है। अथर्व द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने अगली सुनवाई की तारीख 13 मार्च तय की है।

### हमारे परिवार को अभी भी जान का खतरा : जया पाल



उमेशपाल के चित्र पर पुष्प अर्पित करतीं पत्नी जया पाल व मौजूद अन्य लोग।

**प्रयागराज, अमृत विचार :** अगर सरकार ने सहारा दिया तो उमेश के सपनों को जरूर पूरा करूंगी। स्वर्गीय उमेश पाल की पहली बरसी पर सुलेम सराय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पत्नी जया पाल ने खुले मंच से यह बात कही। पहली बरसी पर आयोजित की गयी श्रद्धांजलि सभा में तमाम भाजपा नेता और समाजिक संगठनों के लोगों ने पहुंचकर उमेशपाल व दोनो सुरक्षाकर्मी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जया पाल ने लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। कहा कि वह पति के पद चिन्हों पर चलना चाहती है और समाज की सेवा करना चाहती है। अभी भी परिवार को जान का खतरा है क्योंकि कई आरोपी पकड़े नहीं जा सके हैं।

### भ्रष्टाचार के आरोप पर केंद्र व्यवस्थापक हटाए

**बाराबंकी, अमृत विचार:** जिला विद्यालय निरीक्षक ने भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, रनापुर के केंद्र व्यवस्थापक को हटाकर उनके स्थान पर इसी विद्यालय के प्रवक्ता सुनील कुमार गुप्ता को नियुक्त किया है। केंद्र व्यवस्थापक रहे प्रधानाचार्य रामकुमार शुक्ला पर प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने फर्जी खाता खोलकर निर्धारित व अतिरिक्त शुल्क के 19 लाख रुपये गबन का आरोप लगाया था जिसका मुकदमा भी हैदरगढ़ थाने में दर्ज कराया है।



**माघ पूर्णिमा पर अयोध्या में उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम**

**अयोध्या, अमृत विचार :** माघ पूर्णिमा पर प्रयागराज में गंगा स्नान के बाद शनिवार को रामनगरी पहुंचे श्रद्धालुओं ने सरयू में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद राम मंदिर, हनुमानगढ़ी सहित प्रमुख मठ मंदिरों में जाकर दर्शन-पूजन किया। भीड़ को देखते हुए वाहनों का आवागन प्रतिबंधित रहा। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के भी इंतजाम किए थे।

### झंडा लगाकर सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास

**जहांगीराबाद,बाराबंकी, अमृत विचार :** धनुष यज्ञ कार्यक्रम में जय भीम का झंडा लगाकर सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया। दो समुदाय आमने-सामने आ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझते हुए दोनों पक्षों को शांत कराया। पुलिस ने झंडा उतरवाकर धनुष कार्यक्रम कराने की अनुमति दे दी है। मामला जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के करंद गांव का है। यहां वर्ष 1986 से एक स्थान पर रामलीला व धनुष यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन होता है। इस बार भी 22 फरवरी से तीन दिवसीय धनुष भंग कार्यक्रम चल रहा था। शनिवार को गांव के कुछ लोगों ने झंडा कार्यक्रम स्थल पर लगा दिया जिससे दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी।

## वर्ग पहेली-353

**बाएं से दाएं**

1. शुक्रवार।
2. 1. जो योनि से उत्पन्न न हुआ हो, जो गर्भ से पैदा न हुआ हो, अजन्मा 2. नित्य।
5. वायुमंडल के जल के हिम बनने के कारण बरफ़ का धरती पर गिरना, ओले गिरना, पाले का पड़ना।
7. 1. दुर्गा, पार्वती 2. तांत्रिकों के अनुसार एक देवी 3. चामुंडा नामक देवी 4. संगीत में एक रागिनी।, भैरव संबंधी।
8. 1. कली का फूल के रूप में विकसित होना 2. भला या सुंदर लगना, फबना 3. भूनने पर चावल का फूल या फट जाना (खील या मुरमुरा बनना) 4. किसी सुखद समाचार से प्रसन्न होना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पलाश की लकड़ी का बना हुआ एक प्रकार का अर्धचंद्राकार यज्ञ-पात्र 2. पूर्व दिशा।
2. 1. निरंतर या बिना रुके चलने वाला पाठ 2. अनुष्ठानपूर्वक चलने वाला चौबीस घंटे का पाठ।
3. 1. जिसमें किसी के प्रति दया या प्रेम न हो 2. निष्ठुर, निर्दय।
4. 1. एक विश्वप्रसिद्ध हीरा जो भारत की मुगल सल्तनत से नादिरशाह के पास गया और अब ब्रिटिश सम्राट के ताज में जड़ा है, कोहेनूर, कोहिनूर 2. आभा या रोशनी का पर्वत।
6. 1. आंख की पलकों का बंद होना, समाप्त होना 2. बंद होना 3. तिरोहित होना, छिपना।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | 3 |
| | | | | | |
| | 4 | | | | |
| | 5 | | | | |
| | | | | | 6 |
| 7 | | | | | |
| | | | 8 | | |

### वर्ग पहेली - 352 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 नी | | 2 दा | | 3 नौ |
| 4 त | र | हे | ल | | ब |
| | स | | द | | त |
| | ता | | लि | | ख़ा |
| | | 5 भ | या | व | ना |
| 6 डं | ब | र | | | |
| | | 7 म | न | मै | ला |

# कानपुर में फूलबाग से दो साल के बच्चे का अपहरण

**कानपुर, अमृत विचार :** फूलबाग बस स्टॉप के पास बड़ी बहन व भाई के साथ खेल रहे दो वर्षीय बच्चे को बाइक सवार युवक ने अगवा कर लिया। पुलिस ने आसपास बैंक व प्रतिष्ठानों के सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें कुछ संदिग्ध कैद हुए हैं। मूलरूप से उन्नाव सफीपुर निवासी छोटू राजपूत फूलबाग सब्जी मंडी स्थित फुटपाथ के किनारे पत्नी गुड्डा बेटी वैष्णवी (12), पल्लवी (8) व बेटे शिब्बू (6), कार्तिक (2) के साथ रहता है। बड़े भाई राजेंद्र के मुताबिक छोटू शादी समारोह में वेटर का काम करने के साथ सब्जी का ठेला लगाता है। शनिवार शाम 4:45 बजे बेटा कार्तिक, बड़ी बहन वैष्णवी व भाई शिब्बू के साथ खेल रहा था। खेलते-खलते तीनों फूलबाग बस स्टॉप के पास पहुंच गए। सब्जी मंडी के पास से दो बाइक सवार आए और कार्तिक को उठा ले गए। शिब्बू व वैष्णवी ने घटना की जानकारी परिजनों को दी।



### रामनगरी में चलेंगी डबल डेकर ई-बसें : दयाशंकर



**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनगरी में डबल डेकर इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा। इलेक्ट्रिक बसें जो अब तक केवल शहर में चल रही थीं, अब उनका दायरा बढ़ाया जाएगा। अयोध्या से गोरखपुर, लखनऊ, काशी और प्रयागराज भी जोड़ा जाएगा, इन रूट पर ई बसों को चलाया जाएगा। ये बातें शनिवार को महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहीं। वो नेपाल के विदेश मंत्री नारायण प्रसाद सऊद की आगवानी करने पहुंचे थे।

# फतेहपुर में कोचिंग गई छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोचिंग सेंटर गई कक्षा 9 की छात्रा को बहला-फुसलाकर एक युवक बाग में उठा ले गया जहां उसे बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। साथ मौजूद 4 अन्य युवकों ने उसका वीडियो बनाया और वायरल करने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्जकर आरोपियों को जेल भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय छात्रा एक कोचिंग सेंटर पढ़ने गई थी जहां राजू नाम के एक युवक से उसकी दोस्ती हो गई। गुरुवार दोपहर राजू उसे बहला-फुसलाकर बाइक से एक बाग में ले गया जहां उसके साथ उसने छात्राा से दुष्कर्म किया। पूर्व नियोजित ढंग से वहां पहले से मौजूद राजू के दोस्त महेश वर्मा, अजय कुमार, हेमराज व राजकुमार ने उसका वीडियो बनाना शुरू कर दिया। जब उसने मना किया तो सभी ने उसे बंधक बना दिया और उसके साथ गलत हरकतें करने लगे। बालिका को धमकी दी कि अगर तुमने किसी से शिकायत की तो यह वीडियो वायरल कर देंगे जिससे बालिका काफी डर गई। शुक्रवार शाम बालिका ने पिता को आपबीती बताई जिस पर पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## सुडोकू -70

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 7 | 3 | 1 | |
| | | | 1 | | | | 5 | |
| 6 | | 1 | | | | 4 | | |
| | 1 | | 5 | | 3 | | 8 | 4 |
| | 8 | | | | | | 3 | |
| 7 | | | 2 | | 4 | | | |
| | | 4 | | | | 5 | | 2 |
| | 5 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | | | 1 | | |

### सुडोकू - 69 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 7 | 2 | 3 |
| 4 | 3 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 2 | 9 | 3 | 4 | 1 | 5 |
| 8 | 5 | 3 | 1 | 2 | 6 | 9 | 4 | 7 |
| 6 | 4 | 1 | 9 | 5 | 7 | 3 | 8 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 5 | 6 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 1 | 7 | 8 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-प्रतिपदा 20.35 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**आज का पंचांग**




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 26 फरवरी 01.24 तक तत्पश्चात उत्तरा फाल्गुनी।

**मेष** - आज नई योजनाओं के विषय में मित्रों से चर्चा करेंगे। आलस्य और प्रमाद से आपको बचना चाहिए। किसी भी चलते कार्य को अधूरा छोड़ने की प्रवृत्ति से बचें। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बढ़ेंगी। आज आपको परिवार के साथ समय अवश्य व्यतीत करना चाहिए।

**वृष** - आज पैतृक संपत्ति के विवादों को लेकर आज शान्ति बनाए रखें। मन में कुछ नकारात्मक विचार जन्म लेंगे। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। हृदय रोगियों को तनाव से बचना चाहिए। सिर्फ अपने काम पर ध्यान रखें।

**मिथुन** - आज व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। घर का वातावरण काफी अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। कारोबार को लेकर की गई यात्राओं से काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपने खर्चों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे।

**कर्क** - आज धन के अभाव के कारण जो काम रुके थे, वे शुरू हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। कानूनी विवादों का समाधान निकल सकता है। परिवार की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वाह करें। प्रेम संबंधों में आ रही गलतफहमियां दूर होंगी।

**सिंह** - आज आपके मन में परोपकार की भावना रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना बन रही है। व्यावसायिक परेशानियों का निपटारा होगा। साझेदारी में नया काम शुरू कर सकते हैं। मेडिकल संबंधी कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है।

**कन्या** - आज संतान के व्यवहार के कारण मन दुखी हो सकता है। जल्दबाजी में आपको निर्णय लेने से बचना चाहिए। समाज में सम्मानित लोगों को अपनी प्रतिष्ठा को लेकर कुछ समस्या हो सकती है। आलस्य के कारण आपके प्रदर्शन में कमी आयेगी।

**तुला** - आज अपने विचारों में स्पष्टता रखें। व्यापार में नए साझेदार जुड़ सकते हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

**वृश्चिक** - आज व्यवसाय में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। संतान पर अनावश्यक दबाव न बनाएं। धन के लेन-देन को लेकर समझदारी रखें। आज आप कारोबारी यात्रा पर जा सकते हैं। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर संभावना बन सकती है।

**धनु** - आज समाज के उच्च वर्ग के लोगों से आपका मेल-मिलाप बढ़ेगा। आपकी दिनचर्या संयमित रहेगी। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति कुछ रूखा सा हो सकता है। बच्चे पढ़ाई में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आज आपको उधार लेने से बचना चाहिए।

**मकर** - आज स्वार्थवश काम करने के कारण आपकी आलोचना हो सकती है। किसी की भावनाओं का तिरस्कार न करें। यदि तनाव आपकी कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहा है, तो मोटिवेशनल वीडियोज़ से आपको काफी सहायता मिल सकती है।

**कुंभ** - आज अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास करना हानिकर हो सकता है। लड़कियों के विवाह को लेकर आ रही अड़चनें दूर होंगी। मनोरञ्जन के लिए वेबसीरीज़ और सिनेमा का आनंद उठायेंगे। उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे।

**मीन** - आज उतावले व्यवहार से आपको बचना चाहिए। जॉब में आपका वर्चस्व काफी अच्छा रहेगा। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। दूसरों के उलझे मामलों को आपको सुलझाना पड़ेगा। घरेलू खर्चों को लेकर थोड़ा तनाव उभर सकता है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- विश्वासघात — सुबह : 10.00
- अनाड़ी — रात : 07.00

SONY MAX
- अतरंगी रे — सुबह : 09.53
- टाइगर जिंदा है — रात : 10.06

SONY PIX
- होटल ट्रांसिल्वेनिया 2 — सुबह : 11.13
- द मैन फ्रॉम टोरंटो — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- जजमेंटल है क्या — सुबह : 10.30
- मदारी — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- छलांग — सुबह : 10.29
- दृश्यम 2 — रात : 09.06

**आज की सुपरहिट फिल्म**




कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात-09.06 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बालक अपने पड़ोस में जाता और महिला दरवाजा खोलती है।
महिला- बेटा क्या हुआ?
बालक- आंटी मम्मी ने एक कटोरी चीनी मंगाई है।
महिला (मुस्कुरा कर उसका सिर सहलाते हुए कहती है) -"अच्छा और क्या कहा है तेरी मम्मी ने ?
बालक-कहा है कि अगर वो डायन न दे तो सामने वाली चुड़ैल से ले आना।

पत्नी-मैं रोज पूजा करती हूं
काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति- एक बार मीराबाई बन कर जहर पी ले फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तुझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

# भारत की प्रज्ञा में ऋषि का सम्मान


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

**विकास का क्रम सूक्ष्म से स्थूल की ओर हुआ है। भारतीय चिंतन के पांच महाभूतों-आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी में आकाश पहला है। आकाश का गुण शब्द बताया गया है। ऋग्वैदिक पूर्वजों के अनुसार "ऋचाएं या कविताएं परम व्योम" में रहती हैं और वहीं से चलकर जागृत मनुष्यों के चित्त में उतर जाती हैं।"**

अयोध्या अंतर्राष्ट्रीय चर्चा में है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर विश्व आकर्षण है। लाखों श्रद्धालु दर्शनार्थ आ रहे हैं। अयोध्या में दर्शनार्थियों का मेला है। प्रसन्नता का विषय है कि यहीं सप्त ऋषियों का मंदिर भी बनाने की तैयारी है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने यह घोषणा की है। सप्त ऋषि मंदिर का निर्माण मार्च से शुरू होना है। भारत के अंतःकरण में ऋषियों के प्रति श्रद्धा है। ऋषि अनूठे हैं। वे प्रकृति की प्रत्येक गतिविधि के द्रष्टा हैं। सो उन्हें ऋषि कहा गया-ऋषयो मंत्र द्रष्टार। जो मंत्र देखता है वही ऋषि है। वैदिक साहित्य के कवि ऋषि कहे जाते हैं। वे संन्यासी नहीं हैं। साधारण गृहस्थ हैं। वे परिवार चलाते हैं। खेती सहित जीविका के अन्य काम भी करते हैं लेकिन मंत्र सृजन भी करते हैं। वे प्रकृति के प्रति आत्मीय हैं। वे मधु प्रिय हैं। मधु और आनंद पर्यायवाची हैं। अस्तित्व के कण कण व हरेक रूप पर उनकी दृष्टि है। वे आश्चर्यजनक द्रष्टा हैं। जल, अग्नि, वायु, पृथ्वी के साथ ही आकाश तक देखते हैं। सूर्य के निराधार लटके होने पर भी उनके मन में प्रश्न थे। भारतीय परंपरा में आनंद प्राप्ति की अनेक साधनाएं थीं। साधनारत लोग साधु कहे गए। साधना में सिद्ध जन मुनि बताए गए लेकिन ऋषि की बात ही दूसरी है। राजा को बड़ा बताना हो तो राजर्षि कहा गया। प्राचीन साहित्य में ब्रह्मवेत्ता की बड़ी प्रशंसा है लेकिन उसे भी और बड़ा बताना हो तो ब्रह्म ऋषि कहने की जरूरत पड़ी। ऋषि पूरी सृष्टि को आत्मीयता से देखते हैं और पूरी आत्मीयता से मंत्र भी गाते हैं।

भारत की प्रज्ञा में बहुत ऊंचे स्थान तक ऋषि का सम्मान है। नारद को ही लीजिए। नारद जैसी क्षमता वाला दूसरा पात्र परंपरा में नहीं है। उनके लिए भौगोलिक दूरी का कोई मतलब नहीं। वे सभी लोकों में घूमते हैं। वाद्य यंत्र लेकर समय का अतिक्रमण करते हैं। एक पल में इस लोक में अगले पल दूसरे लोक में। वे वैदिक मंत्रों में मिलते हैं और पुराण काल की कथाओं में भी। महाभारत और रामायण की भी तमाम कथाओं में उनके विवरण हैं। उन्हें देव कहकर भारत का मन नहीं अघाया। सो देव के साथ ऋषि जोड़ा गया। वे देवर्षि कहे गए। जान पड़ता है कि परंपरा में ऋषि होना ही बड़ा होना है, बिना ऋषि हुए क्या होना? लेकिन ऋषि धरती पर ही थे। भारत के मन को लगा होगा कि कुछ प्रतिष्ठित ऋषियों को आकाश में भी देखा जाए। तब सात ऋषियों को आकाश में प्रतिष्ठित करने का अभिनव आयोजन हुआ होगा। कब हुआ? कैसे हुआ? इसके भौतिक प्रमाण नहीं। लेकिन यह हुआ। इसीलिए आकाश में तारों की एक विशेष आकृति को सप्त ऋषि कहा गया। आधुनिक काल में भी आकाश में तारों से बनी एक विशेष आकृति को सप्त ऋषि मंडल कहा जाता है। उन्हें प्रणाम भी किया जाता है।

भारत का मन ऊर्ध्व प्रिय है। सूर्य ऊपर और ऊंचे है। सो स्तुतियां पाते हैं। चंद्र ऊपर है, हम उन्हें ब्रह्मांड का मन कहते हैं। हमारी प्रार्थना का ईश्वर कण-कण व्यापी है लेकिन हम उसे 'ऊपर वाला' कहते हैं। स्वर्ग है या नहीं? अब तक सिद्ध नहीं लेकिन हम स्वर्ग को भी ऊपर या आकाश स्थित सुनते आए हैं। समृद्धि संसारी है। हम 'समृद्धि' को ऊपर उठना बताते हैं। यश कीर्ति भी संसारी है, हम यशस्वी को ऊंचा या ऊपर बताते हैं। मेरे जैसे लोगों को ऊंचाई से डर लगता है। लेकिन ऊंचाई की प्रतिष्ठा है। अग्नि प्रत्यक्ष है, इसकी लौ-लपट ऊपर जाती है। जल हमेशा ऊपर से नीचे को बहता है। लेकिन इस बहाव को भी बादल के रूप में ऊपर जाते देखकर हम प्रसन्न होते हैं। मनुष्य धरती पर है, अन्य ग्रहों में है या नहीं? पता नहीं। लेकिन देवताओं का निवास बहुत ऊपर परमव्योम में बताया जाता है। आकाश तक पहुंचना हमारी प्यास है। इसीलिए हमारे प्रिय सात ऋषि आकाश में चमकते हैं।

विकास का क्रम सूक्ष्म से स्थूल की ओर हुआ है। भारतीय चिंतन के पांच महाभूतों-आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी में आकाश पहला है। आकाश का गुण शब्द बताया गया है। ऋग्वैदिक पूर्वजों के अनुसार "ऋचाएं या कविताएं परम व्योम" में रहती है और वहीं से चलकर जागृत मनुष्यों के चित्त में उतर जाती हैं।" सप्त ऋषि आकाश में हैं। अयोध्या में उन्हें धरती पर भी प्रतिष्ठित करने की योजना है। आकाश में तारे हैं। तारों के विशेष प्रकार के प्राकृतिक आकर्षक संयोजन भी हैं। रात्रि में आकाश में तारों से बना एक बड़ा मार्ग-हाईवे भी दिखाई पड़ता है। अंग्रेजी में इसे 'मिल्की वे' कहा जाता है। यह दूधिया मार्ग जैसा दिखाई पड़ता है। लेकिन हम सब इसे 'आकाश गंगा' कहते हैं। गंगा भौगोलिक दृष्टि से उत्तरांचल, उ.प्र., बिहार और प. बंगाल राज्यों से होकर समुद्र में बहती है लेकिन गंगा जल में भारत की प्रीति अथाह है। वे ऋग्वेद में स्तुतियां पाती हैं। आदि कवि वाल्मीकि (रामायण बालकाण्ड) गंगा के प्रवाह में सहस्त्रों सूर्यों की दीप्ति देखते हैं। प्रकृति की दिव्य शक्तियां देवता हैं। ऋग्वेद में देवता अमृत बंधु बताए गए हैं।

आचार्य वराह मिहिर ने 560 ई. के आसपास ज्योतिर्विज्ञान पर वृहत संहिता लिखी थी। डॉ. सुरेश चन्द्र ने इस की व्याख्या की है। आकाश गंगा या सप्त ऋषियों को आकाश में बैठाना भारत का भावरस हो सकता है। वैसे भी हमारे पूर्वजों की दृष्टि आकाश की ओर रही है। कालिदास की रचना 'मेघदूत' में आकाश मार्ग की रम्यता का ललित वर्णन है। वराह मिहिर ज्योतिर्विज्ञानी थे। उन्होंने भी सप्त ऋषियों को आकाश में विशेष प्रतिष्ठित किया। लिखते हैं, "सप्त ऋषियों से उत्तर दिशा सौभाग्यशाली नायिका की तरह सुशोभित होती है।" बताया है कि पश्चिमी यूनानी ज्योतिष में इन तारों में एक भालू के आकार की कल्पना की गई है।" ये सप्त ऋषि ध्रुव तारे की परिक्रमा करते हैं। मरिचि, वशिष्ठ, अंगिरा, अग्नि, पुलस्त्य, पुलह और क्रेतु ये सात नाम उन्हें दिए गये हैं।" तारों में ऋषि देखना विज्ञान का विषय नहीं है। ऋषि वैदिक परंपरा में कवि हैं। मनुष्य हैं। तारे मनुष्य नहीं हैं। भारतीय भावबोध ने उन्हें आकाश में बैठाया है।

ऋग्वेद सहित चार वेदों में अनेक ऋषियों के लगभग बीस हजार मंत्र हैं। सभी ऋषि आदरणीय हैं। वराह मिहिर ज्योतिर्विज्ञानी ने अपनी सूची दी है। महाभारत में सप्त ऋषियों की दो सूचियां हैं। अलग-अलग संदर्भ में। ऋग्वेद में दस मण्डल या खण्ड हैं। दूसरे से लेकर सातवें मण्डल तक 6 मंडलों को 'वंश मंडल' कहा जाता है। 6 मंडलों में 6 ऋषि कुलों के मंत्रों के संकलन हैं। यह सूची स्थायी है। दूसरा मंडल गृत्समद् वंश कुल का है और तीसरा है विश्वामित्र वंश का। चौथा वामदेव का, पांचवा अत्रि का, छठा भरद्वाज और सातवां वशिष्ठ कुल का। बताते हैं कि गृत्समद ने बाद में स्वयं को शौनक कुल घोषित कर दिया था इसलिए उन्हें शौनक कुल भी कहा जाता है। कण्व कुल के भी तमाम मंत्र हैं। ये सात ऋषि ऋग्वेद के मुख्य द्रष्टा हैं। मूल बात है इन्हें 'नभ-मण्डल' में प्रतिष्ठित करना। सृष्टि जब तक रहेगी, तब तक सूर्योदय व सूर्यास्त भी होंगे। आने वाले हरेक सूर्यास्त के बाद आकाश में दिखाई पड़ेंगे विश्वामित्र, वशिष्ठ, अत्रि के भरद्वाज सहित सात ऋषि। हमारे प्रतिभाशाली पूर्वज। क्या हम उन्हें भुला सकते हैं? वे आकाश में बैठे हुए भूलने की कोशिश असफल कर देंगे।

# साहित्यकार और भैंस

**मुंशी प्रेमचंद ने भी 'गोदान' ही लिखा 'भैंसदान" नहीं। चलिए मान लिया कि गाय का महत्व बहुत है। पर बकरी तो छोटा पशु है।**


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

कवियों और साहित्यकारों पर यदि मैं कोई तीखी टिप्पणी करूं, तो इस वर्ग के लोग हमें आड़े हाथों ले लेंगे, किंतु यदि मैं किसी बड़े की आड़ ले लूं, तो आक्रमण से बच जाऊंगा। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने अपने एक विचारोत्तेजक लेख "कवियों में उर्मिला विषयक उदासीनता" में कहा है कि 'कवि स्वभाव से ही उच्छृंखल होते हैं, जी में आये तो राई को पर्वत बना दें और कभी कहो पर्वत पर भी ध्यान न दें'। बात सही है। अब देखिए दुधारू पशुओं में गाय के गीत तो सबने गाये। हिंदुओं की तो वह माता भी हैं। भगवान भी अवतार लेते समय गाय और ब्राह्मण के ही हितकारी (गो द्विज हितकारी, जै असुरारी, सिंधु सुता प्रिय कंता) होते हैं। मुंशी प्रेमचंद ने भी 'गोदान' ही लिखा 'भैंसदान" नहीं। चलिए मान लिया कि गाय का महत्व बहुत है। पर बकरी तो छोटा पशु है। दूध भी कम ही देती है, किंतु पुराने से लेकर नए साहित्यकारों ने इसका नामोल्लेख किया है। संस्कृत के नीति शास्त्रज्ञों ने इसके गले के थन को उपमा के लिए प्रयुक्त किया।' अजा गलस्तनस्तैव तस्य जन्म निरर्थकम्'। तुलसी बाबा को भी बकरी का खुर-चिह्न ही उपमा के लिए याद आया' "जे सुमिरे गिरि मेरु सिला कन होत अजा खुर बारिधि बाढ़े' (कवितावली)। रही सही कमी गांधी जी ने पूरी कर दी, क्योंकि उन्हें बकरी का दूध ही पसंद था। फतेहपुर जिले की बिंदकी तहसील में 'टिकरी' और 'बकरी' नाम के गांव हैं। पूरा नाम तो 'पैगम्बरपुर बकरी' है, किंतु रोजमर्रा में 'बकरी' ही कहते हैं। किसी ने भैंस की सुधि नहीं ली, जब कि वह सबसे ज्यादा दूध देती है और बहुत सीधी होती है। बस रंग रूप काला है। इसे पक्षपात नहीं तो क्या कहेंगे? साहित्यकारों ने यह भी नहीं सोचा कि अंत समय में इन्हीं के पुत्र (भैंसा) की सवारी वाले यमराज से सामना होना है। कुछ तो डरते। इस मामले में नामचीन उपन्यासकार बाबू भगवतीचरण वर्मा होशियार निकले। उन्होंने भैंस को तो इग्नोर किया, किंतु भैंसा को डाइरेक्ट साध लिया और "भैंसा गाड़ी" शीर्षक एक लंबी कविता लिख दीः-

चरमर चरमर चूं चरर मरर जा रही चली भैंसा गाड़ी। भर भर कर फिर मिटने का स्वर, कॅप कॅप उठते जिसके स्तर स्तर। हिलती डुलती हंफती कॅपती, कुछ रुक रुक कर कुछ सिहर सिहर।।

चरमर चरमर चूं चरर मरर-।

विद्वान साहित्यकारों द्वारा किए गए इस अन्याय की काफी कुछ भरपाई गांव गिरांव के सीधे-साधे कम पढ़े लिखे लोगों ने जरूर कर दी है। उन्होंने भैंस पर तमाम लोकोक्तियां बनाई हैं, जिनका धड़ल्ले से प्रयोग होता है जैसे- गई भैंस पानी में, भैंस के आगे बीन बजावै भैंस खड़ी पगुराय, खइबे दूध चरइबे भैंसी, पढ़ैं लिखैं की ऐसी तैसी, माठा रोटी घर मा खइबे झबरेन भैंस चरइबे जाय, जोण्डी की रोटी भैंस का दूध, मानो रन जीतो रजपूत। इत्यादि।

हमारी जन्मभूमि के जिले कानपुर ने भी भैंसे का ध्यान रखकर एक गांव का नाम "भैंसऊ' रक्खा है और कर्मभूमि के नगर लखनऊ में श्मशान घाट को "भैंसाकुंड" कहते हैं। हालांकि यहां अब इस मरघट को "बैकुंठ धाम" कहने लगे हैं। कुछ बड़ों ने साहित्य क्षेत्र में 'वाद' चलाए हैं, जैसे 'छायावाद', 'रहस्यवाद' आदि। अब अगर हमारे लेख से प्रेरित हो कलम के सिपाहियों ने भैंस के साथ न्याय कर दिया, तो हम एक नये वाद "भैंसवाद" के प्रवर्तक माने जाएंगे।

# आंदोलन से उपजी समस्याओं की कौन लेगा सुध


अजय कुमार मिश्र
मुख्य सतर्कता अधिकारी
इफको, बरेली

**संवैधानिक रूप से और नैतिक रूप से भी देश पर सभी नागरिकों का बराबर अधिकार है जो भी नागरिक अपनी क्षमता और समर्पण से अपना कार्य कर रह हैं।**

एक बार फिर किसान आंदोलन चर्चा में है। जिस प्रकार पिछले किसान आंदोलन में तांडव हुआ था उसको देखते हुए पंजाब हरियाणा बॉर्डर और दिल्ली की ओर आने वाले सभी राजमार्ग सुरक्षा के घेरे में है। किसान अपनी मांगों पर अड़े हैं जबकि सरकार उनकी मुख्य मांग को मानने में अपनी मजबूरी बता रही है और इन दोनों के बीच दिल्ली और आसपास के प्रदेशों की जनता पिस रही हैं। इस समय बच्चों की परीक्षा चल रही है। अभिभावक बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंतित है लेकिन पक्ष-विपक्ष राजनीति में व्यस्त हैं। बॉर्डर पर जिस तरह की स्थिति है उसे देख कर यह कतई नहीं लगता कि आंदोलनकारी शांतिपूर्ण आंदोलन की राह पर हैं पर सरकार बल प्रयोग करके अपनी सत्ता खतरे में नही डालना चाहती और दूसरी ओर सरकार को किसानों की मुख्य मांगें मानने में देश की आर्थिक अव्यवस्था डगमगाने का डर भी है।

संवैधानिक रूप से और नैतिक रूप से भी देश पर सभी नागरिकों का बराबर अधिकार है जो भी नागरिक अपनी क्षमता और समर्पण से अपना कार्य कर रह हैं। वह उस रूप में अपने व्यवसाय के माध्यम से देश की भी सेवा कर रहा है। मजदूर से लेकर किसान और नौकरीपेशा सभी का देश की प्रगति में योगदान है। संविधान ने हमें अभिव्यक्ति और स्वतंत्रता का अधिकार दिया है जिसमें हम अपनी बात और अपनी मांग लोकतांत्रिक व्यवस्था के माध्यम से शांतिपूर्ण ढंग से चुनी हुई सरकार के सामने रख सकते हैं लेकिन लोकतंत्र की आड़ में अराजकता फैलाना और अव्यवथा फैलाना स्वीकार नहीं किया जा सकता। जिस तरह पिछला किसान आंदोलन चला था और यह आंदोलन चल रहा है यह सोची समझी रणनीति के तहत राजनीति से प्रेरित उग्र और अराजक आंदोलन है जिसमे पूरे देश के 10 प्रतिशत किसान भी वैचारिक रूप से शामिल नहीं है।

आंदोलनकारियों को न तो आम जनता को हो रही परेशानियों से मतलब है और न ही इस प्रकार की मांग जबरन थोपने पर देश में होने वाले असर से मतलब है, उन्हें तो बस सरकार को घुटनों पर लाना है। मजेदार बात यह है कि किसानों की एक मुख्य मांग डब्लूटीओ से देश को अलग करने की भी है जबकि डब्लूटीओ में देश को शामिल करने वाली तत्कालीन सरकार वाली कांग्रेस और किसान आंदोलनकारी आज साथ-साथ है। आंदोलन को प्रत्यक्ष और परोक्ष समर्थन कर रही विपक्षी पार्टियां सत्ता में रहते हुए किसानों के लिए क्या करती रही हैं। वह सबके सामने है। मेरे विचार से पिछले किसान आंदोलन में सरकार के ढुलमुल रवैए ने ही एक बार फिर यह विषम स्थिति सामने खड़ी की है। अगर सरकार सत्ता लोभ से दूर होकर पिछले किसान आंदोलन में हुई अराजकता को सबक सिखाती और बलप्रयोग करके कानून व्यवस्था को प्राथमिकता देती जो कि सरकार का दायित्व भी था तो शायद आज यह बुरी स्थिति सामने न आती।

हमारा समाज कृतज्ञ समाज है। सबको सम्मान देना हमारी संस्कृति है। इसी के चलते हम डॉक्टर को ईश्वर के रूप में, शिक्षक/ गुरु को ईश्वर से भी बड़ा और किसानों को अन्न दाता कहकर सम्मानित करते है लेकिन वर्तमान स्थितियां अलग हैं। ऐसे परिपेक्ष्य में जब समाज में अधिक से अधिक लाभ कमाने की होड़ है, जहां डॉक्टर और शिक्षक की प्राथमिकता ही व्यावसायिक हो चुकी है जहां अनैतिक लाभ के लिए इंजेक्शन वाली लौकी और अन्य सामान खेतों से सीधे बाजार में आता हो और आम जनता धोखे में यूरिया मिला नकली दूध लेने को विवश हो, वहां किसी को अन्न दाता या ईश्वर के रूप में सम्मानित करना बेमानी है। सब अपने अपने लाभ के लिए अपने विवेक और अपनी व्यक्तिगत नैतिकता के आधार पर काम कर रहे हैं। इसलिए किसी को अतिरिक्त सम्मान देना अनावश्यक है। एक और बात जिसका मैं स्वयं गवाह हूंः बुंदेलखंड और मध्यप्रदेश में होने वाले कठिया गेहूं की कीमत खुले बाजार में 40/50 रुपए प्रतिकिलो है। इस दाम पर भी बमुश्किल ही यह गेहूं लोगों को मिल पाता है। आपने भी देखा होगा कि पिसे हुए आटे का प्रचार किया जाता है कि राजस्थान और मध्यप्रदेश के गेहूं से बना हुआ आटा है। कभी यह नहीं प्रचारित किया जाता कि यह पंजाब के गेहूं का आटा है। अगर आमजनता में जिसके पास आर्थिक विकल्प उपलब्ध है, वह पंजाब के गेहूं को कतई उपयोग नहीं करना चाहता क्यों कि सबको पता है कि वहां का गेहूं अनेक प्रकार के अंधाधुंध कीटनाशकों और रसायनों से पैदा हुआ है। पंजाब की जमीन वहां का पानी घोर प्रदूषण का शिकार है वहां की पराली केवल पंजाब ही नहीं दिल्ली तक को प्रदूषित कर रही है आखिर इसका जिम्मेदार कौन है?

## भारतीय-संस्कृति


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भारतीय-संस्कृति को केवल किताबों में पढ़ कर तो जाना नहीं जा सकेगा। संस्कृति प्रवाह की तरह है, गतिशील है। भारत की सांस्कृतिक-धाराओं, उपधाराओं, अन्तर्वर्ती-धाराओं को लोकजीवन में उतर कर ही जाना जा सकेगा। ये धाराएं किस प्रकार मिलती हैं और बिछुड़ती भी हैं।

लोकधारा में आपको शैव और शाक्त धारा भी मिलेंगी और वैष्णव-धारा भी। बौद्ध-धारा कहीं चली नहीं गई, लोकधारा में उनकी भी पहचान की जा सकती है। विभिन्न जनपदीय, जनजातीय, प्रदेशीय संस्कृतियों का संगम होता है और उस संगम से नई अवधारणाओं का जन्म होता है। नए विचारों का जन्म होता है। नए सौंदर्यशास्त्र का जन्म होता है। सांस्कृतिक-प्रवाह को हम किसी संप्रदाय में बांध कर नहीं समझ सकते। उदाहरण के लिए हम भक्ति-आंदोलन को ही लें, भक्ति-आंदोलन में लोकमानस का तत्त्व बहुत प्रबल है। इस आंदोलन का स्रोत केवल वेद-वेदान्त, उपनिषद ही नहीं है, इसमें आगम-परंपरा भी है, आलवार भी हैं, सिद्ध भी हैं, सहजिया-वैष्णव भी हैं, सहजयानी और वज्रयानी भी हैं। योग-परंपरा न होती तो समाधि की बात कैसे आ जाती, आउ समाधि भीतर। लोकधारा किसी से परहेज नहीं करती। इस्लाम का प्रभाव भी भाषा के रूप में देखा जा सकता है। सचाई तो यह है कि सभी सांस्कृतिक-धाराओं का स्रोत लोक में है। सभी दर्शनों का जन्म और विकास लोक की धरती पर ही होता है, लोक के लिए होता है। जो लोकातीत है, वह भी लोक के लिए ही है। लोक जीवन का सत्य दायरों में कैसे समा सकता है?

## ब्रह्मविद्या -गुरु एवं शिष्य


ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

निष्कलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यम् निरञ्जनम्।/ अमृतस्य परं सेतुं/ दग्धेन्धनमिवानलम्।।-निर्गुण निराकार ब्रह्म के ध्यान की विधि बताते हुए श्रुति कहती है कि जो सोलह कलाओं अर्थात् संसार के सभी संबंधों से रहित, सर्वथा क्रियाहीन अर्थात् कूटस्थ, परमशांत और सब प्रकार के दोषों से रहित है, जो अमृत स्वरूप मोक्ष के परम सेतु हैं, जिनका आश्रय लेकर मनुष्य अत्यंत सुगमता पूर्वक इस संसार समुद्र से पार हो सकता है, जो लकड़ी का पार्थिव अंश जल जाने के बाद धधकते हुए अंगारों वाली अग्नि की भांति सर्वथा निर्विकार, निर्मल, प्रकाश स्वरूप हैं, निर्विशेष, निर्गुण निराकार परमात्मा को तत्व से जानने के लिए उन्हीं देव की मैं शरण लेता हूं। जिस प्रकार आकाश को चमड़े की भांति लपेटना मनुष्य के लिए सर्वथा असंभव है, उसी प्रकार परमात्मा को जाने बिना कोई भी जीव इस दुख समुद्र से पार नहीं हो सकता। यह बात प्रसिद्ध है कि श्वेताश्वतर नामक ऋषि ने तप के प्रभाव से उन परमदेव परमेश्वर को उन्हीं की दया से जान लिया था और ऋषि परंपरा से सेवित इस परम पवित्र ब्रह्मतत्व का उपदेश परमहंस संन्यासियों को दिया। इस परम गुह्यविद्या के ज्ञान का वर्णन पूर्वकल्प मे भी उपनिषदों मे किया गया था अर्थात् यह ब्रह्मविद्या परंपरागत रही है। पुत्र व शिष्य को इस विद्या का अधिकारी बनाना आचार्य का दायित्व है। भाव यह है कि शिष्य के गुणों को जानकर ही उसे ब्रह्मविद्या का उपदेश दिया जाना चाहिए। जिसकी परमेश्वर में अत्यंत भक्ति है और जैसी परमेश्वर में है, वैसी ही भक्ति गुरु में भी है ऐसे श्रद्धावान महात्मा के हृदय मे ही इन उपदेशों का गूढ़ अर्थ प्रकाशित होता है।

## कुरीतियों के सुधारक संत रविदास


सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

सद्गुरु रविदास भक्तिकालीन संत परंपरा में बहुत सम्मानीय कवि हैं। उनकी रचनाओं में समतामूलक समाज की परिकल्पना, चेतना, जन आंदोलन हैं, पाखंड का विरोध है। समतामूलक की कल्पना में वे कहते हैं- रविदास जन्म के कारने, होत न कोई नींच।/नर कुं नींच करि डारि है, ओछे कर्म की कींच।/ न जच्चा बसलों होति, न जच्चा होति ब्राहमणों।/ कामन्ना बसलों होती, कामन्ना होति ब्राहमणों। -आशय यह है मानव जाति एक है सभी मनुष्य एक जैसे ही जन्मते हैं, मानव को जाति के आधार पर पशुवत जीवन जीने को बाध्य करना कुकर्म की श्रेणी में आता है। मैं रूखी सूखी खाऊं, औरन की भूख मिटाऊं। का संदेश देते हैं खुद भी खाओ और भूखे प्राणियों पर भी दया करो। मन्दिर-मस्जिद एक हैं, इन महं अंतर नाहिं।/रैदास राम रहमान का, झगड़ऊ कोऊ नाहिं।।/ एक माटी के सभै भांडे, सबका का एकै सिरजनहार।/रैदास व्यापै एको घट भीतर, सभ को गढ़े कुम्हार।

धर्मनिरपेक्षता का संदेश देते हैं जो आज भी प्रासंगिक है हिंदू मुस्लिम एकता पर बल है। मन चंगा तो कठौती में गंगा का संदेश है आपके विचार पवित्र हैं तो कहीं तीर्थ या गंगा में जाने की जरूरत नहीं। कर्मकांड और आडंबर के कभी नहीं, जो गए थे पास। सदा याद रखेगा उनको, भारत का इतिहास। दुखियों का दुख हारन हारा, मानवता के दास। सभी जन नमन करें हैं उनको, जो हैं संत रविदास।

# मयकदे का सीधा रिश्ता शराफत से


मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

**ज़ाहिर है ये सच्चे होशमंद लोगों का घर है और जहां सच का बोलबाला हो वहां जाने से परहेज़ वहीं कर सकते है जो परले दर्जे के झूठे और बेईमान हो, और मुझे पता है कि आप ऐसे नहीं हैं।**

मयखाने गए हैं कभी आप? ना गए हों तो बदनसीबी आपकी। ये दुनिया की उन बेहतरीन जगहों में शामिल है जहां कदम रखते ही आदमी अपनी सारी दुश्वारियां भूल जाता है। दुनिया की तमाम आफ़तें, मिलकर भी मयकदे की सीढ़ियां चढ़ने की हिम्मत नहीं कर पाती। यहां की आबो-हवा आपको खुद पर यक़ीन दिलाएगी। हौसला बढ़ाएगी आपका। सुकून महसूस करेंगे आप। यदि ऐसा न होता तो अब्दुल हमीद अदम जैसे शायर भला ये क्यों कहते।

मय-कदा है यहां सुकूं से बैठ
कोई आफ़त इधर नहीं आती।

आदमी को चाहिए क्या? बस चैन चाहिए। और जो ऐसा चाहते हैं उनके लिए मयकदे से बेहतर कोई दूसरी जगह तलाशना मुश्किल है।

यहां की आबोहवा आने वाले को पलक झपकते एक खुशमिजाज, ज़िंदादिल और मिलनसार इंसान में बदल देती है। यदि आपको सच्चे दोस्तों की तलाश है तो इससे मुफ़ीद जगह कोई दूसरी नहीं। यहां बने दोस्त बचपन के लंगोटियां दोस्तों को मात कर सकते है। ऐसे दिलदार और हाज़िरजवाब लोग जो बिना जान पहचान के आपके गले लग जाएं, अपनी जेब की आखरी पाई तक आप पर लुटा दें, आपके दुख दर्द बांट लें, आपके लड़खड़ाने पर सहारा दे और आपको घर छोड़ जाने की ज़िम्मेदारी भी उठा लें। ऐसे मददगार लोग जो अपनी कहने के साथ-साथ आपकी भी सुनते है, मशविरा देते हैं और मदद करते हैं।

और फिर मयखाने में जाने वाले रोज़ जाते हैं वहां। वही बने रहना चाहते हैं और उसके प्रति वफ़ादार होते है। ज़ाहिर है ऐसे लोग भरोसेमंद है, अमीर मीनाई तस्दीक़ करते हैं इसकी।

मस्जिद में बुलाते हैं हमें ज़ाहिद-ए-ना-फ़हम!
होता कुछ अगर होश तो मय-ख़ाने न जाते।

और फिर पीने वाला और कहीं जाए भी क्यों? मयकदे तो पुण्यात्माओं की पनाहगाह है। अहमद हुसैन माइल कहते हैं।

तौबा खड़ी है दर पे जो फ़रियाद के लिए
ये मय-कदा भी क्या किसी क़ाज़ी का घर हुआ।

मयकदे का सीधा रिश्ता शराफत से है। ये नेकदिलों की बस्ती है। सो इसकी बुराई वही करते हैं जो इससे नावाक़िफ़ या नासमझ हैं।

दुनियादारी है फरेब। अहम के नशे में धुत्त लोग बसते है इस दुनिया में। ऐसे में बस मयखाना ही वह जगह है जहां ईमान पर कायम सच्चे लोग रहते हैं। मयखाना वो इकलौती जगह है जहां आकर इंसान एकदम पाक साफ हो जाता है। दरअसल ये नीम बेहोशी से बाहर आने की जगह है। बशीर बद्र गवाही देते है इस बात की।

न तुम होश में हो न हम होश में हैं
चलो मय-कदे में वहीं बात होगी।

ज़ाहिर है ये सच्चे होशमंद लोगों का घर है और जहां सच का बोलबाला हो वहां जाने से परहेज़ वहीं कर सकते है जो परले दर्जे के झूठे और बेईमान हो, और मुझे पता है कि आप ऐसे नहीं हैं।

आबेहयात मिलती है मयखाने में। ज़ाहिर है जन्नत है ये। जन्नत जाना सभी चाहते हैं पर मरना कोई नहीं चाहता। और फिर सवाल यह भी कि जन्नत देखी किसने है? देखने वाले वापस आकर बयान कहां करते हैं उसके बारे में? किताबों में यह ज़रूर लिखा है कि आबेहयात की नदियां बहती हैं वहां। ये बताने वाले बिना मयखाने गये ये लिख सके होंगे यकीन करना मुश्किल है। दुनिया के छल कपट से बाहर निकल आना। सच्चे होने की निशानी है। ऐसे बंदे बस मयखाने में मिलते हैं। खुदा सच्चे लोगों की क़द्र ना करे ऐसा हो ही नहीं सकता। यदि जन्नत है तो मेरा मानना है कि मयखाने के पीछे का दरवाजा सीधे जन्नत मे खुलता है।

नितांत समाजवादी और सभी की जेब बर्दाश्त कर सके ऐसी जगह है मयखाना। यहां दिमाग़ का भी इलाज होता है और मन का भी। मयकदे न होते तो हमें हजार गुना ज्यादा मानसिक अस्पतालों की ज़रूरत होती। ऐसा न होता तो लोग जाते ही नहीं। यहां पहुंचा आदमी बहुत जल्दी हल्का हो जाता है, ख़ुशियों से भरपूर, तरोताज़ा हवा में तैरता है वो। गहरी नींद जैसा सूकून मिलता है उसे। यहां आकर फ़क़ीर भी ऐसे सपने देखता है, जहां वो बादशाह होता है, ऐसे सपने जहां उसे किसी चीज़ की कमी नहीं होती और मनचाहा करने की आज़ादी होती है। आजाद होने से अच्छा और हो तो आप मुझे बता सकते हैं।

दुनिया भर के बेहतरीन उस्ताद, विचारक, शायर, दार्शनिक, और हकीम मिलेंगे यहां आपको। ऐसे तपे तपाये अनुभवी लोग जो ज़िंदगी के बेशक़ीमती पाठ मुफ्त में पढ़ा सकते हैं। दुनिया के सारे सच्चे, नेक, भले और ईमान पर भरोसा रखने वाले लोग भी यहीं मौजूद है। बड़े दिलवाले, खरे कुंदन से दमकते बंदे। हमेशा सच बोलने वाले ऐसे लोग जिनकी संगत आपको बहुत कुछ सिखा सकती है। आप यहां आये और बेहतर हुए बिना लौट जाएं ये मुमकिन ही नहीं। ऐसा न होता तो ज़ौक़ जैसा मशहूर शायर ऐसा कभी ना कहता।

'ज़ौक़' जो हैं मदरसे के बिगड़े हुए मुल्ला!
उन को मय-ख़ाने में ले आओ संवर जाएंगे।

संवरना चाहते हैं? ज़ाहिर है हां ही कहेंगे आप ,तो आईए मयखाने चलते हैं। संवरने निखरने, दमकने के लिए उससे मुफ़ीद जगह इस धरती पर और कोई दूसरी है नही।

## संस्कृति की विशिष्ट परंपरा


रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

भारतीय संस्कृति की परम विशिष्ट परंपरा सनातन काल से यह रही है कि इसके सभी पर्व और त्योहार सूर्य और चंद्रमा की गति और स्थिति से जुड़े रहे हैं। यज्ञोपवीत संस्कार और विवाह जैसे मांगलिक कार्यों में देवगुरु बृहस्पति और दैत्य गुरु शुक्राचार्य को भी यथोचित सम्मान दिया गया है। यह प्रसंग इसलिए है कि गंगा स्नान के माघ मास का पुण्य प्राप्त करने का इस वर्ष का अंतिम दिन माघ पूर्णिमा आ गई है। इस साल यह कम से कम दस दिन के विलंब से है। बैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण और भादो इन पांच महीनों में तीन साल बाद किसी एक महीने में अधिमास हो जाता है। इसका कारण सामान्य रूप से यह समझ लीजिए कि सूर्य का राशि परिवर्तन लगभग निश्चित है और पृथ्वी 365.24- दिन में परिभ्रमण करती एक साल बाद उसीबिंदु पर आ जाती है। सूर्य के सापेक्ष, वैसे तो अनन्त ब्रह्मांड में तो सूर्य नारायण के साथ करोड़ों मील दौड़ गई होती है। हमारा जीवन तो सूर्य से ही जुड़ा है इसलिए हमें क्या कि सूर्य कितना दौड़ चुके हैं। यह बिल्कुल उसी तरह है जैसे कि आपके बालों के अन्दर एक छोटी सी जूं बैठी है और आप मुंबई से न्यूयॉर्क पहुंच गए हैं लेकिन जूं की सीमा तो वहीं तक है जहां तक सिर में बाल हैं। चन्द्रमा शीघ्र गति होने के कारण इस परिपथ को लगभग दस दिन अग्रगामी हो जाता है, इसलिए इस अवधि को सौरमास के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए भारतीय पंचांग में अधिमास की गणना की जाती है।

यह गणित कैसे किया जाता है की क्लिष्टता में पड़ने की हमें जरूरत नहीं है। इस बार श्रावण मास में अधिमास आने से पूर्णिमा दस दिन आगे बढ़ गई है। जिस वर्ष भाद्रपद में अधिमास पड़ेगा उस साल यह बारह दिन आगे बढ़ जाएगी।

# आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा देश : राजनाथ

एजेंसी, नयी दिल्ली



रक्षा उत्पादन तीन लाख करोड़ व निर्यात 50 हजार करोड़ रुपये पहुंचने की उम्मीद

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत रक्षा क्षेत्र में तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है और वर्ष 2028-29 तक वार्षिक रक्षा उत्पादन तीन लाख करोड़ रुपये तथा रक्षा निर्यात 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। रक्षा मंत्री ने शनिवार को यहां एक निजी मीडिया संगठन द्वारा आयोजित रक्षा शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए दीर्घकालिक परिणामों पर ध्यान केंद्रित कर रही है, न कि अल्पकालिक परिणामों पर।

उन्होंने मौजूदा तथा पिछली सरकार की तुलना करते हुए कहा कि दोनों के बीच दीर्घकालिक योजना और दीर्घकालिक लाभ को प्राथमिकता देना मुख्य अंतर है। सिंह ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के विपरीत मौजूदा सरकार ने ऐसी नीतियां बनाई और लागू की हैं, जो केवल पांच वर्षों के लिए अल्पकालिक लाभ प्रदान नहीं करती हैं। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में लंबी अवधि के फायदे के लिए रक्षा क्षेत्र में किए गए सुधारों का उल्लेख किया, इनमें चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के पद का सृजन और सैन्य मामलों के विभाग की स्थापना करना शामिल है, जिससे तीनों सेनाओं के बीच साझेदारी, तालमेल तथा सुचारू समन्वय बढ़ा है। उन्होंने बताया कि सरकार सेना, नौसेना और वायु सेना के एकीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो संकट के समय में उनके बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करेगा।

उन्होंने कहा कि पहले तीनों सेनाएं 'साइलो' में काम करती थीं। हमने उनके एकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया है, जो लीक से हटकर कर एक अलग कदम था और यह समय की मांग भी थी। सिंह ने कहा कि शुरुआत में ऐसा करना थोड़ा कठिन था, लेकिन आज हमारी सेना बेहतर समन्वय के साथ हर चुनौती से निपटने के लिए मिलकर काम करने को तैयार है।



## वित्तमंत्री सीतारमण ने मुंबई में लोकल ट्रेन से किया सफर

मुंबई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को मुंबई के घाटकोपर से पड़ोसी ठाणे जिले में कल्याण स्टेशन तक एक लोकल ट्रेन से यात्रा की। मंत्री ने मुंबई महानगर क्षेत्र की 'जीवनरेखा' कही जाने वाली लोकल ट्रेन से की गई अपनी यात्रा की कुछ तस्वीरें भी 'एक्स' पर पोस्ट कीं। सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, सीतारमण ने 30 किलोमीटर की यात्रा के दौरान यात्रियों के साथ बातचीत की। मुंबई क्षेत्र में प्रतिदिन 65 लाख से अधिक लोग उपनगरीय ट्रेन से यात्रा करते हैं।

# आसान नहीं है पद्मभूषण राम नाईक होना



गोलेश स्वामी
राजनीतिक विश्लेषक

पूर्व राज्यपाल पद्म भूषण राम नाईक होना आसान नहीं हैं। वर्ष-22 जुलाई, 2014 से 28 जुलाई, 2019 तक उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के रूप में उनकी कार्यशैली और व्यहवहार कुशलता ने लोगों को इतना प्रभावित किया कि वे जनता के राज्यपाल जैसे लोकप्रिय संबोधन से नवाजे गए। अपने कार्यकाल में राजभवन को उन्होंने जनता के लिए पूरी तरह से खोल दिया था। कोई आम या खास उनसे कभी भी मिल सकता था। वे पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई, पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.मुरली मनोहर जोशी के समकक्ष काडर के राजनेता हैं। अगले महीने यानी मार्च माह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में होने वाले समारोह में उनको पद्म भूषण सम्मान से नवाजेंगी। इस उपलक्ष्य में आज यानी रविवार को यूपी की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल श्री नाईक को यूपी के पूर्व राज्यपाल के नाते पद्म भूषण देने के ऐलान पर राजभवन में सम्मानित करेंगी। इसके लिए वे मुंबई से चलकर शनिवार की शाम यूपी राजभवन पहुंच गए हैं।

राम नाईक की छवि एक साफ-सुथरे राजनेता की है। महाराष्ट्र खासकर मुंबई में राम भाऊ के नाम से लोकप्रिय राम नाईक ने बोरीबली से तीन बार विधायक होने और मुंबई से पांच बार लगातार सांसद होने का रिकार्ड बनाया। कई बार विधायक, सांसद और अटल बिहारी बाजपेई के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में वे हर बार मंत्री रहे। अंतिम बार वे केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री रहे। कारगिल युद्ध के शहीदों के परिवारों को कारगिल पेट्रोल पंप और गैस एजेंसी उन्हीं की देन हैं। मुंबई में लगातार आठ बार चुनाव जीतने का उनका रिकार्ड आज भी कायम है। इस सबके बावजूद वे आज भी मिडिल क्लास जीवन जीते हैं और गोरेगांव के एक सामान्य से फ्लैट में रहते हैं। वे जमीन से जुड़े राजनेता हैं। यही वजह है कि करीब डेढ़ माह बाद ही यानी 16 अप्रैल, 2024 को 90 साल की आयु पूरी करने जा रहे श्री नाईक राजनीतिक और सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय रहते हैं अन्यथा इस उम्र में ज्यादातर राजनेता घर में आराम फरमाते हैं।

खास बात यह है कि जब उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के रूप में राम नाईक ने शपथ ली थी, तब यूपी में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सरकार थी। उनकी अति सक्रियता के कारण सपा सरकार परेशान हो उठी थी। यहां तक कि उन पर राजभवन से समानान्तर सरकार चलाने का आरोप लगा था। कई मौकों पर सरकार और राजभवन के बीच तलवारें खिंची। लेकिन वे अपनी जगह हमेशा सही साबित हुए। वे अकेले राज्यपाल थे जिन्होंने एमएलसी की सपा सरकार की सूची में डिफाल्टर लोगों को एमएलसी बनाने से साफ इनकार कर दिया था। जिस कारण सपा सरकार को एमएलसी के नाम बदलने पर विवश होना पड़ा था। यह बात दीगर है कि इस सबके बावजूद सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव और मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से श्री नाईक से अच्छे रिश्ते बने रहे।

वर्ष-2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी में भाजपा सरकार बनने पर राज्यपाल के रूप में श्री नाईक ने कई



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल पूर्व राज्यपाल राम नाईक को आज राजभवन में करेंगी सम्मानित

महत्वपूर्ण फैसले कराने में अहम भूमिका निभाई। 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस सरकार के स्तर पर मनाने का फैसला उनकी देन है। योगी जी और नाईक जी के बीच अच्छा खासा समन्वय रहा। कुष्ठ रोगियों के प्रति वे हमेशा दया भाव से भरे रहे। उनकी पेंशन में वृद्धि कराई। विधानमंडल सत्र शुरू होने पर राष्ट्रपति की तर्ज पर राज्यपाल के अगवानी की परंपरा की शुरूआत उन्होंने ही कराई। विश्वविद्यालयों में दीक्षांत समारोहों का वार्षिक कैलेण्डर जारी कराने और शैक्षिक सत्र नियमित कराने का श्रेय भी उनको जाता है। राज्यपाल के रूप में हर तीन महीने पर अपनी उपलब्धियों की पुस्तिका जारी करना भी उन्होंने ही शुरू किया। इसके पीछे उनका तर्क था कि वे पारदर्शिता में विश्वास करते हैं। उनके राज्य की जनता को यह जानने का अधिकार है कि उनके राज्यपाल क्या कर रहे हैं। सही मायने में उन्होंने जता दिया था कि राज्यपाल का पद ऐशो-आराम के लिए नहीं होता बल्कि जनता के सेवा कार्य के लिए होता है। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कुंदा नाईक का भी जवाब नहीं था। उनका स्वभाव बहुत सौम्य था। लेडी गवर्नर श्रीमती कुंदा नाईक राजभवन में चार-चार शेफ होते हुए भी स्वयं खाना बनाती थीं। संयोग से श्रीमती कुंदा नाईक को ईश्वर ने पिछले साल अपने पास बुला लिया। स्वाभाविक है कि इस उम्र में पार्टनर का जाना कितना खलता है। लेकिन ईश्वर को शायद यही मंजूर था।

श्री नाईक का राजनीतिक सफर (राज्यपाल पद की पांच साल की संवैधानिक अवधि को छोड़कर) वर्ष-1969 में जनसंघ से जुड़कर शुरू हुआ। तब वे एक कंपनी में चीफ एकाउंट आफिसर और कंपनी सेक्रेटरी थे। यह नौकरी छोड़कर वे जनसंघ से पूर्णकालिक रूप से जुड़े और स्वयं को राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित किया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से वे स्वयं सेवक के रूप में लंबे समय से जुड़े हैं। उन्होंने अपने जीवन के संस्मरण भी लिखे और उन संस्करणों को एक पुस्तक के रूप में देश के समक्ष रखा। उनकी पुस्तक का शीर्षक- चरैवेति-चरैवेति है। अब यह पुस्तक हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत से लेकर बांग्ला तक में प्रकाशित हो चुकी है। यानी देश की लगभग हर भाषा के राज्यों तक पहुंच चुकी है। श्री नाईक की सुपुत्री विशाखा कुलकर्णी अपने आई-बाबा के बारे में बात करते हुए भावुक हो जाती हैं। वे कहती हैं कि मेरी आई (स्वर्गीय कुंदा नाईक) ने मेरे बाबा (श्री राम नाईक) के साथ सादगी भरा जीवन जिया। वे कभी मंत्री की पत्नी के रूप में मंच पर नहीं बैठी। जब बाबा राजनीति में आए थे तो पार्टी की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। जनसंघ से चुनाव लड़ना कोई खेल नहीं था। हमारा परिवार तब दो कमरों के घर में रहता था। आई-बाबा दिन रात मेहनत करते थे। आई घर का सारा काम करतीं। कार्यकर्ताओं के लिए रोटियां बनाते-बनाते आई की कमर अकड़ जाती। रात दिन घर-घर चिट्ठियां पहुंचाते थे। हम दो बहनें हैं। उस समय छोटी थीं। पढ़ने जाती थीं। आई हमें तैयार कर नाश्ता बनाकर स्कूल भेजती और फिर बाबा के काम में लग जातीं। बाबा पहले साइकिल से ही सफर करते थे। विधायक, सांसद होने के बावजूद बाद में लोकल ट्रेन से चलते। आई इसी दौरान पढ़ती भी रहीं और पोस्ट ग्रेजुएट हो गईं। वे एक स्कूल में शिक्षिका बन गईं। वो भी सांसद की पत्नी होने के बाद भी लोकल ट्रेन से आती-जातीं। आपात काल में घर में मुसीबत आन पड़ी। इस दौरान बाबा गिरफ्तारी से तो बच गए लेकिन दो राजनेताओं को छोड़कर सभी गिरफ्तार हो चुके थे। ऐसे में सारी जिम्मेदारी बाबा के ऊपर थी।

वे राजनीतिक और सामाजिक कार्य के चलते एक-एक सप्ताह तक घर नहीं आते। आई (मां) किसी तरह घर संभालती। किसी तरह इमरजेंसी से उबरे। लेकिन मुसीबतों ने पीछा नहीं छोड़ा। वर्ष-1994 में बाबा को कैंसर की गंभीर बीमारी ने जकड़ लिया। लेकिन बाबा ने अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति से उस पर भी विजय हासिल की और दोबारा राजनीति में सक्रिय हुए। बाद में अटल सरकार में राज्य मंत्री और कैबिनेट मंत्री बने। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद बाबा को राज्यपाल बनने की जिम्मेदारी मिली। विशाखा कहतीं हैं कि यहां का कार्यकाल पूरा करने के बाद भी बाबा ने आराम करना उचित नहीं समझा। उन्होंने फिर से सक्रिय राजनीति में आने का फैसला किया और भारतीय जनता पार्टी के दोबारा सक्रिय सदस्य बने। इस बीच उन्होंने महाराष्ट्र में कई सामाजिक, राजनीतिक दायित्व निभाए। शायद इन्हीं सारी तपस्या जैसे सामाजिक जीवन के फलस्वरूप बाबा को पद्म भूषण के योग्य समझा गया।

# सात दिन की मोहलत, कब्जा डेढ़ साल बाद भी नहीं हटाया

संवाददाता, बरेली/आंवला

## इफको पर मेहरबानी...

इफको मेन गेट और इफको टाउनशिप मुख्य द्वार के मध्य पाइप की रेलिंग हटाने का मामला

अमृत विचार : हाईकोर्ट के आदेश को दरकिनार करने वाले इफको के अधिकारियों के सामने पीडब्ल्यूडी के अफसर भी दबाव में कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। पीडब्ल्यूडी ने दो साल पहले आंवला-भमोरा मार्ग पर इफको की ओर से किए गए अवैध अतिक्रमण हटाने को नोटिस भेजा था। इसमें सात दिन में अतिक्रमण न हटाने पर चेतावनी दी गई थी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

भमोरा-आंवला स्टेट हाईवे पर चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। पीडब्ल्यूडी सड़क के मध्य से दोनों ओर 75-75 फिट भूमि पर अपना स्वामित्व होने का दावा कर चुका है। इधर, इफको ने आंवला भमोरा रोड के इफको मेन गेट और इफको टाउनशिप मुख्य द्वार के मध्य पाइप की रेलिंग लगा रखी है। बताया जाता है कि रोजगार पाने को भू-दाता इसी स्थान पर कई बार बैठकर धरना प्रदर्शन कर चुके हैं। किसान इस जगह पर दोबारा धरना न दें, इसलिए अधिकारियों ने कटीले तार लगवाकर जगह को पूर्ण तरीके से बंद करा दिया था। इसकी जानकारी लगने पर पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड वन के एक्सईएन राजीव अग्रवाल ने 8 सितंबर 2022 को इफको के उपमहाप्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन को पत्र भेज इफको प्लांट और टाउनशिप गेट के मध्य पाइप की रेलिंग एवं कटीले तार को अतिक्रमण की श्रेणी में आना बताकर सात दिन में हटाने के निर्देश दिए थे, लेकिन, इफको ने इसे आदेश को दरकिनार करते हुए अब तक न तो रेलिंग हटाई है और न ही कटीले तार।

## बैकफुट पर पीडब्ल्यूडी विभाग





इफको प्लांट और इफको टाउनशिप गेट के मध्य इफको ने बीच सड़क पर एक गोलाकार चौराहा बनाया है। इफको की ओर से पीडब्ल्यूडी विभाग की सड़क के बीचों बीच किए गए इस कार्य को लेकर भमोरा के गांव सेंधा के शिशुपाल सिंह ने वर्ष 2017 में जनसूचना के माध्यम से जानकारी मांगी। जिसको लेकर 2 फरवरी 2017 को निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता ने सड़क के मध्य इफको की ओर से बनाए गए इस गोलाकार चौराहे की अनुमति संबंधित कोई भी साक्ष्य होने से इन्कार किया था। जवाब में कहा गया था कि विभाग किसी किसान, दुकानदार की ओर से अस्थायी अथवा स्थायी निर्माण होने पर नोटिस जारी करने के बाद अतिक्रमण व अवैध कब्जे हटाने का कार्य करता है, लेकिन इफको की ओर से कई वर्षों से अतिक्रमण कर जगह का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस पर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी आज भी चुप्पी साधे हुए हैं।

# उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने को नियमों में बदलाव कर की कोयला नीलामी

एजेंसी, नई दिल्ली

कांग्रेस ने कैग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए लगाए आरोप

कांग्रेस ने शनिवार को कैग रिपोर्ट का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि सरकार ने कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए नियमों में बदलाव कर कोयला नीलामी की और इससे राजस्व का भारी नुकसान हुआ। विपक्षी दल ने यह भी पूछा कि कोयला नीलामी पर चिंता जताने वाले दो भाजपा नेताओं के पत्रों पर सरकार ने कोई कार्रवाई क्यों नहीं की।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक संवाददाता सम्मेलन में भाजपा नेता और अब मंत्री आरके सिंह तथा राजीव चंद्रशेखर के पत्र दिखाए तथा कहा कि इनमें 2015 में कुछ कंपनियों को कोयला नीलामी में केवल दो संबंधित कंपनियों को ब्लॉक के लिए बोली लगाने की अनुमति देने पर चिंता जताई गई थी जिससे राजस्व की हानि हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि बाद में दोनों को मंत्री बना दिया गया और उसके बाद उनकी चिंताओं पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। खेड़ा ने पूछा कि क्या मोदी सरकार ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) छापेमारी का आदेश देगी और मिलीभगत एवं भ्रष्टाचार की इस घटना की जांच करेगी। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि मोदी की गारंटी के बारे में बात करते हुए प्रधानमंत्री शहर गए हैं। उन्होंने अपने कॉर्पोरेट चंदा देने वालों को एकमात्र जो गारंटी दी है, वह चंदा दो, कोयला लो है। उन्होंने आरोप लगाया कि असली घोटाला पिछले 10 वर्षों के में हुआ, जब मोदी सरकार ने अपने ही नेताओं की चेतावनियों के बावजूद खदानों को अपने चहेतों को कौड़ियों के भाव में सौंप दिया।

# मानवतावादी मूल्यों के पुरोधा थे संत रविदास



सन्त शिरोमणि रविदास को नमन करते मुख्यमंत्री धामी। ● अमृत विचार

संवाददाता, देहरादून

मुख्यमंत्री धामी ने गुरु रविदास मन्दिर पहुंचकर की पूजा

अमृत विचार : आज का दिन ऊंच, नीच, छुआछूत, भेदभाव को मिटाकर सबको साथ लेकर चलने के लिए संकल्प लेने का दिन है। सामाजिक बुराइयों और कुरीतियों को दूरकर आपसी भाईचारे को ही सच्चा धर्म माना जाना चाहिए। यह बात शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सन्त शिरोमणी गुरु रविदास मन्दिर पहुंचकर पूजा अर्चना के बाद कही।

मुख्यमंत्री ने सन्त की जयंती पर और देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उसके बाद मुख्यमंत्री ने 10.77 लाख रुपये से निर्मित इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। गुरु रविदास मंदिर दीर्घा का भी शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 6 प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संत रविदास जी सामाजिक समरसता और मानवतावादी मूल्यों के पुरोधा थे, जिन्होंने समाज में फैली बुराइयों तथा कुरीतियों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत का इतिहास रहा है, जब भी देश को जरूरत हुई है, कोई न कोई संत या ऋषि भारत में जन्म लेते रहे हैं।

संत रविदास जी उस भक्ति आंदोलन के महान संत थे, जिन्होंने कमजोरों को नई ऊर्जा दी। संत रविदास जी ने समाज को आजादी का महत्व भी बताया और सामाजिक विभाजन को भी पाटने का काम किया। संत रविदास ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी जहां किसी भी प्रकार का लोभ, लालच, दुख, दरिद्रता, भेदभाव नहीं हो, उनके बताये रास्तों पर चलते हुए हम सुखी जीवन के सूत्र सीख सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महान संत गुरु रविदास जी के संदेशों को अपनाकर ही आज का भारत और उत्तराखंड विकास पथ पर तेजी से अग्रसर है।

# मोदी भटकाते हैं ध्यान, अडाणी-अंबानी काट रहे जनता की जेब

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/अमरोहा/संभल



मुरादाबाद में भारत जोड़ो यात्रा में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते राहुल और प्रियंका गांधी।

● आवाज उठाने वालों को ईडी व सीबीआई का शाह दिखाते हैं डर

अमृत विचार : कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने मुरादाबाद में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कहा कि नरेंद्र मोदी जनता का असल मुद्दों से ध्यान भटकाते हैं और अडाणी-अंबानी जनता की जेब काटते हैं। गरीबों का हक लूटकर उद्योगपतियों को और अमीर बनाया जा रहा है। राहुल ने बहन प्रियंका गांधी के साथ जामा मस्जिद से यात्रा की शुरुआत की।

कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा की नफरत की राजनीति के खिलाफ वह मोहब्बत का पैगाम लेकर निकले हैं। वह केंद्र की तानाशाही और ईडी-सीबीआई से डरने वाले नहीं हैं। बोले देश की 90 प्रतिशत आबादी की भागीदारी की लड़ाई जारी रहेगी। राहुल और प्रियंका गांधी ने संभल चौराहे पर लोगों को संबोधित किया। राहुल और प्रियंका गांधी ने कहा कि हवाई अड्डों पर मोदी के दोस्तों का कब्जा है। अडाणी को हथियार का ठेका दे दिया गया। मुरादाबाद की उपेक्षा पर कहा कि वह दो साल पहले अपनी ससुराल मुरादाबाद आई थीं और अब आई हैं लेकिन यहां कोई विकास नहीं हुआ है।

## जो भाजपा को हराना चाहते हैं हमारे साथ आएं : रमेश

अमरोहा। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने गठबंधन के विस्तार और इसमें बहुजन समाज पार्टी की एंट्री को लेकर बड़ा बयान दिया। कहा कि भाजपा को हराने के लिए मायावती भी साथ आएं। इंडिया गठबंधन में मायावती का स्वागत है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जोया-संभल मार्ग पर स्थित डब्ल्यूटीएम डिग्री कॉलेज में पत्रकार वार्ता में जयराम रमेश ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों को नजरअंदाज कर रही है। कांग्रेस इस पर गंभीर है। बसपा के गठबंधन में आने की संभावना के सवाल पर कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे और जयराम रमेश ने कहा कि हमारे दरवाजे खुले हैं। जो भाजपा को हराना चाहते हैं वे हमारे साथ आएं, उनका स्वागत है।

महंगाई का असर | दाम आसमान छूने और चोरी की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर मध्य प्रदेश के किसान बरत रहे सावधानी

# लहसुन की रखवाली के लिए रखे गार्ड, लगाए सीसीटीवी

एजेंसी, उज्जैन

मध्य प्रदेश में लहसुन की आसमान छूती कीमतों की वजह से कुछ किसानों को सीसीटीवी लगाने और तो और बंदूकधारी गार्डों को काम पर रखने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। साथ ही खुदरा और थोक बाजार में लहसुन की उछाल मारती कीमतों के बीच किसान अपनी उपज को चोरों से बचाने में जुटे हैं।

कई किसानों का कहना है कि राज्य के खुदरा बाजार में लहसुन की कीमतें 400 रुपये प्रति किलोग्राम से ऊपर पहुंच गयी हैं जबकि थोक बाजारों में लहसुन की कीमत 30 से 35 हजार रुपये प्रति क्विंटल के बीच है। उज्जैन जिला मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर चिंतामन मार्ग पर मंगरोला गांव में सुरक्षा गार्ड और हथियारबंद किसानों को फसल से भरे खेतों में घूमते हुए देखा जा सकता है जबकि कई संपन्न किसान सीसीटीवी कैमरों की मदद से घर बैठे-बैठे अपने खेतों की निगरानी कर रहे हैं। किसान भरत सिंह बैस ने बताया कि चोर, कई किसानों की उपज हथिया चुके हैं। इसलिए मैं अपने लाइसेंसी हथियार के साथ अपनी 13 बीगा जमीन की रखवाली कर रहा हूं, जिस पर मैंने लहसुन बोया हुआ है। बैस ने कहा कि पिछले दो वर्षों से हमें लहसुन की खेती में भारी नुकसान हुआ है हालांकि इस वर्ष भाग्य ने हमारा साथ दिया। किसानों को फसल के लिए 200 रुपये प्रति किलोग्राम मिल रहे हैं। हमारी लहसुन की फसल अगले 15 दिनों में पक जाएगी इसलिए हम इस तरह अपनी फसल की रखवाली कर रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक मंदसौर जिले में करीब 30 हजार किसान 91 हजार टन लहसुन उगाते हैं। राज्य के रतलाम, छिंदवाड़ा, आगर मालवा, इंदौर, देवास और शाजापुर जिलों में भी लहसुन उगाया जाता है।



लहसुन की फसल को चोरों से बचाने के लिए किसानों ने उठाया कदम

## सार-संक्षेप

### झारखंड से राज्यसभा की दो सीट के लिए चुनाव 21 मार्च को

रांची : झारखंड से राज्यसभा की दो सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव 21 मार्च को होंगे। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। निर्वाचन आयोग ने कहा कि राज्य से दो राज्यसभा सदस्यों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समीर उरांव और कांग्रेस के धीरज प्रसाद साहू का कार्यकाल तीन मई को पूरा होगा, जिसके कारण इन रिक्त सीट को भरने के लिये चुनाव कराने की जरूरत पड़ी है। निर्वाचन आयोग की घोषणा के अनुसार, चुनाव 21 मार्च को होगा, जबकि अधिसूचना चार मार्च को जारी की जाएगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तारीख 11 मार्च है और नाम वापस लेने की तारीख 14 मार्च है। अधिकारी ने बताया कि मतदान 21 मार्च को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक झारखंड विधानसभा परिसर में होगा और मतगणना उसी दिन शाम पांच बजे की जाएगी।

### रामपुर की बेटी श्रीया कथक में चमकी



रामपुर, अमृत विचार : कथक नृत्य में रामपुर की बेटी श्रीया अग्रवाल चमकी हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश में आयोजित खजुराहो नृत्य समारोह में सामूहिक कथक नृत्य में प्रतिभाग किया। शानदार नृत्य की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। यह सामूहिक नृत्य गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया गया है। इसमें 1500 कलाकारों ने एक साथ नृत्य किया। शहर के मोहल्ला बाजार मिस्टन गंज निवासी मनोज कुमार अग्रवाल की बेटी श्रीया अग्रवाल मेरठ की सुभारती यूनिवर्सिटी से मास्टर ऑफ परफार्मिंग आर्ट के अंतिम वर्ष की छात्रा हैं। शुरुआत से ही उनका रुझान नृत्य व कला के क्षेत्र में था। उन्होंने इस क्षेत्र में महारत हासिल करने के लिए शिक्षा शुरू दी। व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल से स्कूली शिक्षा हासिल करने के बाद वह मेरठ चली गईं। इस बीच उन्हें जानकारी मिली कि मध्यप्रदेश में खजुराहो नृत्य समारोह आयोजित हो रहा है। उन्होंने इस समारोह में प्रतिभाग करने का निर्णय लिया। श्रीया ने बताया कि इस नृत्य प्रतियोगिता में 1500 कलाकारों ने प्रतिभाग किया था, जो संपूर्ण विश्व में एक रिकार्ड है। इस वजह से उनका यह नृत्य गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया गया है। श्रीया अग्रवाल बताती हैं कि उनकी कला में माता–पिता का पूर्ण सहयोग मिल रहा है। बेटी की इस कामयाबी से माता पिता और परिजन बेहद खुश हैं।

### एक साथ चुनाव : कोविंद समिति ने प्रगति की समीक्षा की

नई दिल्ली : 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व वाली उच्च स्तरीय समिति ने पिछले साल सितंबर में गठित किये जाने के बाद से इसके द्वारा की गई प्रगति की शनिवार को समीक्षा की। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान में कहा गया है कि समिति ने शनिवार को हुई बैठक में ''अपनी विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की।'' समिति ने पिछले साल सितंबर में अपने गठन के बाद से की गई प्रगति की समीक्षा की। समिति को लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगरपालिकों और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने की पड़ताल और सिफारिश करने का काम सौंपा गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और शिवसेना तथा जनता दल (यूनाइटेड) सहित अन्य दलों ने एक साथ चुनाव कराने की अवधारणा का समर्थन किया है, जबकि कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सहित विपक्षी दलों ने इस विचार को खारिज कर दिया है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1095 डीएमओ 865 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज प्रति कुन्तल** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देसी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग साबूत | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| **किराना** | |
| हल्दी | 135-175 |
| लाल मिर्च | 270-325 |
| काली मिर्च | 660-880 |
| धनिया | 90-125 |
| सुपाड़ी | 525-550 |
| जीरा | 650-660 |
| सौफ | 180-300। |

# प्रधानमंत्री मोदी ने लॉन्च की दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना

नई दिल्ली, एजेंसी

- योजना के तहत 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) में अनाज भंडारण के लिए 11 गोदामों का उद्घाटन किया। ये गोदाम सहकारी क्षेत्र में सरकार की दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना का हिस्सा हैं। इस योजना में 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश शामिल है।

मोदी ने गोदामों और अन्य कृषि बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए देश भर में अतिरिक्त 500 पैक्स की आधारशिला भी रखी। इन पहलों का मकसद नाबार्ड और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) की मदद से पैक्स गोदामों को खाद्यान्न आपूर्ति श्रृंखला के साथ निर्बाध रूप से जोड़ना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सहकारी क्षेत्र एक लचीली अर्थव्यवस्था को आकार देने और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति देने में सहायक है। उन्होंने कहा, 'आज हमने किसानों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण योजना शुरू की है। इसके तहत देश भर में हजारों वेयरहाउस और गोदाम बनाए जाएंगे।' उन्होंने कहा कि इसके तहत 700 लाख टन भंडारण क्षमता बनाई जाएगी।

मोदी ने सहकारी क्षेत्र से आग्रह किया कि वे खाद्य तेलों व उर्वरकों सहित कृषि उत्पादों के लिए आयात निर्भरता कम करने में मदद करें। उन्होंने अफसोस जताया कि देश में भंडारण बुनियादी ढांचे की कमी के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'पिछली सरकारों ने इस समस्या पर कभी ध्यान नहीं दिया, लेकिन आज पैक्स के जरिए इस समस्या का समाधान किया जा रहा है।'

### विकसित भारत के लिए विकसित कृषि जरूरी: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कृषि क्षेत्र का विकसित औार आधुनिक होना आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने प्रगति मैदान के भारत मंडपम में सहकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "कृषि प्रणालियों का आधुनिकीकरण भी विकसित भारत के निर्माण के लिए बराबरी का महत्व रखता है।" उन्होंने कहाकि कृषि और खेती-बाड़ी की नींव को मजबूत करने में सहकारिता व सहयोग की शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। इसीलिए उनकी सरकार ने सहकारिता के लिए एक अलग मंत्रालय बन गया है।

## अब भी सीईओ हूं, बर्खास्तगी की खबर अफवाह: रविंद्रन

**नई दिल्ली।** संकट से जूझ रही शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन ने कर्मचारियों को एक पत्र लिखकर कहा है कि वह सीईओ बने रहेंगे और प्रबंधन में कोई बदलाव नहीं होगा। निवेशकों द्वारा नेतृत्व परिवर्तन के लिए मतदान करने के एक दिन बाद उन्होंने पत्र में शुक्रवार की ईजीएम को तमाशा करार दिया।

कर्मचारियों के लिए यह पत्र महत्वपूर्ण है, क्योंकि बायजू के शेयरधारकों ने शुक्रवार को शिक्षा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप में कथित 'कुप्रबंधन और विफलताओं' के चलते संस्थापक-सीईओ रवींद्रन और उनके परिवार को बोर्ड से हटाने के लिए मतदान किया था। रवींद्रन ने कंपनी संस्थापकों की अनुपस्थिति में की गई वोटिंग को अमान्य और अप्रभावी बताया है।

## अडाणी समूह उबर के साथ कर सकता है कारोबारी करार

नई दिल्ली, एजेंसी

- गौतम अडाणी ने उबर के सीईओ से मुलाकात के बाद दिए संकेत

अरबपति गौतम अडाणी ने शनिवार को उबर के सीईओ दारा खोसरोशाही से मुलाकात की, जो इस समय भारत के दौरे पर हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपने समूह और उबर के बीच भविष्य में सहयोग की संभावना के संकेत भी दिए। सोशल मीडिया मंच एक्स पर दोनों व्यापारिक नेताओं ने भारत की वृद्धि गाथा और उपमहाद्वीप के लिए उनके नजरिए पर चर्चा की।

अडाणी ने एक्स पर एक पोस्ट पर कहा, 'उबर के सीईओ दारा खोसरोशाही के साथ बेहद दिलचस्प बातचीत हुई। भारत में उबर के विस्तार के लिए उनका दृष्टिकोण वास्तव में प्रेरणादायक है, विशेष रूप से भारतीय ड्राइवरों और उनकी गरिमा बढ़ाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता। दारा और उनकी टीम के साथ भविष्य में सहयोग के लिए उत्साहित हूं।' उबर के सीईओ ने कहा कि उन्होंने 'बेहद शानदार बातचीत'' के लिए नाश्ते पर अडाणी समूह के प्रमुख से मुलाकात की। उन्होंने भारत में ईवी रूपांतरण में तेजी लाने के लिए अपनी कंपनी की प्रतिबद्धता का भी जिक्र किया।

अडाणी ने मुलाकात की तस्वीरें भी पोस्ट कीं, लेकिन यह नहीं बताया कि मुलाकात कहां हुई। तस्वीरों से ऐसा लग रहा है कि बैठक अहमदाबाद में हुई थी। दारा ने अडाणी की पोस्ट का जवाब देते हुए लिखा, 'स्वादिष्ट नाश्ते के साथ भारत की अभूतपूर्व वृद्धि और बढ़ती उद्यमशीलता के बारे में गौतम अडाणी के साथ एक बहुत ही शानदार बातचीत हुई।'

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,650-47,850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,200 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,050 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,500 |
| चांदी तैयार | 72,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 714 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,850 |
| चांदी आभूषण | 71,900। |

## जेमिनी संकेतों का जवाब देने में हमेशा भरोसेमंद नहीं: गूगल

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी पर चैटबॉट की प्रतिक्रिया के बाद दी सफाई

सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी गूगल ने कहा है कि उसका एआई चैटबॉट वर्तमान घटनाओं और राजनीतिक विषयों से संबंधित कुछ संकेतों का जवाब देने में हमेशा भरोसेमंद नहीं हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक सवाल के जवाब में एआई टूल 'जेमिनी' की आपत्तिजनक प्रतिक्रिया और पूर्वाग्रह को लेकर गूगल को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

गूगल ने शनिवार को कहा कि उसने इस मुद्दे का समाधान करने के लिए तेजी से काम किया है। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने चेतावनी दी थी कि प्रधानमंत्री से जुड़े एक सवाल पर गूगल के एआई टूल जेमिनी की प्रतिक्रिया आईटी नियमों के साथ ही आपराधिक संहिता के कई प्रावधानों का सीधा उल्लंघन है। एक पत्रकार के सत्यापित खाते से लिखा गया था कि मोदी पर एक सवाल के जवाब में गूगल जेमिनी की प्रतिक्रिया पक्षपात से भरी है। इस पर संज्ञान लेते हुए चंद्रशेखर ने यह बात कही। जेमिनी से जब इसी तरह का सवाल ट्रंप या जेलेंस्की के बारे में पूछा गया, तो उसने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

## एमईएनए देशों को स्वास्थ्यकर्मी भेजने में केरल सबसे आगे: रिपोर्ट

**मुंबई।** भारत से पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीकी (एमईएनए) देशों को स्वास्थ्यकर्मी भेजने के मामले में केरल सबसे आगे हैं। विशेष रूप से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में ऐसा हैं, जहां पिछले साल मांग 3.3 गुना बढ़ी। नौकरी दिलाने में मदद करने वाले मंच हंटर के आंकड़ों के अनुसार केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश एमईएनए देशों में नर्सों, डॉक्टरों और प्रयोगशाला तकनीशियनों सहित स्वास्थ्यकर्मियों को भेजने के लिहाज से अग्रणी हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि केरल से यूएई को स्वास्थ्यकर्मियों का प्रवासन 2023 में बढ़कर 3.3 गुना हो गया।

## भारत एकमात्र अर्थव्यवस्था, जो तेजी से बढ़ रही आगे

मुंबई, एजेंसी

- 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने एक कार्यक्रम को किया संबोधित



सोलहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने शनिवार को कहा कि दुनिया में तूफान लाने के लिए भारत की परिस्थितियां बिल्कुल सही हैं और भारत अब एकमात्र ऐसी अर्थव्यवस्था है, जो मजबूती से आगे बढ़ रही है।

डॉ. पनगढ़िया ने यहां एक निजी टेलीविजन चैनल के आइडियाज ऑफ इंडिया समिट 3.0 में 'द इकोनॉमिक व्हिस्पररः हाउ टू फ्यूल ग्रोथ विद जॉब्स' विषय पर अपने विचार साझा करते हुये भारत और नए भारत के बारे कहा, "1980 के दशक में मैं भारत को लेकर बहुत निराशावादी हुआ करता था। 1991 में हालात बदल गए। रुझान उदारीकरण की ओर हो गया। यदि हम कोविड काल को हटा दें, तो पिछले 20 वर्षों में वास्तविक डॉलर में लगभग 8.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसकी हम 1980 के दशक में कल्पना भी नहीं कर सकते थे।' उन्होंने कहा कि बेरोजगारी वास्तव में भारत के लिए कोई समस्या नहीं है। अल्परोजगार है, चुनौती अच्छी तनख्वाह वाली, उच्च उत्पादकता वाली नौकरियां पैदा करने की है। जनसंख्या बड़ी है और जनसंख्या युवा है। यह हमारी मदद करेगा। हमारे पास उस तरह का निर्भरता अनुपात नहीं है, जैसा चीन के पास है।

डॉ. पनगढ़िया ने कहा, "हम एक श्रम प्रचुर देश और पूंजी की कमी वाला देश हैं। हमने अपनी अधिकांश पूंजी कुछ चुनिंदा पूंजी-गहन क्षेत्रों में लगाई है। बहुत सारे कर्मचारी कृषि और एमएसएमई जैसे क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, जिनमें बहुत कम पूंजी है।"

# राष्ट्रीय

# मंदिरों पर टैक्स लगाने का विधेयक विधान परिषद में गिरा

## कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस को झटका, विपक्षी भाजपा-जद (एस) गठबंधन ने विरोध में किया मतदान

बेंगलुरु, एजेंसी



कर्नाटक में 10 लाख से अधिक वार्षिक आय वाले मंदिरों से कोष एकत्र करने संबंधी कांग्रेस सरकार का एक विधेयक विधान परिषद में विपक्षी भाजपा-जद (एस) गठबंधन के चलते गिर गया।

कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक 2024 को इस सप्ताह की शुरुआत में विधानसभा से मंजूरी मिल गई थी। शुक्रवार को उच्च सदन में ध्वनिमत से विधेयक गिर गया, जहां विपक्षी दलों के पास बहुमत है।

विधेयक में 10 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये के बीच वार्षिक आय वाले मंदिरों से पांच प्रतिशत और एक करोड़ रुपये से अधिक आय वाले मंदिरों से 10 प्रतिशत राशि एकत्रित करने का प्रस्ताव है। विधेयक में कहा गया है कि एकत्रित धन को 'राज्य धार्मिक परिषद' द्वारा प्रशासित एक साझा कोष में डाला जाएगा, जिसका उपयोग पांच लाख से कम आय वाले 'सी' श्रेणी के मंदिरों (राज्य नियंत्रित) के अर्चकों (पुजारियों) के कल्याण के लिए किया जाएगा।

विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष कोटा श्रीनिवास पुजारी ने पुजारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के कदम का स्वागत किया। हालांकि मंदिरों द्वारा अर्जित राजस्व के दुरुपयोग का विरोध किया। उन्होंने सवाल किया कि सरकार उनके कल्याण के लिए बजट के तहत धन क्यों नहीं दे सकती। विपक्ष ने विधेयक में मंदिर समिति के अध्यक्ष को सरकार द्वारा मनोनीत करने के प्रस्ताव का भी विरोध किया। 'मुजराई' मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने विपक्ष को समझाने की कोशिश करते हुए सदन को आश्वासन दिया कि सरकार मंदिर समिति के अध्यक्ष के मनोनयन में हस्तक्षेप नहीं करेगी और मंदिरों से साझा कोष में दी जाने वाली प्रस्तावित राशि को भी कम करेगी।

विपक्ष ने विधेयक पारित करने से पहले इसमें संशोधन किए जाने पर जोर दिया, जिसको देखते हुए रेड्डी ने सोमवार तक का समय मांगा और कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के साथ इस पर चर्चा करने की जरूरत है, क्योंकि इसमें वित्तीय निहितार्थ शामिल हैं। हालांकि, सभापति के रूप में मौजूद उप सभापति एमके प्रणेश ने सोमवार तक का समय न देते हुए कहा कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, क्योंकि सदन पहले ही विधेयक पर विचार कर चुका है। इसके बाद विधेयक पर मतदान हुआ और यह विपक्षी भाजपा-जद(एस) गठबंधन के संख्या बल की वजह से गिर गया। भाजपा ने इस विधेयक के बाद कांग्रेस पर हिंदू विरोधी होने के आरोप लगाए हैं, जबकि इन आरोपों को खारिज करते हुए कांग्रेस ने कहा है कि यह एक्ट पहली बार 2003 में ही लाया गया था। वहीं राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा है कि भाजपा इस बारे में भ्रांति फैला रही है।

### विधान परिषद में राजग का संख्या बल ज्यादा

कर्नाटक विधान परिषद में राजग यानी भाजपा के गठबंधन के पास सत्ताधारी कांग्रेस से अधिक संख्या बल है। कांग्रेस के 30 एमएलसी हैं, जबकि भाजपा के 35 एमएलसी हैं। इसके अलावा 8 एमलसी भाजपा की गठबंधन सहयोगी जेडीएस के हैं। कर्नाटक में लाए जा रहे 'कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती संशोधन विधेयक 2024' कानून के तहत सरकार सालाना एक करोड़ से अधिक आय वाले मंदिरों से आय पर दस प्रतिशत टैक्स ले सकेगी, जबकि दस लाख से एक करोड़ तक की आय वाले मंदिरों से 5 प्रतिशत टैक्स लिया जा सकेगा।

## शरद पवार ने अपनी पार्टी के चुनाव चिह्न का किया अनावरण

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार ने अपने नेतृत्व वाले पार्टी के गुट के चुनाव चिह्न 'तुरहा (पारंपरिक तुरही) बजाते हुए आदमी' का शनिवार को अनावरण किया और इसे लोगों के कल्याण के लिए एक नया संघर्ष शुरू करने और उनके उत्थान के वास्ते काम करने वाली सरकार बनाने के लिए प्रेरणा बताया।

अजित पवार और आठ अन्य विधायकों के पिछले वर्ष जुलाई में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हो जाने के बाद शरद पवार नीत राकांपा विभाजित हो गई थी। बाद में निर्वाचन आयोग ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को असल राकांपा घोषित किया था और उसे पार्टी का चिह्न 'घड़ी' आवंटित किया था।

## भ्रष्टाचार छिपाने को आप ने कांग्रेस के सामने टेके घुटने

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा ने दोनों पार्टियों के गठजोड़ को भ्रष्टाचारियों का गठबंधन बताया



भाजपा ने कांग्रेस-आप गठजोड़ की आलोचना करते हुए शनिवार को इसे भ्रष्टाचारियों का गठबंधन करार दिया और कहा कि आप ने भ्रष्टाचार छिपाने के लिए कांग्रेस के सामने घुटने टेक दिए। यह (गठजोड़) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का किसी भी तरह से मुकाबला नहीं कर पाएगा।

केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी और भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिन राज्यों में यह गठजोड़ किया गया है चाहे वह गुजरात, हरियाणा, चंडीगढ़, गोवा या दिल्ली हो, भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनावों में 50 प्रतिशत से अधिक वोट मिले थे। लेखी ने अतीत में कांग्रेस के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के कई आरोपों का हवाला देते हुए कहा कि यह भ्रष्ट गठबंधन उन लोगों के खिलाफ सफल नहीं होगा, जो जनता की सेवा करने के लिए जाने जाते हैं। लेखी ने कहा कि केजरीवाल न केवल 2004-14 के दौरान केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार के अधिकांश मंत्रियों पर भ्रष्ट होने का आरोप लगाते थे, बल्कि उन्होंने दिवंगत राजीव गांधी से भारत रत्न सम्मान वापस लेने की भी मांग की थी।

### एक नजर

#### तमिलनाडु में कांग्रेस की विधायक विजयधरानी भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में लगातार तीन बार से विधायक कांग्रेस की नेता एस. विजयधरानी शनिवार को भाजपा में शामिल हो गईं और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। विजयधरानी के भाजपा में शामिल होने को पार्टी के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि वह राज्य में अपना जनाधार बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। विजयधरानी कन्याकुमारी लोकसभा क्षेत्र की विलावनकोड सीट से विधायक हैं। भाजपा कन्याकुमारी से अतीत में लोकसभा चुनाव जीत चुकी हैं।

#### पहलवान से दुष्कर्म के आरोप में कोच गिरफ्तार

**जींद।** जिले में नाबालिग कुश्ती पहलवान के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक कोच को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान सुनील के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि पीड़िता ने 22 फरवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि खेल अकादमी में कोच सुनील के पास कुश्ती का अभ्यास करती थी। गत 7 व 8 फरवरी को कोच उसे गांव मिर्चपुर में आयोजित प्रतियोगिता में ले गया। उसने 8 फरवरी को वापसी के दौरान कोच ने गाड़ी में उससे दुष्कर्म किया।

## प्रधानमंत्री 27 फरवरी को केरल की यात्रा पर आएंगे

**तिरुवनंतपुरम।** लोकसभा चुनाव से पहले केरल में राजनीतिक पैठ मजबूत करने की भाजपा की कोशिशों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 फरवरी को राज्य की यात्रा पर आ रहे हैं। यह इस साल राज्य की उनकी तीसरी यात्रा है। मोदी आधिकारिक कार्यक्रम के लिए मंगलवार को केरल राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम पहुंचेंगे। वह भाजपा की राज्य इकाई द्वारा आयोजित 'पदयात्रा' के समापन समारोह में भाग लेंगे।

## बरकती व उसकी पत्नी के खिलाफ चार्जशीट

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने गैरकानूनी गतिविधियों और आतंकवादी वित्तपोषण के एक मामले में सरजन अहमद वागे उर्फ सरजन बरकती, उसकी पत्नी और अब पाकिस्तान में सक्रिय एक आतंकवादी के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया। शोपियां के ज़ैनापोरा के निवासी सरजन बरकती और एक प्रमुख क्लर्क पर हिजबुल मुजाहिदीन कमांडर बुरहान वानी के निष्कासन के बाद 2016 की अशांति में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन आयोजित करने का आरोप लगाया गया था। एसआईए की कश्मीर इकाई ने बरकती, उसकी पत्नी शबरोजा बानो और हिजबुल मुजाहिदीन के एक सक्रिय आतंकी अब्दुल हामिद लोन के खिलाफ कुलगाम में विशेष यूएपीए अदालत के समक्ष शुक्रवार को आरोप पत्र पेश किया, जो पाकिस्तान में स्थित है और फरार है।

## झारखंड में माओवादियों ने मुखबिरी के शक में एक शख्स की हत्या की

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में माओवादियों ने पुलिस का मुखबिर होने के संदेह में 35 वर्षीय एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना टोंटो थाना क्षेत्र के बंदाबेड़ा गांव में शुक्रवार देर रात घटी। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि जितेन लागुरी नामक व्यक्ति के शुक्रवार शाम को घर लौटने के बाद नक्सलियों का एक समूह उनके घर पर पहुंचा और गोली मारकर उनकी हत्या कर दी।

## सिंघू और टीकरी बॉर्डर को खोला जाएगा

**नई दिल्ली।** किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च के मद्देनजर दिल्ली-हरियाणा सीमा पर सिंघू और टीकरी सीमा मार्गों को करीब दो सप्ताह तक बंद रखने के बाद प्रशासन ने शनिवार को उन्हें आंशिक रूप से खोलने की प्रक्रिया शुरू की। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सिंघू सीमा मार्ग के 'सर्विस लेन' और टीकरी सीमा मार्ग के एक लेन को खोला जा रहा है, ताकि वाहनों की आवाजाही हो सके। सिंघू और टीकरी सीमा मार्गों के खुलने से दिल्ली से हरियाणा जाने वाले वालों को बहुत राहत मिलेगी। इन दोनों सीमा मार्गों को 13 फरवरी को सील कर दिया गया था, क्योंकि पंजाब से प्रदर्शनकारी किसानों ने फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी तथा कृषि ऋण माफी समेत अपनी मांगों पर दबाव डालने के लिए अपना 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू किया था।

### एडीआर ने विश्लेषण के बाद दी जानकारी

## राज्यसभा के 36% प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा चुनाव के 36 फीसदी उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जबकि विश्लेषण किए गए उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 127.81 करोड़ रुपये है। चुनाव अधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) ने यह जानकारी दी।

एडीआर और 'नेशनल इलेक्शन वॉच' ने 15 राज्यों की 56 सीटों के लिए मैदान में उतरे 59 उम्मीदवारों में से 58 के हलफनामों का विश्लेषण किया। राज्यसभा चुनाव 27 फरवरी को होंगे। एडीआर के विश्लेषण के अनुसार, भाजपा के 30 उम्मीदवारों में से आठ (27 प्रतिशत), कांग्रेस के नौ उम्मीदवारों में से छह (67 प्रतिशत), तृणमूल कांग्रेस के चार उम्मीदवारों में से एक (25 प्रतिशत), सपा उम्मीदवारों में से एक (33 प्रतिशत), वाईएसआर कांग्रेस के तीन उम्मीदवारों में से एक (33 प्रतिशत) और राजद के दो उम्मीदवारों में से एक (50 प्रतिशत) प्रत्याशी के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज है। इसके अलावा इनमें से 17 प्रतिशत उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं।

## वोटर्स को चुनावी वादों के पूरा होने के बारे में जानने का हक: सीईसी

**चेन्नई।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने शनिवार को कहा कि मतदाताओं को राजनीतिक दलों द्वारा किए गए चुनावी वादों को पूरा करने की व्यवहार्यता के बारे में जानने का अधिकार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मामला विचाराधीन है।

कुमार ने कहा कि राजनीतिक दलों को अपने चुनाव घोषणापत्रों में वादे करने का अधिकार है और मतदाताओं को यह जानने का अधिकार है कि क्या ये व्यावहारिक हैं और इन कार्यक्रमों को कैसे वित्त पोषित किया जा सकता है। राजीव कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने पार्टियों को अपने चुनावी वादों को बताने के लिए एक 'प्रारूप' तैयार किया है।

## असम में मुस्लिम विवाह अधिनियम खत्म

गुवाहाटी, एजेंसी

- राज्य कैबिनेट ने दी मंजूरी दी, विपक्ष ने सरकार के फैसले को बताया मुस्लिम विरोधी



असम मंत्रिमंडल ने बाल विवाह को समाप्त करने के लिए असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 को रद करने की मंजूरी दे दी है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, 'इस अधिनियम में ऐसी स्थिति में भी विवाह पंजीकरण की अनुमति दिए जाने के प्रावधान शामिल हैं, जब वर की आयु 21 वर्ष और वधू की आयु 18 वर्ष न हो, जो कि विवाह के लिए वैध आयु होती है। यह कदम (कानून को निरस्त किया जाना) राज्य में बाल विवाह पर रोक लगाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।'

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कानून को निरस्त किए जाने पर जिला आयुक्तों और जिला रजिस्ट्रार को इस समय 94 मुस्लिम विवाह रजिस्ट्रार के पास मौजूद 'पंजीकरण रिकॉर्ड को अपने संरक्षण' में लेने के लिए अधिकृत किया जाएगा

### यह यूसीसी की ओर पहला कदम: अजमल



**गुवाहाटी।** एआईयूडीएफ अध्यक्ष बदरुद्दीन अजमल ने शनिवार को दावा किया कि असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 को निरस्त करना समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लाने की दिशा में पहला कदम है, लेकिन यह राज्य में भाजपा सरकार की ताबूत में आखिरी कील साबित होगा। अजमल ने कहा, 'वे मुसलमानों को भड़काने और मतदाताओं को ध्रुवीकृत करने की कोशिश कर रहे हैं।'

## मध्य प्रदेश में ट्रक से लहसुन की लूट, 11 बदमाश गिरफ्तार

**बड़वानी।** जिले के सेंधवा ग्रामीण थाना क्षेत्र में ट्रक से ले जा रहे लहसुन लूटने के मामले में पुलिस ने महाराष्ट्र के 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बड़वानी के पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद ने लहसुन से भरे ट्रक की डकैती के मामले में अंतर्राज्यीय गैंग के 11 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। पुनीत ने बताया कि देर रात आगरा मुंबई हाईवे पर लहसुन से भरे वाहन को 15 हथियार बंद लोगों ने अपना ट्रक अड़ाकर रोका था। इसके बाद कांच तोड़ते हुए उसके ड्राइवर को उतार कर उसके हाथ पैर बांध दिए थे। उसे अपने वाहन में मारपीट करते हुए 2 घंटे तक घुमाते रहे। आरोपियों ने उससे 15 हजार रुपये छीन कर नेशनल हाईवे पर छोड़ दिया था।

## खेल डायरी

### सुमित नागल को दुबई चैंपियनशिप के मुख्य ड्रा के लिए वाइल्डकार्ड मिला



**दुबई, एजेंसी।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल को एटीपी 500 टूर्नामेंट दुबई चैंपियनशिप के मुख्य ड्रा के लिए वाइल्डकार्ड मिला है। टूर्नामेंट के क्वालीफायर शनिवार को शुरू हो गए और मुख्य ड्रा के मैच सोमवार से आरंभ होंगे। नागल का सामना पहले दौर में इटली के लोरेंजो सोनेगो से होगा, जिनकी मौजूदा विश्व रैंकिंग 49 है। इस 26 साल के भारतीय का यह साल शानदार रहा है, उन्होंने पिछले महीने आस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई किया था, जिसमें वह कजाखस्तान के एलेक्जैंडर बुबलिक को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे थे। वह 1989 के बाद ग्रैंडस्लैम में वरीय खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बने थे। इस महीने नागल ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 98 रैंकिंग हासिल की थी लेकिन पिछले हफ्ते एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट चेन्नई ओपन जीतने के बावजूद 101वें स्थान पर खिसक गये थे। दुबई चैम्पियनशिप में रूस के दानिल मेदवेदेव शीर्ष वरीय हैं।

### कैमरन नोरी रियो ओपन के सेमीफाइनल में

**रियो डी जनेरियो, एजेंसी।** गत चैंपियन कैमरन नोरी ने ब्राजील के थियागो सेबोथ वाइल्ड को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में पराजित करके रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त नोरी ने वाइल्ड को हराया। सेमी फाइनल में उनका सामना अर्जेंटीना के मरियानो नवोन से होगा जिन्होंने ब्राजील के जोआओ फोंसेका को हराया। इससे पहले अर्जेंटीना के दो खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में वह एक दूसरे के आमने-सामने होंगे। चौथी वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने सर्बिया के दुसान लाजोविच को हराया। सेमीफाइनल में उनके प्रतिद्वंद्वी सेबेस्टियन बेज़ होंगे, जिन्होंने ब्राजील के थियागो मोंटेइरो को पराजित किया।

### कलिंस्काया दुबई ओपन के फाइनल में

**दुबई, एजेंसी।** क्वालीफायर अन्ना कलिंस्काया ने इगा स्वियातेक को उलटफेर का शिकार बनाकर दुबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। कलिंस्काया ने स्वियातेक को सीधे सेटों में पराजित किया। यह एक वर्ष में पहला अवसर है जबकि स्वियातेक को सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। कलिंस्काया पहली क्वालीफायर हैं जिन्होंने शीर्ष 10 में शामिल तीन खिलाड़ियों को हराकर दुबई ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले उन्होंने येलेना ओस्टापेंको और कोको गाफ को हराया था। कलिंस्काया फाइनल में इटली की विश्व में 26वें नंबर के खिलाड़ी जैसमीन पाओलिनी से भिड़ेगी। पाओलिनी ने सेमीफाइनल में सोराना क्रिस्टिया को हराया।

### जेडन शॉ के दो गोल, अमेरिका ने गोल्ड कप में अर्जेंटीना को 4-0 से रौंदा



**कार्सन (अमेरिका), एजेंसी।** जेडिन शॉ के दो गोल से अमेरिका ने शुक्रवार रात कोनकाकॉफ महिला गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अर्जेंटीना को 4-0 से शिकस्त दी। अमेरिका ने पहले 20वें मिनट तक 3-0 से बढ़त बना ली थी। उसके लिए 19 साल की शॉ ने 10वें और 18वें मिनट में गोल दागे जबकि अनुभवी एलेक्स मोर्गन ने 19वें मिनट में हेडर के जरिए तीसरा गोल किया। टीम के लिए अंतिम गोल लिंडसे होरान ने 77वें मिनट में पेनल्टी किक पर दागा। अमेरिका अब ग्रुप चरण के अंतिम मैच में सोमवार को मेक्सिको के सामने होगा, जिसने डोमिनिक गणराज्य को 8-0 से मात दी।

# स्पिन में फंसा भारत, बढ़त के करीब इंग्लैंड

## चौथे टेस्ट के दूसरे दिन भारत की पहली पारी लड़खड़ाई, 219 रन पर गवांए 7 विकेट

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला**

**रांची, एजेंसी**

शोएब बशीर (84 रन देकर 4 विकेट) और टॉम हार्टली (47 रन देकर 2 विकेट) ने भारतीय बल्लेबाजों को अपने स्पिन में फंसाकर इंग्लैंड को चौथे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को पहली पारी में बढ़त हासिल करने की तरफ अग्रसर किया। भारत ने इंग्लैंड के पहली पारी के 353 रन के जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 7 विकेट पर 219 रन बनाए।

भारत अभी इंग्लैंड से 134 रन पीछे है। यशस्वी जायसवाल को छोड़कर अन्य बल्लेबाजों को स्पिनरों के लिए सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई। जायसवाल ने 117 गेंद पर 73 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और 1 छक्का है। वह 55 रन पर पहुंचते ही 1 टेस्ट श्रृंखला में 600 या इससे अधिक रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बल्लेबाज बने। उन्होंने दो मैच में दोहरे शतक जमाए थे। भारत का स्कोर एक समय 7 विकेट पर 177 रन था, लेकिन इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल (58 गेंद पर नाबाद 30) और कुलदीप यादव (72 गेंद पर नाबाद 17) ने दिन के बाकी बचे 17.4 ओवर में कोई झटका नहीं लगने दिया। दोनों ने आठवें विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी की है। भारत ने पहले सत्र में कप्तान रोहित शर्मा (02) तथा दूसरे सत्र में शुभमन गिल (38), रजत पाटीदार (17) और रविंद्र जडेजा (12) के विकेट गंवाए। इंग्लैंड की तरफ से दूसरे सत्र में तीनों विकेट बशीर ने लिए। जायसवाल, सरफराज खान (14) और रविचंद्रन अश्विन (01) तीसरे सत्र में पवेलियन लौटे। इससे पहले इंग्लैंड की पारी का आकर्षण जो रूट का शतक रहा। वह 274 गेंद पर 10 चौकों की मदद से 122 रन बनाकर नाबाद रहे।

उन्होंने ओली रॉबिंसन (96 गेंद पर 58 रन) के साथ आठवें विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी की। भारत के जडेजा ने 67 रन देकर 4 विकेट लिए। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में ही रोहित का विकेट गंवा दिया। जेम्स एंडरसन की ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद रोहित के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर बेन फॉक्स के दस्तानों में समा गई। जायसवाल ने गिल के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की लेकिन 44 रन के अंदर 3 विकेट गंवाने से भारत फिर बैकफुट पर चला गया।

गिल शुरू में सतर्कता बरतने के बाद जब अपने अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे थे तब बशीर की गेंद पर अंपायर ने उन्हें पगबाधा आउट दे दिया। जायसवाल जब 40 रन पर थे तब कप्तान बेन स्टोक्स ने उन्हें जीवनदान दिया। इस बल्लेबाज ने इसके बाद रॉबिंसन के खिलाफ कदमों का अच्छा इस्तेमाल किया और बशीर पर छक्का भी जमाया। पाटीदार फिर से मौके का फायदा उठाने में असफल रहे। वह बशीर की गेंद पर पगबाधा आउट होने से पहले अपनी पारी के दौरान किसी भी समय सहज नहीं दिखे। जडेजा ने हार्टली पर लगातार दो छक्के लगाए लेकिन बशीर ने अगले ओवर में उन्हें ओली पोप के हाथों कैच करा दिया।

बशीर ने जायसवाल को बड़ी पारी नहीं खेलने दी और नीची रहती गेंद पर उन्हें बोल्ड करके भारत को करारा झटका दिया। अपने पदार्पण टेस्ट मैच की दोनों पारियों में अर्धशतक जड़ने वाले सरफराज को भी रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। हार्टली की गेंद पर रूट ने स्लिप में उनका शानदार कैच लिया। हार्टली ने अश्विन को भी ज्यादा देर तक नहीं टिकने दिया। इंग्लैंड ने सुबह अपनी पहली पारी 7 विकेट पर 302 रन से आगे बढ़ाई।

जडेजा ने पहले सत्र में बाकी बचे तीन विकेट लेकर भारत को वापसी दिलाई। रूट के शतक और रॉबिंसन के अपने करियर के पहले अर्धशतक की मदद से इंग्लैंड पहले दिन लंच तक 112 रन पर 5 विकेट गंवाने के बावजूद चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रहा। इंग्लैंड ने इसके बाद 241 रन जोड़े।





### यशस्वी एक टेस्ट श्रृंखला में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले 5वें भारतीय



**रांची, एजेंसी**

यशस्वी जायसवाल शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे मैच के दूसरे दिन एक टेस्ट श्रृंखला में 600 या इससे ज्यादा रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बन गए। पिछले साल वेस्टइंडीज दौरे पर पदार्पण करने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज जायसवाल ने मौजूदा 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला में अपनी सातवीं पारी के दौरान यह उपलब्धि अंतिम सत्र में शोएब बशीर पर एक रन लेकर नाबाद 55 रन तक पहुंचने के बाद हासिल की। जायसवाल ने मौजूदा श्रृंखला के दूसरे और तीसरे टेस्ट में दो दोहरे शतक जमाये हैं। इस तरह 22 साल का यह खिलाड़ी एक टेस्ट श्रृंखला में 600 से ज्यादा रन बनाने के कारनामे में भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़ और दिलीप सरदेसाई के साथ शामिल हो गया। पूर्व भारतीय कप्तान गावस्कर, कोहली और द्रविड़ ने अपने करियर में एक टेस्ट श्रृंखला में दो बार 600 से ज्यादा रन बनाए। वहीं सरदेसाई ने यह उपलब्धि 1970-71 में वेस्टइंडीज में हुई श्रृंखला में हासिल की थी। गावस्कर ने 1970-71 की इस श्रृंखला में ही 4 शतक और तीन अर्धशतकों से 774 रन जुटाकर एक टेस्ट श्रृंखला में किसी भारतीय बल्लेबाज का सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया था। गावस्कर ही एकमात्र भारतीय हैं जो एक टेस्ट श्रृंखला में दो मौकों पर 700 से ज्यादा रन जुटा सके हैं। 'लिटिल मास्टर' ने 1978-79 में वेस्टइंडीज के भारत दौरे पर चार शतक और एक अर्धशतक से छह टेस्ट में 732 रन बनाये थे। एक टेस्ट श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन के नाम है जिन्होंने 1930 में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट में चार शतकों से 974 रन बनाए थे।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड (पहली पारी) | 353/10 (104.5 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जाक क्रॉली बो आकाश दीप | 42 | 42 | 6/1 |
| बेन डकेट का जुरेल बो आकाश दीप | 11 | 21 | 1/0 |
| ओली पोप पगबाधा बो आकाश दीप | 00 | 02 | 0/0 |
| जो रूट नाबाद | 122 | 274 | 10/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो अश्विन | 38 | 35 | 4/1 |
| बेन स्टोक्स पगबाधा बो जडेजा | 03 | 06 | 0/0 |
| बेन फोक्स का जडेजा बो सिराज | 47 | 126 | 4/1 |
| टॉम हार्टली बो सिराज | 13 | 26 | 1/1 |
| ओली रॉबिनसन का जुरेल बो जडेजा | 58 | 96 | 9/1 |
| शोएब बशीर का पाटीदार बो जडेजा | 00 | 02 | 0/0 |
| जेम्स एंडरसन पगबाधा बो जडेजा | 00 | 04 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 19, **विकेट पतन:** 1-47, 2-47, 3-57, 4-109, 5-112, 6-225, 7-245, 8-347, 9-349, 10-353, **गेंदबाजी:** मोहम्मद सिराज 18-3 -78-2, आकाश दीप 19-0-83-3, रवीन्द्र जड़ेजा 32 .5-7-67-4, रविचंद्रन अश्विन 22-1-83-1, कुलदीप यादव 12-4 -22-0, यशस्वी जायसवाल 1-0 -6-0

| भारत (पहली पारी) | 219/7 (73 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी जायसवाल बो बशीर | 73 | 117 | 8/1 |
| रोहित शर्मा का फोक्स बो एंडरसन | 02 | 09 | 0/0 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो बशीर | 38 | 65 | 6/0 |
| रजत पाटीदार पगबाधा बो बशीर | 17 | 42 | 4/0 |
| रविंद्र जडेजा का पोप बो बशीर | 12 | 12 | 0/2 |
| सरफराज खान का रूट बो हार्टले | 14 | 53 | 1/0 |
| ध्रुव जुरेल खेल रहे हैं | 30 | 58 | 2/1 |
| रविचंद्रन अश्विन पगबाधा बो हार्टले | 01 | 13 | 0/0 |
| कुलदीप यादव खेल रहे हैं | 17 | 72 | 1/0 |

**अतिरिक्त:** 15, **विकेट पतन:** 1-4, 2-86, 3-112, 4-130, 5-161, 6-171, 7-177, **गेंदबाजी:** एंडरसन 12-4-36-1, रोबिन्सन 9-0-39-0, बशीर 32-4-84-4, हार्टले 19-5-47-2, रूट 1-0-1-0

### कुक ने 'बैजबॉल' शैली के विपरीत अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए रूट की प्रशंसा की

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक ने 'बैजबॉल' शैली के विपरीत अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए जो रूट की प्रशंसा की। रूट पहले तीन मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन रांची में चल रहे चौथे टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने नाबाद 122 रन बनाए, जिससे इंग्लैंड 5 विकेट पर 112 रन के स्कोर से उबरकर 353 रन बनाने में सफल रहा। कुक ने कहा कि जो रूट ने अपने बेसिक्स पर लौटकर बल्लेबाजी की। आप जो रूट जैसे बल्लेबाज से इसी तरह के शॉट की उम्मीद करते हैं। उनके रिवर्स स्कूप को लेकर काफी चर्चा हुई, लेकिन रूट ने यह पारी अपने विशिष्ट अंदाज में खेली। उन्होंने कहा कि यह सामान्य से थोड़ा धीमी पारी थी लेकिन वह अपनी पूरी लय में थे। जब वह लय में होते हैं तो फिर रोहित की तरह उनके लिए बल्लेबाजी करना आसान हो जाता है।

# आशा की स्पिन से यूपी चकराया, आरसीबी दो रन से जीता

**बेंगलुरु, एजेंसी**

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष (62) और सब्बीनेनी मेघना (53) के अर्धशतकों के बाद शोभना आशा के 5 विकेट से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) महिला टीम ने शनिवार को लीग मैच में यूपी वारियर्स को 2 रन से मात दी।

मेघना ने 44 गेंद की पारी के दौरान 7 चौके और 1 छक्का जबकि ऋचा ने 37 गेंद की पारी में 12 चौके मारे। दोनों ने तब चौथे विकेट के लिए 71 रन की सांझेदारी की। टीम ने बल्लेबाजी के न्योते के बाद 7.5 ओवर में 54 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे, जिससे आरसीबी ने 6 विकेट पर 157 रन बनाए। जवाब में यूपी वारियर्स की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 155 रन ही बना सकी। श्रेयांका पाटिल ने 18वें ओवर में 14 रन लुटाए। इससे अंतिम दो ओवर में यूपी को जीत के लिए 12 गेंद में 16 रन बनाने थे, लेकिन 19वें ओवर में टीम ने एक विकेट गंवा दिया और 5 रन ही बना सकी। अब अंतिम ओवर में 11 रन की दरकार थी और 8 रन ही बन सके। ग्रेस हैरिस (38) शीर्ष स्कोरर रहीं। हैरिस और श्वेता सहरावत (31) ने चौथे विकेट के लिए 77 रन की सांझेदारी की। ये दोनों विकेट गिरते टीम की लय टूट गई। आरसीबी के लिए शोभना ने 22 रन देकर 5 विकेट लिए। सोफी मोलिनूक्स और जॉर्जिया वारेहम ने एक-एक विकेट झटके। मेघना और ऋचा दोनों ने हालात के अनुसार खेल जारी और क्रीज पर जमने के बाद टीम को संकट से निकाला। मेघना को 20 और 22 रन पर जीवनदान मिला। उन्होंने मैदान के चारों ओर शानदार शॉट लगाए। बाएं हाथ की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ पर उनका एक्स्ट्रा कवर में लगाया गया छक्का शानदार रहा। मेघना ने 40 गेंद में अर्धशतक बनाया। ऋचा ने साइमा ठाकोर पर 14वें ओवर में 16 रन जड़ दिए और तहलिया मैकग्रा पर चौके से 31 गेंद में पचासे तक पहुंच गईं। राजेश्वरी ने इस भागीदारी का अंत किया। उनकी गेंद पर मेघना को एलिसा हीली ने स्टंप आउट किया। इन दोनों के अलावा कप्तान स्मृति मंधाना (13 रन) ही दोहरे अंक तक पहुंच सकीं। सोफी डेविने और एलिसे पैरी कोई कमाल नहीं कर सकीं।





### जीत के लिए संघर्ष



फ्रांस के ल्योन में फ्रांस और जर्मनी के बीच शनिवार को खेले जा रहे नेशंस लीग महिला सेमीफाइनल फुटबॉल मैच के दौरान जर्मनी की मरीना हेगरिंग के साथ गेंद के लिए चुनौती पेश करतीं फ्रांसे की कादि दियातोउ डायनी।

## बॉलीवुड हलचल

### हर्ष और प्रणव का जय जय राम रिलीज




**मुंबई, एजेंसी।** भगवान श्रीराम चन्द्र की जय जयकार करता हुआ भजन जय जय राम रिलीज़ हो गया है। भजन जय जय राम प्रणव वत्स ने लिखा है और संगीत कम्पोजिशन हर्ष उपाध्याय ने दिया है। इस भजन का कोरस राहुल चिटनीस, विवेक नाइक, सन्तोष बोटे, और सागर लेले ने गाया है। इस भजन में प्रयुक्त अतिरिक्त पंक्तियों को श्रुति शुक्ला ने कलमबद्ध किया है। वाइब म्यूजिक और एंटरटेनमेंट प्रेजेंट्स हर्ष उपाध्याय और जय मवानी द्वारा निर्मित इस भजन का वोकल सुकृति भारद्वाज और जय मवानी ने डिजाइन किया है। भजन जय जय राम के यूट्यूब के रिलीज टॉपिक चैनल पर सुना जा सकता है।

### संजय लीला भंसाली ने मनाया 61वां जन्मदिन



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार संजय लीला भंसाली आज 61 वर्ष के हो गए। 24 फरवरी 1963 को मुंबई में जन्में संजय लीला भंसाली ने अपने करियर की शुरुआत विदु विनोद चोपड़ा के सहायक के तौर पर की। भंसाली ने विदु विनोद चोपड़ा की फिल्म परिन्दा, 1942 अ लव स्टोरी और करीब में सहायक निर्देशक के तौर पर काम किया। बतौर स्वतंत्र निर्देशक संजय लीला भंसाली ने अपने करियर की शुरुआत 1996 में प्रदर्शित फिल्म खामोशी से की। इस फिल्म में नाना पाटेकर, सलमान खान और मनीषा कोइराला ने मुख्य भूमिकायें निभायी थी। यूं तो फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नही दिखा सकी लेकिन संजय लीला भंसाली ने अपने बेहतरीन निर्देशन के जरिये दर्शकों के साथ हीं समीक्षकों का भी दिल जीत लिया। वर्ष 1999 में प्रदर्शित फिल्म हम दिल दे चुके सनम संजय लीला भंसाली के करियर की पहली सुपरहिट साबित हुयी। इस फिल्म में भी संजय लीला भंसाली ने सलमान खान का चुनाव किया। फिल्म में सलमान खान के अलावा ऐश्वर्या राय और अजय देवगन ने मुख्य भूमिका निभायी थी।

### दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करेंगी जाह्नवी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू को लेकर उत्साहित है। जाह्नवी कपूर एनटीआर जूनियर की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'देवरा : भाग 1' के जरिए दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करने जा रही है। यह फिल्म कोराताला शिव द्वारा निर्देशित और युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित और नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत की गई है। जाह्नवी कपूर फिल्म 'देवरा : भाग 1' के जरिए दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू को लेकर उत्साहित है। जाह्नवी कपूर ने बताया कि उन्हें बहुत खुशी है कि वह इस फिल्म का हिस्सा हैं क्योंकि इस फिल्म के जरिए वह केवल अपनी जड़ों के करीब आ रही हैं और तेलुगु सीख रही हैं।

### सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएगी वरुण धवन-जाह्नवी कपूर की जोड़ी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की जोड़ी फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएगी। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर ने अपनी अगली फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की घोषणा कर दी है। इस फिल्म में वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की मुख्य भूमिका होगी।इस फिल्म में वरुण धवन 'सनी संस्कारी' के किरदार में नजर आएंगे। जाह्नवी कपूर फिल्म में 'तुलसी कुमारी' का किरदार अदा करेंगी। फिल्म का टाइटल शेयर करने के साथ ही मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, अपनी कुमारी को लेने के लिए संस्कारी आ रहा है। ये लव स्टोरी आपका मनोरंजन करने के लिए जल्द ही स्क्रीन पर आ रही है। यह फिल्म 18 अप्रैल 2025 को रिलीज होगी।



### समीर ने दिए कई सुपरहिट फिल्मों में गीत



**मुंबई।** बॉलीवुड के गीतकार समीर आज 66 वर्ष के हो गये। शीतला पांडेय उर्फ समीर का जन्म 24 फरवरी 1958 को बनारस में हुआ। उनके पिता अंजान फिल्म जगत के मशहूर गीतकार थे। बचपन से ही समीर का रूझान अपने पिता के पेशे की ओर था। वह भी फिल्म इंडस्ट्री में गीतकार बनना चाहते थे लेकिन उनके पिता चाहते थे कि वह अलग क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें। समीर ने बनारस हिंदु विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की पढाई पूरी की। इसके बाद परिवार के जोर देने पर उन्होंने अपने कैरियर की शुरूआत बतौर बैंक ऑफिसर शुरू की। बैंक की नौकरी उनके स्वभाव के अनुकूल नहीं थी। कुछ दिनों के बाद उनका मन इस काम से उचट गया और उन्होंने नौकरी छोड़ दी। अस्सी के दशक में गीतकार बनने का सपना लिये समीर ने मुंबई की ओर रूख कर लिया। लगभग तीन वर्ष तक मुंबई में रहने के बाद वह गीतकार बनने के लिये संघर्ष करने लगे। आश्वासन तो सभी देते रहे लेकिन उन्हें काम करने का अवसर कोई नहीं देता था। अथक परिश्रम करने के बाद 1983 में उन्हें बतौर ..बेखबर .. फिल्म के लिये गीत लिखने का मौका मिला। इस बीच समीर को इंसाफ कौन करेगा, जवाब हम देगें, दो कैदी, रखवाला, महासंग्राम, बीबी हो तो ऐसी, बाप नंबरी बेटा दस नंबरी जैसी कई बड़े बजट की फिल्मों में काम करने का अवसर मिला लेकिन इन फिल्मों की असफलता से वह फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में नाकामयाब रहे।

### पूजा भट्ट ने मनवाया था कभी अपने अभिनय का लोहा



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री -फिल्मकार पूजा भट्ट 42 वर्ष की हो गई। 24 फरवरी 1972 को मुंबई में जन्मी पूजा भट्ट ने बतौर अभिनेत्री अपने कॅरियर की शुरूआत अपने पिता महेश भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म डैडी से की। इस पिल्म में पूजा भट्ट के पिता की भूमिका अनुपम खेर ने निभाई थी। अपनी पहली ही फिल्म के जरिए पूजा भट्ट ने दर्शकों के बीच अपने अभिनय का लोहा मनवा लिया। 1991 में प्रदर्शित फिल्म दिल है कि मानता नहीं पूजा भट्ट के कॅरियर की एक और सुपरहिट फिल्म साबित हुई। महेश भट्ट निर्देशित इस फिल्म में पूजा भट्ट के अपोजिट आमिर खान थे। फिल्म की कहानी हॉलीवुड फिल्म ..इट हैपेंड वन नाईट ..पर आधारित थी। फिल्म में पूजा भट्ट और आमिर खान ने अपने चुलबुले अंदाज से दर्शकों का दिल जीतकर फिल्म को सुपरहिट बना दिया। 1991 में पूजा भट्ट की एक और सुपरहिट पिल्म सड़क प्रदर्शित हुई। महेश भट्ट के निर्देशन में बनी इस फिल्म में पूजा भट्ट की जोड़ी संजय दत्त के साथ काफी पसंद की गई।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# ईडी की कार्रवाई से इतनी बेचैन क्यों तमिलनाडु सरकार: कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



- ईडी के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने उठाए सवाल

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच के खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने पर तमिलनाडु सरकार से सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किए है। गौरतलब है कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने अवैध रेत खनन मामले की जांच के सिलसिले में वेल्लोर, तिरुचिरापल्ली, करूर, तंजावुर और अरियालुर के जिला कलेक्टरों को तलब किया था।

राज्य सरकार ने अधिकारियों के साथ मद्रास हाईकोर्ट का रुख किया था, जिसने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जारी समन पर रोक लगा दी थी। इसको लेकर जांच एजेंसी ने आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था। पीठ ने तमिलनाडु सरकार के वकील से पूछा कि राज्य यह रिट याचिका कैसे दायर कर सकता है। किस कानून के तहत। आप हमें बताएं कि राज्य की रुचि कैसे है और वह प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ यह रिट याचिका कैसे दायर कर सकता है।

पीठ ने कहा कि अधिकारियों को ईडी के साथ सहयोग करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से नोटिस जारी तक तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा है। कोर्ट ने 26 फरवरी को सुनवाई के लिए यह याचिका सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है।

## शादी का झांसा देकर बलात्कार के आरोप में अभिनेता गिरफ्तार

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में करीबी रिश्तेदार को शादी का झांसा देकर 13 साल से बलात्कार करने के आरोप में पुलिस ने क्षेत्रीय सिनेमा के अभिनेता को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि छत्तीसगढ़ी फिल्म के अभिनेता मनोज राजपूत को 29 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पीड़िता ने रेलवे पुलिस थाने में शिकायत की है। पीड़िता ने बताया कि, मनोज 2011 से उसका यौन शोषण कर रहा है। पीड़िता ने शिकायत में कहा- मनोज अब शादी से इनकार कर रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पर भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा- आरोपी मनोज को शुक्रवार को गिरफ्तार कर एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया।

# रूस-यूक्रेन जंग के दो साल पूरे 4 लाख रूसी जवानों ने गंवाई जान

*कीव/न्यूयॉर्क। रूस-यूक्रेन युद्ध को दो साल पूरे हो गए। फरवरी 2022 में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से यूक्रेन में सैन्य अभियान शुरू किए जाने के बाद 40 लाख से ज्यादा यूक्रेनी नागरिकों को देश छोड़ना पड़ा और ये लोग अन्य देशों में रिफ्यूजी के रूप में रह रहे हैं। वहीं, 65 लाख से ज्यादा यूक्रेनी देश में ही विस्थापित हो गए हैं। यूक्रेन के 10 हजार आम नागरिकों की मौत हुई है, जबकि 18,500 लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन का दावा है कि रूस के 3.92 लाख सैनिक गंवा चुका है।*

*पुतिन ने फादरलैंड डे के अवसर पर कहा कि रूस के 95% रणनीतिक परमाणु बलों का आधुनिकीकरण किया गया है। रूसी वायुसेना ने हाल ही में 4 नए सुपरसोनिक परमाणु सक्षम बमवर्षकों की डिलीवरी ली है।*




### यूक्रेन ने रूसी कब्जे वाले 54% क्षेत्र पर वापस कब्जा किया



यूक्रेन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए रूस के कब्जे वाले 54% क्षेत्र पर वापस कब्जा हासिल कर लिया है, जबकि 18% हिस्से पर अभी भी रूस का कब्जा है। करीब 4.30 करोड़ की आबादी वाले यूक्रेन के 1.76 करोड़ यूक्रेनी लोगों को राहत सामग्री के भरोसे रह रहे हैं। रूस और यूक्रेन दोनों देश सैनिकों के संकट से जूझ रहे हैं। यूक्रेन सरकार ने सेना में भर्ती होने की उम्र घटाने का प्रस्ताव रखा है। कई लोग इसका विरोध कर रहे हैं।

### परिवार को गंवाने वाले बच्चे यूएन में रखेंगे दर्द

युद्ध की त्रासदी झेलने वाले 2 बच्चे शनिवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को संबोधित करेंगे। कीरा और इल्या मारियुपूल के हैं। कीरा का कहना है कि जब मैं स्कूल बस का इंतजार कर रही थी, तभी धमाका सुनाई दिया। एक माह तक बेसमेंट में छिपती रही। हमले में उसके पिता की मौत हो गई, लेकिन परिवार को शव ऐसे ही छोड़कर भागना पड़ा। इल्या का कहना है कि उसका घर हमले में टूट गया। उसे रूसी सैनिकों ने पकड़ लिया।

### यूक्रेन के 30 हजार से ज्यादा युवा लापता

यूक्रेन में 30 हजार से ज्यादा यूक्रेनी अभी भी लापता है। उनके परिजन को उनकी रिहाई का इंतजार है। इरिना हमेशा फोन पर निगाह रखती है। करीब 19 माह पहले दोनेत्स्क में रूस से लड़ रहे उसके 25 वर्षीय बेटे व्लादिस्लाव से आखिरी बार बात हुई थी। वे कहती हैं कि बेटे की खोज के लिए उन्होंने सभी प्रयास कर लिए लेकिन अभी तक कोई खबर नहीं मिली है। मारियुपूल की एना उसेंको 2022 में युद्ध शुरू होने से पहले बिजनेस टूर के लिए घर से निकली थीं। उनके भाई हर्मन सिकोरस्की का कहना है कि मार्च 2022 के बाद एना से कोई संपर्क नहीं हो पाया है।

## एक नजर

### हरियाणा: पूर्व कुश्ती कोच को हत्या के जुर्म में सुनाई मौत की सजा

**चंडीगढ़।** रोहतक की एक अदालत ने फरवरी 2021 में चार वर्षीय लड़के समेत छह लोगों की हत्या के जुर्म में कुश्ती के पूर्व कोच को मौत की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गगन गीत कौर ने सुखविंदर को विभिन्न धाराओं में दोषी करार देते हुए 1.26 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। पुलिस ने कहा- सोनीपत जिले के बड़ौदा गांव के निवासी सुखविंदर ने 12 फरवरी, 2021 को मनोज मलिक, उनकी पत्नी साक्षी मलिक और बेटे सरताज, कुश्ती कोच सतीश कुमार तथा प्रदीप मलिक और पहलवान पूजा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने तब कहा था सुखविंदर ने गुस्से में आकर यह अपराध किया था। कोर्ट ने दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई।

### मुंबई में अवैध तरीके से रह रहा अफगान नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई।** क्राइम ब्रांच ने वडाला इलाके में अवैध तरीके से रह रहे 38 वर्षीय अफगान नागरिक को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि वह अफगान का नागरिक है और 2007 से ही मुंबई में रह रहा है। अफगान नागरिक की पहचान जहीर अली खान के तौर पर की गई है। पुलिस ने उसके पास से अफगान पासपोर्ट, पैनकार्ड और टीकाकरण प्रमाणपत्र जब्त कर लिया है। गिरफ्तार करने के बाद अफगान नागरिक को अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने 26 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### सीएम शिंदे और बेटे को धमकी देने वाला युवक पुणे से गिरफ्तार



**मुंबई।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा (क्राइम ब्रांच) ने पुणे से शनिवार को एक शख्स को गिरफ्तार किया। उस पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद श्रीकांत शिंदे को धमकी देने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने सोशल मीडिया के जरिए धमकी दी थी और उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 506 (2) और 505 (1) (बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच जारी है।

### कोलंबिया: रोबोट ढूढ़ेगा 18वीं सदी का अरबों का डूबा खजाना

**बोगोटा।** कोलंबिया ने रोबोट की मदद से 316 साल पुराने सैन जोस गैलियन (नौकायन जहाज) के कैरेबियन सागर में डूबने से खोए हुए हीरा-जवाहरात के खजाने को खोजने की घोषणा की है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा-1708 में अंग्रेजों ने डूबा दिया था, उसे वर्ष 2026 से पहले सतह पर लाया जाए। 20 बिलियन डॉलर की कीमत की लूट का माल ले जा रहा स्पेन के गैलियन अगले तीन वर्षों के भीतर कैरेबियन सागर से बरामद किया जाएगा। अरबों रुपये का पन्ना, चांदी और सोने को ले जाने वाला स्पेन का गैलियन 1708 में ब्रिटिश नौसेना के हमले के कारण डूब गया था।

# वैश्विक व्यवस्था में बदलाव से प्रेरित 'क्वाड' में कोई वीटो नहीं कर सकता : जयशंकर

## कहा-बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास की सोच को दर्शाता है क्वाड का गठन

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित रायसीना डायलॉग कार्यक्रम के दौरान बताया कि आज के समय में क्वाड का गठन बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास और शीत युद्ध के बाद की सोच को दर्शाता है। विदेश मंत्री ने कहा कि 'क्वाड क्यों अहम है? इसका सीधा सा जवाब है कि ये पूरी दुनिया के हित में है। क्वाड का गठन वैश्विक व्यवस्था में बदलाव से प्रेरित है, जो समान विचारधारा वाले देशों के बीच ज्यादा से ज्यादा समन्वय को प्रेरित करता है।

चीन की बढ़ती आक्रामकता पर वैश्विक चिंताओं के बीच जयशंकर ने कहा- क्वाड इस बात की अभिव्यक्ति है कि समान विचारधारा वाले देशों की पसंद पर कोई अन्य वीटो का इस्तेमाल नहीं कर सकता और यह संगठन टिके रहने, विकास करने और वैश्विक समृद्धि में योगदान देने के लिए किया गया है। विदेश मंत्री ने बताया कि 'क्वाड के प्रमुख तौर पर पांच संदेश हैं। जिनमें पहला बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास को दर्शाता है। दूसरा यह शीत युद्ध के बाद की सोच, तीसरा किसी देश पर दबाव बनाने की प्रवृत्ति के खिलाफ, चौथा लोकतंत्रीकरण और सहयोग के दृष्टिकोण को दर्शाने वाला और पांचवां आज कोई भी हमारी पसंद पर मनमर्जी से वीटो नहीं कर सकता। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चीन ने कई बार भारत के प्रस्ताव पर वीटो किया है। ऐसे में विदेश मंत्री के बयान को चीन से जोड़कर देखा जा रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि क्वाड हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र की चुनौतियों और इसके मुद्दों पर फोकस है।

### भारत में महिला सशक्तिकरण से आया बदलाव: एंजेला रेनर

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की लेबर पार्टी की नेता और डिप्टी पीएम पद की दावेदार एंजेला रेनर भारत की तरक्की से काफी प्रभावित हैं। शनिवार को वे रायसीना डायलॉग सम्मेलन के सत्र में शामिल हुईं। सत्र से अलग मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारत ने बीते वर्षों में काफी तरक्की की है और भारत की तरक्की में महिला सशक्तिकरण की अहम भूमिका है। एंजेला रेनर ने कहा कि वह चाहती हैं कि ब्रिटेन और भारत के संबंध मजबूत होने चाहिए और दोनों देशों को व्यापार समझौते पर आगे बढ़ना चाहिए। एंजेला रेनर ने कहा कि 'मैं पहली बार भारत साल 2007 में आई थी और तब से अब तक भारत में काफी बदलाव आ गया है और भारत आज दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। ये दिखाता है कि भारत ने कमाल की प्रगति की है।' रेनर ने कहा कि भारत सरकार ने ऐसी नीतियां बनाई हैं, जिनसे महिलाओं की भूमिका को न सिर्फ समाज में बल्कि अर्थव्यवस्था में भी पहचान मिली है।



रेनर ने कहा कि अगर आपको आर्थिक रूप से मजबूत होना है तो महिलाओं को सशक्त करना होगा। लेबर पार्टी की नेता ने कहा कि ऐसे कानून बनाने की जरूरत हैं, जिससे महिलाओं को बढ़ावा मिल सके और कार्यस्थल, समाज और सत्ता के अन्य पदों पर उनकी सुरक्षा भी हो सके। एंजेला रेनर ने कहा कि हम ब्रिटेन में ऐसा ही कर रहे हैं। हमारे यहां ऐसे कानून हैं, जो महिलाओं को सुरक्षा देते हैं, उन्हें सशक्त करते हैं। हम ये सुनिश्चित भी करते हैं कि ये कानून ठीक से लागू भी हो।

## रूस: एक हफ्ते बाद मां को सौंपा विपक्षी नेता नवलनी का शव



**मॉस्को।** रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी का पार्थिव शव उनकी मां को सौंप दिया है। नवलनी के एक सहयोगी ने शनिवार को यह जानकारी दी। एलेक्सी नवलनी की मौत के लगभग एक हफ्ते बाद उनका शव परिवार के सुपुर्द किया गया है।

नवलनी के प्रवक्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म- एक्स पर जारी एक बयान में कहा कि जेल में बंद नवलनी की मौत विवाद में इसलिए भी है क्योंकि जहर देकर उनकी हत्या की गई थी। शनिवार को जारी बयान के मुताबिक आर्कटिक जेल कॉलोनी में 16 फरवरी को उनकी मृत्यु हुई। नवलनी की मौत के एक सप्ताह से अधिक समय बाद नवलनी की प्रवक्ता किरा यर्मिश ने शनिवार को एक्स पर लिखा, पार्थिव देह मां को सौंप दी गई, इस अभियान में साथ देने के लिए समर्थकों का आभार। खबरों के मुताबिक पिछले हफ्ते रूसी अधिकारियों ने नवलनी की मां-ल्यूडमिला नवलन्या को शव सौंपने से इनकार कर दिया था। समर्थकों के विरोध प्रदर्शन के बाद शव सौंपा है।

# देश की सुरक्षा को आउटसोर्स नहीं कर सकते: सेना प्रमुख

नई दिल्ली, एजेंसी



- भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए आत्मनिर्भर बनना आवश्यक

देश की सुरक्षा को हम न तो आउटसोर्स कर सकते हैं और न ही हम अपनी सुरक्षा को किसी के उदारता पर निर्भर कर सकते हैं। भारतीय थलसेना के प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहते हुए जोर दिया कि भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए महत्वपूर्ण सैन्य हार्डवेयर में आत्मनिर्भर बनना आवश्यक है।

सेना प्रमुख शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित फर्स्टपोस्ट रक्षा शिखर सम्मेलन में पहुंचे थे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जनरल पांडे ने कहा कि देश की सुरक्षा के संरक्षक के रूप में हम अपनी विकास आवश्यकताओं के लिए आयात निर्भरता से पूरी तरह दूर रहने की आवश्यकता से अवगत हैं। भविष्य के लिए तैयार रहने के लिए हमारी रणनीतिक योजना में यह पहलू महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी और दुनिया भर में चल रहे युद्धों ने सेना की महत्ता समझाई है। संघर्षों ने महत्वपूर्ण सैन्य घटकों के लिए बाहरी निर्भरता का प्रभाव दिखाया है। सैन्य प्रमुख ने कार्यक्रम में कहा कि हमारी रक्षा जरूरतों को पूरा करने में आत्मनिर्भर होने की जरूरत है।

### यमन में पोत पर ड्रोन से हमला, नौसेना ने की मदद

**नई दिल्ली।** व्यापारिक जहाजों पर अदन की खाड़ी में हमले कोई नई बात नहीं है। बीते कुछ दिन पहले भारतीय नौसेना ने कई अभियानों के तहत व्यापारिक जहाजों को लुटेरो से बचाया है। एक बार फिर अदन की खाड़ी में एक संदिग्ध ड्रोन से व्यापारिक जहाज पर हमला किया गया, इस दौरान भारतीय युद्धपोत ने जहाज की मदद की। भारतीय नौसेना लगातार समुद्री लुटेरो के हमलों विफल कर रही है। भारतीय सैन्य अधिकारियों ने शनिवार को मामले की जानकारी देते हुए कहा कि पलाऊ के झंडे वाले जहाज एमवी आइलैंडर पर गुरुवार को हमला किया गया। इस दौरान जहाज के चालक दल के एक सदस्य को चोटें आईं। उन्होंने कहा कि नौसेना की एक टीम जहाज पर चढ़ गई और वहां मौजूद चालक दल को बचाया। यह ताजा घटना हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में कई जहाजों पर हमलों पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच सामने आई है।



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय पर्यटन स्थल मनाली और डलहौजी में शनिवार को ताजा बर्फबारी हुई। लाहौल-स्पीति में फिर बर्फबारी होने से प्रदेश में ठंड बढ़ी है। कुछ जगह पारा माइनस 7 तक नीचे गिर गया। वहीं, बर्फबारी के बाद मौसम खुलते ही मनाली में सैलानियों की खासी भीड़ उमड़ी है। पर्यटन व्यवसाय पूरी तरह से गति पकड़ चुका है। यहां बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं। ● एजेंसी

## प्रेम विवाह की रंजिश में लड़की पक्ष ने युवक की हत्या की पिता के दोनों हाथ काटे डाले

**भिवानी, एजेंसी।** हरियाणा में भिवानी जिले के बापोड़ा गांव में प्रेम विवाह से नाराज कुछ लोगों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी, जबकि उसके पिता के दोनों हाथ काट दिए। पुलिस ने बताया कि 50 वर्षीय गोपीराम के छोटे बेटे लाला ने एक माह पहले पड़ोस की लड़की से परिवार की मर्जी के खिलाफ प्रेम विवाह किया था। प्रेम विवाह से नाराज लड़की पक्ष के 15-20 लोगों ने शुक्रवार देर रात धारदार हथियार लेकर गोपीराम के घर में घुस गए, गोपीराम और बड़े बेटे सोमबीर पर हमला कर दिया। हमलावरों ने गोपीराम के दोनों हाथ काट दिए। गंभीर हालत में पिता-पुत्र को परिजन अस्पताल ले गए, जहां से दोनों को पीजीआई (रोहतक) रेफर कर दिया गया। बेटे सोमबीर ने रास्ते में दम तोड़ दिया, जबकि पिता गोपीराम का इलाज किया जा रहा है। एसपी वरुण सिंगला ने कहा- पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने के साथ-साथ घायल का बयान दर्ज कर इस संबंध में कार्रवाई करेगी।

# सुनक के खिलाफ बागी तेवर, इस्तीफा देंगे सांसद

- उपचुनाव में हार के बाद पीएम की पार्टी में नेतृत्व बदलने की मांग

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में भारतवंशी पीएम ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। सरकारी नीतियों के विरोध और भ्रष्टाचार के मामलों के कारण कंजर्वेटिव पार्टी उपचुनावों में लगातार हार की परंपरा तोड़ नहीं पा रही है। हार के चलते कंजर्वेटिव पार्टी में नेतृत्व परिवर्तन की मांग शुरू हो गई है।

कंजर्वेटिव पार्टी के 100 सांसदों ने चुनाव से पहले इस्तीफा देने का फैसला किया है। रिपोर्ट के मुताबिक सांसदों को लगता है कि आगामी चुनावों में वे अपनी सीट खो देंगे। साथ ही, इनमें से कई सांसदों ने राजनीति से संन्यास लेने का फैसला लिया है। इसी माह हाउस ऑफ कॉमन्स की जस्टिस कमेटी के प्रमुख सर बॉब नेइल और पूर्व चांसलर क्वासी क्वार्तेंग और डिप्टी प्रमुख निक्की एइकेन ने घोषणा की है कि वे संसद छोड़ रहे हैं और इस साल होने वाले चुनाव नहीं लड़ेंगे। ब्रिटेन में 2019 के आम चुनावों में तत्कालीन पीएम जॉनसन ने पार्टी को पर्याप्त बहुमत दिलाया था, लेकिन उसके बाद एक ही कार्यकाल में 10 से ज्यादा उपचुनाव पार्टी हार चुकी है। हाल में, दो सीटों वेलिंगबर्ग और किंग्सवुड में हार से कंजर्वेटिव सांसद चिंता में पड़ गए हैं। कंजर्वेटिव सांसद पीटर बोन को हटाने के बाद चुनाव हुए थे। यहां लेबर पार्टी के सांसद जेन किचेन को 45.8% वोट मिले, जो पिछली बार से 28.5% ज्यादा थे।

### ब्रिटेन के हर क्षेत्र में हावी हो रहे मुस्लिम परस्त अतिवादी

**लंदन।** ब्रिटेन की पूर्व गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने दावा किया है कि देश के हर क्षेत्र में मुस्लिमपरस्त अतिवादी हावी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन की पहचान ऐसे देश के रूप में रही है, जहां विभिन्न धर्मों और नस्लों के लोग मिलजुल कर रहते रहे हैं, लेकिन ब्रिटेन अब अपनी पहचान खो रहा है। ब्रेवरमैन ने शुक्रवार को 'द डेली टेलीग्राफ' में लिखे लेख में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने अपने लेख में ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक पर भी इस्लामवादियों के तुष्टीकरण को लेकर हमला बोला। ब्रेवरमैन ने लिखा, "सच्चाई यह है कि इस्लामवादी, अतिवादी और यहूदी-विरोधी अब हावी हो रहे हैं। हम अपनी न्यायपालिका, अपने विश्वविद्यालयों में भी उनका प्रभाव देखते हैं।



## इमरान की पार्टी के नए अध्यक्ष होंगे अली जफर, गौहर को हटाया

**इस्लामाबाद।** बैरिस्टर गौहर अली खान को खराब प्रदर्शन के कारण इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। अगले अध्यक्ष पद के उम्मीदवार बैरिस्टर अली जफर हैं और पार्टी के आंतरिक चुनाव तीन मार्च को होंगे।

पीपीपी, पीएमएल-एन और अन्य सहयोगी दलों के नवनिर्वाचित सदस्यों ने शनिवार को विपक्षी दलों के बहिष्कार के बीच सिंध प्रांतीय विधानसभा में शपथ ग्रहण किया। नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष आगा सिराज दुर्रानी ने समारोह का आयोजन किया था। इसमें इमरान खान की पार्टी और अन्य विपक्षी दलों द्वारा समर्थित विधायक अनुपस्थित थे।

## मणिपुर के डीएम विवि में विस्फोट, 1 की मौत, एक घायल

**इंफाल।** इंफाल में डीएम विश्वविद्यालय परिसर के पास शुक्रवार देर रात हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना की जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी।

पुलिस ने कहा कि इंफाल पश्चिम जिले में डीएम यूनिवर्सिटी परिसर के पास एक शक्तिशाली बम, जिसके इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) होने का संदेह है, विस्फोट हो गया, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनमें से एक की बाद में चोटों के कारण मृत्यु हो गई। यह विस्फोट मणिपुर के प्रमुख छात्र संगठन ऑल मणिपुर स्टूडेंट्स यूनियन के कार्यालय के पास हुआ। पुलिस ने अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की है कि विस्फोट के लिए कौन सा संगठन या कौन जिम्मेदार है, जिसका प्रभाव शहर के कुछ हिस्सों से सुना या था।

**विज्ञान** ताजा रिपोर्ट के अनुसार, बेशुमार धूल कणों से भरे क्षेत्र से धुंधला नजर आता है सूर्य

# हमारी कल्पना से बहुत बड़ा है कुइपर बेल्ट

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** अनगिनत पिंडों से भरे हमारे सौर मंडल का कुइपर बेल्ट हमारी सोच से कहीं बड़ा है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार यह बेशुमार धूल कणों से भरा हुआ है। इस क्षेत्र से सूरज धुंधला नजर आता है। नासा का न्यू होराइजन्स मिशन इन दिनों सौर मंडल के इस हिस्से की खाक छान रहा है।

नासा के अनुसार न्यू होराइजन्स मिशन ने 2015 में प्लूटो के सामने से गुजरा था। अब कुइपर बेल्ट की गहराई से गुजर रहा है। यह अंतरिक्ष यान बेशुमार ब्रह्मांडीय धूल भरी आंधी का सामना कर रहा है। अंतरिक्ष धूल से भरा यह हिस्सा माइक्रोन के एक मीटर के लाखवें हिस्से से भी छोटे कणों से भरा हुआ है। यह सौर मंडल में अधिकांश



धूल से भरा कुइपर बेल्ट की तस्वीर।

धूल ग्रहों के निर्माण से बचा हुआ अवशेष है। अब इसमें क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं की सतहों से सूक्ष्म उल्कापिंड के प्रभाव से निकली ताजा धूल भी शामिल हो गई है।

कोलोराडो विश्वविद्यालय बोल्डर के खगोलशास्त्री एलेक्स डोनर ने अपने बयान में कहा है कि न्यू होराइजन्स नेप्च्यून और प्लूटो से परे अंतरग्रहीय धूल का पहला प्रत्यक्ष माप कर रहा है, इसलिए हर अवलोकन से एक खोज हो सकती है। जनवरी में कुइपर बेल्ट के बाहरी किनारे और सूर्य के बीच की दूरी 149.5 मिलियन किलोमीटर थी। वह निरंतर आगे बढ़ रहा है। जिसके चलते माना जा रहा है कि यह क्षेत्र बहुत बड़े हिस्से में फैला हो सकता है। न्यू होराइजन्स इन दिनों बाहरी सौर मंडल से होकर गुजर रहा है। डोनर के अनुसार हमने एक विस्तारित कुइपर बेल्ट का पता लगाया है। जिसमें छोटे पिंडों का बड़ा समूह टकराता रहता है। जिस कारण भारी मात्रा में धूल पैदा होती है। बड़ी बात यह है कि सौर मंडल के सबसे दूर के क्षेत्रों के रहस्यों को सुलझाने में यह खोज कई सुराग प्रदान करती है।

कुइपर बेल्ट का नाम खगोलविद जेरार्ड कुइपर और केनेथ एडगेवर्थ के नाम पर रखा गया है। उन्होंने स्वतंत्र रूप से इस क्षेत्र के अस्तित्व का प्रस्ताव इसकी खोज से भी पहले रखा था। यह हमसे बहुत दूर है और बर्फीला क्षेत्र है।

### साल 2040 तक काम करेगा मिशन न्यू होराइजंस

न्यू होराइजन्स बहुत दूर अंतरिक्ष के खगोलीय पिंडों की खोज के लिए महत्वाकांक्षी योजना है। यह मिशन 2040 के दशक तक काम करेगा। इस अंतरिक्ष यान में अभी पर्याप्त ईंधन है। वैज्ञानिकों के अनुसार न्यू होराइजंस बाहरी सौर मंडल के मानचित्र को बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

## मेटा वॉट्सएप पर डीपफेक हेल्पलाइन शुरू करेगा

**नई दिल्ली।** भारत में एआई जनरेटेड डीपफेक वीडियों का शिकार आम-खास सभी लोग हो रहे हैं। अब इसे काबू में करने के लिए वॉट्स एप फैक्ट चेक हेल्पलाइन शुरू करेगा। टेक दिग्गज कंपनी मेटा और मिसइन्फॉर्मेशन कॉम्बैट एलायंस (एमसीए) ने एआई से उत्पन्न डीपफेक के खतरे से निपटने के लिए साझेदारी कर इस की घोषणा की है।

मेटा ने कहा कि वॉट्स एप चैटबॉट पर डीपफेक कंटेंट को मार्क करने में मददगार होगा। यह अंग्रेजी के साथ तीन क्षेत्रीय भाषाओं हिंदी, तमिल और तेलुगु में उपलब्ध होगा। इसकी शुरुआत अगले महीने मार्च से की जाएगी। यूजर्स चैटबॉट के जरिए टेक्स्ट मैसेज, इमेज और वीडियो भेजकर रिपोर्ट कर सकेंगे। एमसीए के चेयरमैन भरत गुप्ता ने कहा कि गलत सूचना रोकने के लिए यह जरूरी है।

# समुद्र के नीचे देश की पहली ट्यूब रेल टनल का काम शुरू



मुंबई, एजेंसी

देश में पहली बार कोई ट्रेन समुद्र के नीचे सुरंग से होकर गुजरेगी। मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड कॉरिडोर पर बुलेट ट्रेन के लिए महाराष्ट्र में बांद्रा- कुर्ला कॉम्प्लेक्स और शिलफाटा के बीच सुरंग का निर्माण शुरू हो गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने खुदाई का शुभारंभ किया। वैष्णव ने कहा, प्रोजेक्ट में तेजी लाने के लिए खुदाई एक साथ चार स्थानों से शुरू की गई है। टनल में तीन तल होंगे। निचले तल से ट्रेन चलेगी। उन्होंने कहा, कॉरिडोर के सूरत-बलिमोरा सेक्शन पर अगस्त 2026 तक बुलेट ट्रेन दौड़ने लगेगी।

### ट्यूब में बिछेगी पटरी

समुद्र में 5 किमी की खुदाई न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड (एनएटीएम) तकनीक से होगी। अस्थाई दीवार से सुरंग बनने के बाद ट्यूब डाला जाएगा। फिर इसमें पटरी बिछेगी। ट्यूब को पानी के अंदर नीचे से जुड़े प्लेटफॉर्म पर फिक्स करेंगे। अस्थाई दीवार हटा ली जाएगी। फिर ट्यूब से ट्रेन गुजरेगी। 320 किमी/घंटा स्पीड टनल के अंदर ट्रेन की स्पीड 300 से 320 किमी प्रति घंटा होगी। 21 किलोमीटर की टनल में 7 किमी हिस्सा समुद्र के नीचे होगा।